हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रायपुर, शुक्रवार 21 अगस्त 2026

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹118968/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹145300/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹158608/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
anand Jewels
Pandri, Raipur

देशभर में पेपर लीक की घटनाओं के बीच इंदिरा गांधी कृषि विवि में भी प्रश्नपत्र लीक होने का बड़ा मामला सामने आया है। बीएससी कृषि द्वितीय वर्ष के कीट विज्ञान का पर्चा एक रात पहले ही व्हॉट्सऐप ग्रुप में वायरल हो गया। यह परीक्षा 20 अगस्त को आयोजित की गई। परीक्षा प्रारंभ होने के कुछ मिनट बाद ही विवि प्रबंधन को इसके लीक होने की सूचना प्राप्त हुई। परीक्षा आयोजित होने के बाद इसे निरस्त कर दिया गया है। निरस्त की गई परीक्षा सितंबर के प्रथम सप्ताह में आयोजित की जाएगी। इसकी तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी।

विवि को सुबह मिला मेल इसमें लिखा था-प्रश्नपत्र लीक हो गया है

कृषि विश्वविद्यालय में कीट विज्ञान का पर्चा लीक, दो घंटे पहले व्हॉट्सऐप पर वायरल, चैट में लिखा-100% गारंटी, पर्चा रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

लीक हुआ प्रश्नपत्र व्हॉट्सऐप ग्रुप में पेपर शुरू होने के दो घंटे पहले ही शेयर किया जा रहा था। चैट में प्रश्नपत्र की पीडीएफ फाइल अटैच थी। साथ ही नीचे 100 प्रतिशत गारंटी की बात लिखी हुई थी। प्रश्नपत्र सुबह 9.30 बजे प्रारंभ हुआ। इस बीच लगभग 8.30 बजे एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा विवि प्रबंधन को मेल किया गया कि आपका प्रश्न पत्र लीक हो चुका है। डीन ऑफिस खुलने के पश्चात जब मेल बॉक्स खोला गया, तब करीब 9 बजकर 45 मिनट पर इसकी जानकारी हुई। तब तक प्रश्नपत्र वितरित हो चुके थे। ऐसे में परीक्षा जारी रखने का निर्णय लिया गया। जनसंपर्क ⏭ शेष पेज 7 पर

विवि प्रशासन ने बैठाई जांच, बीएससी कृषि द्वितीय वर्ष का मामला



प्रश्न लगभग समान

विवि को भेजे गए ईमेल में प्रश्नपत्र अटैच नहीं था। कुछ देर पश्चात व्हॉट्सऐप चैट भी विवि प्रबंधन तक पहुंचा। व्हॉट्सऐप में शेयर किए गए प्रश्नपत्र और छात्रों को परीक्षा हॉल में बांटे गए प्रश्नपत्र के अधिकतर सवाल एक समान ही हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए विवि प्रबंधन ने परीक्षा निरस्त कर पांच सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी है। प्रबंधन द्वारा साइबर सेल सहित तेलीबांधा थाने में देर रात एफआईआर दर्ज करवाई गई।

सीएम ने कहा-सख्त कार्रवाई

राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने के बाद से ही परीक्षाओं में गोपनीयता और विश्वसनीयता की बात शासन-प्रशासन द्वारा की जाती रही है। ऐसे में विवि स्तर की परीक्षाओं में लीक हुए प्रश्नपत्र ने एक बार फिर छात्रों को परेशान कर दिया है। पूरे मामने में छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बयान भी आया है। उन्होंने कहा है कि यह घटना हमारे संज्ञान में है और परीक्षा रद्द की गई है। पांच सदस्यीय जांच समिति का भी गठन किया गया है। रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

खबर संक्षेप

गांधी की पांडुलिपि रिकॉर्ड 16.2 करोड़ में बिकी

नई दिल्ली। महात्मा गांधी के अपने करीबी सहयोगी और



स्वतंत्रता सेनानी आनंद टी. हिंगोरानी को लिखे गए 688 ऑटोग्राफ वाले विचारों (जिनमें सत्य, अहिंसा और सेवा जैसे विषय शामिल थे) के संग्रह को सैफ्रनआर्ट की नीलामी में 16.20 करोड़ रुपए में बेचा गया।

होटल का पट्टाधारक गिरफ्तार, दो हिरासत में

कोलकाता। मध्य कोलकाता में स्थित एक होटल में, एक दिन पहले आग लगने की घटना में नौ लोगों की मौत के बाद होटल के पट्टाधारक को गिरफ्तार कर लिया गया है। दो अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया है। 'शिखा इन' के पट्टाधारक अबू जफर को बुधवार रात हिरासत में लिया गया और बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। 'मिर्जा गालिब स्ट्रीट' पर स्थित पांच मंजिला इमारत में आग लगने से चार साल के बच्चे समेत नौ लोगों की मौत हो गई थी जबकि छह लोग घायल हुए थे।

कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार का निधन

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार का सफदरजंग



अस्पताल में निधन हो गया। सज्जन कुमार वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे थे। 84 वर्षीय कुमार को पुलिस पूर्वाह्न करीब 11 बजे जब अस्पताल लेकर पहुंची तो वह पूरी तरह होश में नहीं थे। वे उच्च रक्तचाप और पार्किंसन रोग से पीड़ित थे तथा अतीत में कई बार अस्पताल में भर्ती हो चुके थे।

असम में 17 बांग्लादेशी घुसपैठियों को रोका

गुवाहाटी। असम पुलिस ने बृहस्पतिवार को 17 कथित बांग्लादेशी घुसपैठियों को राज्य में प्रवेश करने से रोक दिया। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि घुसपैठियों से निपटने का एक ही तरीका है कि उन्हें वापस भेज दिया जाए। कागज नहीं, तो प्रवेश नहीं! असम पुलिस की सतर्कता और सक्रियता की वजह से 17 घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें प्रवेश करने से रोक दिया गया।

कुएं में गिरी कार, चार लोगों की मौत

हैदराबाद। तेलंगाना के सिद्दिपेट जिले में बुधवार देर शाम एक कार



सड़क किनारे स्थित कुएं में गिर गई। हादसे में कार सवार दंपति और उनके दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। हादसा अप्पनापल्ली के बाहरी इलाके में हुआ। बताया गया है कि चालक के कार से नियंत्रण खो देने के बाद वाहन करीब 22 फुट गहरे कुएं में जा गिरा।

मुंह में घुल रही कड़वाहट, उत्पादन कम, एथेनाल में इस्तेमाल से बिगड़ रहा मांग और आपूर्ति का गणित

छग में रोज चाहिए 600 टन शक्कर, सप्लाई 400 टन, कीमत पहुंची 65 से 70 रुपए

शक्कर में लगातार महंगाई की कड़वाहट घुलते जा रही है। दाम लगातार आसमान पर जा रहे हैं। अब तो दाम थोक में 63 रुपए हो गए हैं। चिल्हर में इसके दाम 65 से 70 रुपए पहुंच गए हैं। छत्तीसगढ़ में रोज 600 टन शक्कर की जरूरत पड़ती है, लेकिन इस समय महाराष्ट्र और कर्नाटक से बमुश्किल 400 टन शक्कर की आवक हो पा रही है। कम सप्लाई के कारण ही दाम भी बढ़ रहे हैं।

राजकुमार ग्वालानी ⏭ रायपुर

शक्कर की कमी का सबसे बड़ा कारण गन्ने से एथेनाल का बनना है। इस बार गन्ने की फसल भी कम आने की संभावना है। ऐसे में शक्कर का बड़ा संकट होने वाला है। केंद्र सरकार दूसरे देशों से भी शक्कर मंगाने पर विचार कर रही है। इसके लिए आयात शुल्क भी समाप्त करने की तैयारी है। देश में इस समय शक्कर का बड़ा संकट हो गया है। कारोबारियों को जितनी शक्कर की जरूरत है, उतनी मिल भी नहीं रही है। सप्लाई प्रभावित होने से दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी इसका प्रभाव दिख रहा है। प्रदेश के सबसे बड़े थोक बाजार डूमरतराई के कारोबारियों के मुताबिक अब जो नया आर्डर आ रहा है, वह 61 से 62 रुपए के दाम पर आ रहा है। ऐसे में थोक कारोबारी यहां पर शक्कर को 63 रुपए ⏭ शेष पेज 7 पर

खास खबर

35 फीसदी सप्लाई प्रभावित

छत्तीसगढ़ में रोज 600 टन शक्कर से ज्यादा आती है। लेकिन इस समय संकट के कारण रोज 400 टन से भी कम शक्कर आ रही है। सबसे ज्यादा करीब दो सौ टन शक्कर रायपुर में आती है। इसमें से सबसे ज्यादा करीब 100 टन शक्कर जो करीब चार ट्रक होती है, वह डूमरतराई में आती है। लेकिन इस समय डूमरतराई में कभी दो ट्रक तो कभी तीन ट्रक ही शक्कर आ रही है। इसी के साथ दो से तीन ट्रक शक्कर गुढ़ियारी और भनपुरी में भी आती है, लेकिन यहां पर कभी एक ट्रक तो कभी दो ट्रक ही माल आ रहा है। इसी तरह से भिलाई-दुर्ग में रोज एक ट्रक, नांदगांव में एक ट्रक, बिलासपुर ⏭ शेष पेज 7 पर



35 फीसदी सप्लाई कम

डूमरतराई सहित प्रदेश के बाजार में शक्कर की जितनी रोज की जरूरत है, उसके हिसाब से सप्लाई 35 फीसदी तक कम हो गई है। दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में शक्कर की कमी हो रही है। -**प्रेम पाहूजा, अध्यक्ष, डूमरतराई थोक बाजार**

10 लाख टन शुल्क मुक्त आयात की मंजूरी

नई दिल्ली। सरकार ने घरेलू बाजार में चीनी की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने और उपलब्धता बढ़ाने के लिए 31 अक्टूबर तक शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) के तहत 10 लाख टन कच्ची चीनी के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दी है। इसके साथ ही कीमतों पर नियंत्रण के लिए सरकार ने उन थोक उपभोक्ताओं पर भी भंडारण सीमा लागू कर दी है, जो हर महीने 10 टन से अधिक चीनी का उपयोग करते हैं।

15 दिन की समय सीमा

खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि महीने में 10 टन से अधिक चीनी इस्तेमाल करने वाले थोक उपभोक्ता 15 दिन की खपत से अधिक चीनी का भंडार नहीं रख सकेंगे। खाद्य मंत्रालय ने चीनी (थोक उपभोक्ताओं की भंडारण सीमा) आदेश, 2026 अधिसूचित किया है, जिसके दायरे में मिठाई बनाने वाले, शीतल पेय बनाने वाले, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां, मिठाई विक्रेता और अन्य संस्थागत खरीदार आएंगे। यह आदेश एक सितंबर से प्रभावी होगा और 30 नवंबर तक लागू रहेगा।

तीन-भाषा नीति पर तीखे सवाल

शिक्षक कहां से आएंगे बोर्ड से मांगा जवाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्कूली शिक्षा में भाषाओं को लेकर चल रही बहस अब सुप्रीम कोर्ट की चौखट तक पहुंच गई है। गुरुवार को अदालत ने इस मसले पर कई अहम सवाल खड़े कर दिए। अदालत ने यह अहम सवाल भी उठाया कि क्या सीबीएसई से जुड़े स्कूलों के पास प्रस्तावित 23 भाषाओं को पढ़ाने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित शिक्षक और पढ़ाई की सामग्री मौजूद है। पीठ ने साफ कहा कि सिर्फ कागज पर छात्रों को भाषाओं के विकल्पों की सूची थमा देना काफी नहीं है। कोर्ट ने सरकार, एनसीईआरटी और सीबीएसई से कहा, तरीके पर दोबारा गौर करें।

अंग्रेजी को गैर-मातृभाषा बताने पर जताई आपत्ति

सुनवाई के दौरान जस्टिस ज्योयमाल्य बागची ने प्रस्तावित ढांचे के तहत अंग्रेजी को गैर-मातृभाषा के रूप में वर्गीकृत किए जाने पर सवाल उठाया। उन्होंने नेटिव शब्द के इस्तेमाल पर निजी तौर पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इसमें औपनिवेशिक यानी कॉलोनियल छाप झलकती है। जस्टिस बागची ने पूछा कि जब अंग्रेजी भारत में गहरी ऐतिहासिक और सामाजिक जड़ें रखती है और कई राज्यों में आधिकारिक भाषा का दर्जा भी हासिल कर चुकी है।

छठी कक्षा के छात्रों को राहत की उम्मीद

कोर्ट ने सीबीएसई से यह भी पूछा कि क्या छठी कक्षा में पहले से पढ़ रहे छात्रों को नई भाषा व्यवस्था से छूट दी जा सकती है। जस्टिस बागची ने कहा कि जिन छात्रों ने पहले ही अपनी भाषाएं चुन ली हैं, उन्हें नए सिस्टम के दायरे में तुरंत लाने के बजाय राहत दी जा सकती है, ताकि तीन-भाषा वाली नई व्यवस्था अगले बैच से लागू हो और उन्हें अपनी भाषाएं चुनने के लिए पर्याप्त समय व जानकारी मिल सके।

कांग्रेस के पूर्व खजांची रामगोपाल और उनके करीबियों पर ईडी के छापे



रायपुर, दुर्ग और धमतरी में जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर/दुर्ग/धमतरी

छत्तीसगढ़ शराब,कोल घोटाले से जुड़े वित्तीय लेनदेन के मामले में गुरुवार को सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने रायपुर, दुर्ग और धमतरी में दबिश दी। सुबह-सुबह कांग्रेस नेता रामगोपाल अग्रवाल के धमतरी स्थित निवास पर धावा बोला गया। कार्रवाई की खबर फैलते ही शहर के राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई। कांग्रेसियों ने रामगोपाल अग्रवाल के घर के सामने इकट्ठे होकर कार्रवाई का विरोध किया। वहीं दुर्ग में भी इस मामले से जुड़े दो कारोबारियों के खिलाफ ईडी ने कार्रवाई की है। ईडी की टीम रायपुर में रवि नगर स्थित अनूप अग्रवाल के निवास पर छापे की कार्रवाई करने पहुंची। अनूप अग्रवाल, राम गोपाल के करीबी माने जाते हैं। धमतरी में ईडी की टीम ने घर में दस्तावेजों और वित्तीय लेनदेन से जुड़े ⏭ शेष पेज 7 पर

दुर्ग में सजल और विश्वास से जुड़े परिसरों में जांच

दुर्ग में ईडी की 7 अधिकारियों की टीम सुबह लगभग 6 बजे बिल्डर सजल जैन और विश्वास गुप्ता से जुड़े परिसरों में पहुंची। दोनों ठिकानों पर जांच रात तक जारी रही। इससे पहले भी एसीबी दोनों के ठिकानों पर कार्रवाई कर चुकी है। ईडी की टीम दुर्ग के गांधी चौक स्थित जय आनंद परिसर, जैन गली और डॉ. ताम्रकार के समीप सजल जैन से जुड़े परिसरों में पहुंची। इसके अलावा शनिचरी बाजार स्थित श्रीराम हार्डवेयर में भी विश्वास गुप्ता से जुड़े ठिकाने पर जांच किए जाने की जानकारी सामने आई है। टीम द्वारा अलग-अलग कार्यालयों और आवासीय परिसरों में दस्तावेज, कारोबारी लेन-देन और वित्तीय रिकॉर्ड की जांच किए जाने की बात सामने आ रही है।

कांग्रेस का विरोध

ईडी की कार्रवाई की सूचना मिलते ही कांग्रेस विधायक ओंकार साहू सहित पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता रामगोपाल अग्रवाल के औद्योगिक वार्ड स्थित निवास पहुंचे। कांग्रेसियों ने घर के सामने धरना-प्रदर्शन करते हुए केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। नेताओं ने ईडी की कार्रवाई को राजनीतिक दबाव बनाने का प्रयास बताते हुए इसका विरोध किया। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से कांग्रेस डरने वाली नहीं है। प्रदेश प्रवक्ता शैलेष नितिन त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर और पूर्व विधायक लेखराम साहू ने भी कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन में शरद लोहाना सहित अन्य कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वंदे मातरम पर बोले साय

कांग्रेस और मुस्लिम लीग दोनों में अंतर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कांग्रेस वर्किंग कमेटी में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की सिर्फ दो लाइनों के पठन संबंधी फैसले पर सियासी हमले भी हो



रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी कांग्रेस के इस फैसले पर तल्ख टिप्पणी की है। श्री साय दो दिवसीय दिल्ली प्रवास हैं। वे गुरुवार शाम को इंडिगो की फ्लाइट से दिल्ली रवाना हुए। देर शाम दिल्ली पहुंचे। वहां छत्तीसगढ़ सदन में वे रुके हुए हैं। शुक्रवार को दिल्ली में वर्ल्ड लीडर फोरम का कार्यक्रम में शामिल होंगे। दिल्ली रवाना होने से पूर्व संवाददाताओं से चर्चा में कांग्रेस के वंदेमातरम के दो पद गाने का निर्णय के मामले में बयान दिया कि तुष्टीकरण की जो नीति कांग्रेस की रही है, उसके कारण देश का विभाजन हुआ है। ⏭ शेष पेज 7 पर

आबकारी के 3 सब इंस्पेक्टर पर एक्शन, एक सस्पेंड, दो को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग ने तीन उपनिरीक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की है। इनमें मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के उपनिरीक्षक संतोष कुमार नारंग के विरुद्ध एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में मामला दर्ज होने के कारण उन्हें निलंबित कर दिया है, वहीं अन्य दो उप निरीक्षकों को उनके प्रभार क्षेत्रों की शराब दुकानों में ओवर रेट पर शराब बेचने के मामले में शो-काज नोटिस जारी किया है। इस नोटिस के जरिए सात दिनों के भीतर दोनों को जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। आबकारी आयुक्त ने इस संबंध में गुरुवार ⏭ शेष पेज 7 पर

दो मामले शराब ओवर रेटिंग के, मांगा गया जवाब



ओवर रेट पर शराब बिक्री मामले में दो उपनिरीक्षकों को नोटिस

इसी प्रकार आबकारी आयुक्त ने उप निरीक्षक आशा राम शाक्य बालोद और पी. माधव राव बलौदाबाजार को शो काज नोटिस जारी किया है। इनमें आशा राम तत्कालीन डीईओ कार्यालय बालोद पहले से ही निलंबित है। बताया गया कि ग्राम अरकार जिला बालोद में शराब जब्त किए जाने के बाद जब्त पेटियों से प्राप्त शीशियों में लगे होलोग्राम की संख्या जांच करने पर शराब का विक्रय निर्धारित विक्रय सीमा से अधिक मात्रा में पाया गया था। इस तरह थोक में विक्रय होना पाया गया। आयुक्त ने इस कारण से आशा राम को शो-काज नोटिस जारी कर 7 दिनों के भीतर जवाब मांगा है। इसी ⏭ शेष पेज 7 पर

एलकेजी के बच्चे की हार्ट अटैक से क्लास में मौत

टीचर की डांट और फिर चांटा, चली गई मासूम की जान

एजेंसी ⏭ विशाखापट्टनम

जिस उम्र में एक मासूम बच्चे के हाथों में किताबें और चेहरे पर स्कूल जाने की खुशी होनी चाहिए, उसी उम्र में एक दर्दनाक घटना ने परिवार की दुनिया उजाड़ दी। एलकेजी में पढ़ने वाला महज 6 साल का बच्चा होमवर्क पूरा न करने पर शिक्षक की डांट और थप्पड़ के बाद अचानक बेहोश होकर उसी पर गिर पड़ा। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि बच्चे की मौत हार्ट अटैक से हुई है। सीसीटीवी में कैद यह घटना अब कई सवाल खड़े कर रही है, जबकि बच्चे के ⏭ शेष पेज 7 पर

हरिभूमि सरोकार



सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद परिजनों का हंगामा

घटना की जानकारी मिलने के बाद बच्चे के माता-पिता और रिश्तेदार स्कूल पहुंचे। सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद परिजनों ने स्कूल प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई और स्कूल के बाहर प्रदर्शन किया। परिजनों का आरोप है कि बच्चे के साथ की गई मारपीट से उसकी तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। हालांकि, शुरुआती जानकारी में बच्चे की मौत को संदिग्ध हार्ट अटैक से जोड़ा जा रहा है।

बच्चे के पिता ने बताई दास्तां

कृष्ण प्रसाद, मृतक प्रणय तेज के पिता (रोते हुए): सुबह... सुबह बेटा उठा था। सुबह उठने के बाद उसने कहा कि उसे स्कूल जाना है। उसने एक बार पूछा, दूसरी बार नहीं पूछा। मैंने सोचा, चलो छोड़ो, हमने त्योहार मनाया ही है, परीक्षाओं के लिए अभी समय है, चले जाओ बेटा। तो उसने कहा, ठीक है, मैं जा रहा हूं। फिर जब वह गया, तो सब कुछ ठीक लग रहा था। 12 बजे मुझे फोन आया। स्कूल में से किसी ने भी मुझे फोन नहीं किया। वह जो पास में हमारे रिश्तेदार का बाड़ा है, वहां जो रसोइए काम करते हैं, उन्होंने मुझे फोन करके बताया कि क्या हुआ है। जब तक मैं उसे यहां लाया, तब तक केजी अस्पताल में उन्होंने कहा कि उसकी मौत हो चुकी है।

मलेरिया से पांच साल की बच्ची की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

ग्राम कन्नईगुड़ा, बंडा पंचायत निवासी और डीएवी स्कूल की कक्षा पांचवीं की छात्रा कृष्णवेणी बारसे की इलाज के दौरान मौत ने कोंटा क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों के मुताबिक बच्ची पिछले 15 अगस्त से अस्वस्थ थी और इसी वजह से स्कूल भी नहीं जा रही थी। सोमवार को उसकी तबीयत बिगड़ने पर माता-पिता उसे उपचार के लिए कोंटा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसे भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। परिजनों के अनुसार बच्ची मलेरिया से पीड़ित थी।

- समय पर बेहतर उपचार नहीं मिलने का ग्रामीणों का आरोप

मामले की जानकारी मिलने के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों एवं ग्रामीणों से चर्चा की। घटना के बाद पीड़ित परिवार के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण और कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी कोंटा अस्पताल पहुंचे। जिला पंचायत सदस्य सोयम भीमा सहित कांग्रेस नेताओं ने परिजनों और ग्रामीणों से पूरी घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि यदि बच्ची को समय रहते आवश्यक उपचार और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती तो संभवतः उसकी जान बचाई जा सकती थी। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि उपचार से लेकर रेफर किए जाने तक की पूरी प्रक्रिया की जांच होनी चाहिए।

महिला से छेड़छाड़, संचालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बीमारी के इलाज कराने दवाखाना पहुंची महिला के साथ दवाखाना संचालक ने छेड़छाड़ की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दवाखाना संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र की एक महिला झलमला स्थित दवाखाना में साइटिका का इलाज कराने के लिए दवाखाना पहुंची थी। महिला का आरोप है कि उक्त दवाखाना संचालक ने इलाज करने के बहाने दवाखाना का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया।जांच के दौरान महिला से छेड़छाड़ करने लगा। महिला के विरोध करने और मदद के लिए खिड़की का कांच पीटने के बाद परिजनों की आवाज सुनकर आरोपी ने दरवाजा खोला। घटना के बाद महिला ने डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी। शिकायत के आधार पर बालोद पुलिस ने आरोपी दवाखाना संचालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 एवं 75(2) के तहत कार्यवाही की है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा ने बताया, और भी जांच की जा रही है।



छात्रावास अधीक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड अंतागढ़ के मरदापोटी स्थित बालक आश्रम में अव्यवस्था और बच्चों की देखभाल में गंभीर लापरवाही सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने कड़ा कदम उठाया है। संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बस्तर, जगदलपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार आश्रम के प्रभारी छात्रावास अधीक्षक यशवंत गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई जिला शिक्षा अधिकारी के जांच एवं प्रतिवेदन के आधार पर की गई है।जारी आदेश में बताया गया है कि मरदापोटी बालक आश्रम की जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। आश्रम में साफ-सफाई एवं स्वच्छता का अभाव पाया गया। बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं थी। इसके अलावा कई बच्चों के मलेरिया एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित होने के बावजूद उनकी समुचित देखभाल नहीं किए जाने की बात सामने आई। सबसे गंभीर मामला मलेरिया से पीड़ित छात्र सुभाष कुमेटी का है। आदेश में उल्लेख है कि आश्रम में निवासरत कक्षा चौथी के छात्र सुभाष कुमेटी की उचित देखभाल नहीं होने के कारण 26 जुलाई को मौत हो गई।

- मरदापोटी आश्रम में सफाई और भोजन की गुणवत्ता में कमी

गड्ढे में फंसी संगठन महामंत्री की गाड़ी, सड़क मरम्मत शुरू

अंबिकापुर/सीतापुर। राष्ट्रीय राजमार्ग 43 की खस्ताहाल सड़क मरम्मत का कार्य आखिरकार शुरू हो गया है। बुधवार को एनएच के अधिकारियों ने सड़क पर बने बड़े बड़े और जानलेवा गड्ढों को गिट्टी और स्टोन डस्ट डालकर भरवाने का काम शुरू कराया है लेकिन यह मरम्मत का कार्य भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय की नाराजगी के बाद शुरू हुआ। सरगुजा प्रवास पर पहुंचे संगठन महामंत्री श्री साय की कार सीतापुर में बने गड्ढे में दो घंटे तक फंसने के बाद उन्होंने प्रदेश के वित्त मंत्री, संस्कृति मंत्री को फ़ोन लगाया। उन्होंने एनएच के सीई को भी फोन लगाकर नाराजगी जाहिर की। उसके बाद दूसरे दिन सुबह से ही आनन फानन में मरम्मत का कार्य शुरू हुआ है। अब हजारों लोगों को थोड़ा राहत मिलेगी।

बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर शहर के भारत माता चौक से लेकर दरिमा मोड़ तक सड़क की हालत बेहद जर्जर है। खरसिया रोड पर महामाया पहाड़ से बारिश का पानी उतरता है, इसके साथ ही आसपास के क्षेत्रों से भी इस मार्ग में बारिश का पानी तेजी से पहुंचता है, निकासी नहीं होने के कारण सड़क की हालत दयनीय है। भारी वाहनों के आवागमन से सड़क पर बड़े बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए हैं।



दो घंटे से अधिक समय तक फंसे रहे

बताया जा रहा है कि जशपुर से होते हुए पवन साय सरगुजा पहुंचे थे। इस दौरान सीतापुर विश्रामगृह में कुछ देर आराम करने के बाद स्थानीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और अंबिकापुर के लिए निकल पड़े। अंबिकापुर जाने के दौरान जैसे ही उनका काफिला बजाज शोरूम के पास पहुंचा वहां सड़क पर बने डबरीनुमा गड्ढे में उनका वाहन जा फंसा। लगभग दो घंटे से अधिक समय तक मशक्कत करने के बाद उनका वाहन गड्ढे से बाहर निकाला गया, जिसके बाद वे अंबिकापुर के लिए रवाना हुए।

चिप की कमी के कारण लगातार बढ़ रहे हैं दाम

मोबाइल के दाम 75 फीसदी तक बढ़े, 50 फीसदी कारोबार चौपट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमेरिका, इजरायल और ईरान के युद्ध की आग में स्मार्ट फोन भी आ गए हैं। स्मार्ट फोन की कीमत अब 75 फीसदी तक बढ़ गई है। राजधानी रायपुर के कारोबारियों के मुताबिक 8 हजार वाला मोबाइल इस समय 20 हजार का हो गया है। इसी तरह से 22 हजार वाला मोबाइल 32 हजार का हो गया है। आने वाले समय में मोबाइल के दाम में कमी की संभावना नहीं है। मोबाइल के दाम में आग लगने का सबसे बड़ा कारण चिप की कमी है।

स्मार्ट फोन के लिए सबसे जरूरी चिप है। इसकी जहां युद्ध के कारण सप्लाई प्रभावित हो गई है, वहीं चिप की कमी भी है। चिप की कमी का कारण यह बताया जा रहा है कि चिप बनाने वाली कंपनियां अब ज्यादा ध्यान एआई की तरफ दे रही हैं। ऐसे में कंपनियां एनवीडिया की एआई चिप बना रही हैं। यह चिप ज्यादा महंगी बिकती है। चिप की कमी के कारण सबसे ज्यादा बिकने वाले मोबाइल वीवो, सैमसंग, ओपो, रियलमी, शाओमी, टेक्नो सहित ज्यादातर मोबाइल के मॉडल महंगे हो गए हैं। टेक्नो का जो मोबाइल 22 हजार का उसे पहले 29 हजार किया गया और अब इसके दाम में तीन हजार का और इजाफा कर दिया गया है।

चिप के दाम डबल से ज्यादा

कारोबारियों का कहना है कि मोबाइल में लगने वाले चिप के दाम अब करीब ढाई गुना हो गए हैं। मोबाइल के दाम में चिप का हिस्सा करीब 20 से 25 फीसदी रहता है जो अब 50 फीसदी से ज्यादा हो गया है। यही वजह है कि मोबाइल के दाम भी 60 से 75 फीसदी तक बढ़ गए हैं। चिप के दाम बढ़ने के कारण मोबाइल की उत्पादक कंपनियां अपने मॉडल के दाम बढ़ाकर ग्राहकों से वसूली कर रही हैं।



50 फीसदी कारोबार प्रभावित

चिप की कमी के कारण रोज किसी न किसी मोबाइल के दाम बढ़ रहे हैं। 8 हजार वाला मोबाइल 20 हजार का हो गया है। इससे कारोबार 50 फीसदी तक प्रभावित गया है। आने वाले समय में फाइनेंस के बिना मोबाइल लेना संभव नहीं होगा।

- दिनेश सुंदरानी, मोबाइल कारोबारी

सेकेंड हैंड मोबाइल का क्रेज बढ़ा

सेकंड हैंड फोन का क्रेज तो वैसे रहता ही है, लेकिन नए मोबाइल के महंगे होने के कारण अब इसका क्रेज और ज्यादा बढ़ गया है। ग्राहक अपने बजट को देखते हुए सेकेंड हैंड मोबाइल ले रहे हैं। जिनका बजट 10 हजार है, तो ऐसे ग्राहक 10 हजार के मोबाइल की कीमत 22 हजार होने पर सेकेंड हैंड मोबाइल ले रहे हैं, तो उनको 18 से 25 हजार तक वाला मोबाइल अच्छी कंडीशन में 12 से 14 हजार में मिल जा रहा है।

33 जिलों में पारदर्शी जांच की मांग

सराफा व्यापारियों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन ने उपभोक्ता जागरूकता और व्यापारियों के हितों को लेकर प्रदेशव्यापी अभियान शुरू किया है। इसके तहत बुधवार को न्यायधानी में सराफा व्यापारियों ने सदर बाजार से कलेक्टर कार्यालय तक पैदल रैली निकाली और प्रधानमंत्री कार्यालय के नाम ज्ञापन सौंपा।



एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने बताया कि अभियान किसी ब्रांड के विरोध में नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं को स्वर्ण की शुद्धता, हॉलमार्क और गोल्ड टेस्टिंग की सही जानकारी देने तथा भ्रामक व्यापारिक दावों पर रोक लगाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। प्रदेश के सभी 33 जिलों में जिला कलेक्टरों के माध्यम से प्रधानमंत्री कार्यालय के नाम ज्ञापन सौंपे गए। इसमें सोने की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच व्यवस्था, एचयूआईडी व हॉलमार्क की सख्त निगरानी, गोल्ड टेस्टिंग मशीनों की नियमित कैलिब्रेशन और तकनीकी जांच, भ्रामक विज्ञापनों पर प्रभावी रोक तथा पूरे ज्वेलरी क्षेत्र में समान और पारदर्शी बिलिंग व्यवस्था की मांग की गई है। रैली के दौरान सराफा व्यापारियों ने उपभोक्ता जागरूकता, स्वर्ण की शुद्धता में पारदर्शिता, निष्पक्ष जांच व्यवस्था और स्थानीय सराफा व्यापारियों व पारंपरिक स्वर्ण कारीगरों के हितों की सुरक्षा की आवाज उठाई।



वैद्य फूड्स का पनीर जांच में मिला अमानक, फैक्ट्री सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के भलेसर मार्ग स्थित वैद्य फूड्स से विगत दिनों लिया गया पनीर का नमूना असुरक्षित पाया गया। वैद्य फूड्स से लिए गए पनीर के नमूने के असुरक्षित पाए जाने पर अधिगृहित खाद्य पदार्थों को नियमानुसार नष्ट कराया गया। साथ ही संबंधित फैक्ट्री को सील करने की कार्रवाई की गई। अब तक लिए गए नमूनों में क्षीरसागरम स्वीट्स, सरायपाली से पनीर एवं पेड़ा, यश फैमिली रेस्टोरेंट, बागबाहरा से पनीर तथा हर्षद मिष्ठान से पेड़ा की जांच रिपोर्ट प्राप्त होना लंबित है तथा कश्यप ऑर्गेनिक, बसना से लिए गए पनीर एवं दही के नमूने अवमानक पाए गए हैं। लंबित नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिले में एनालॉग पनीर पर प्रभावी रोक लगाने के लिए आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं कलेक्टर विनय कुमार लगेह के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा लगातार सघन जांच एवं प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। अभिहित अधिकारी उमेश वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों से पनीर एवं अन्य दुग्ध उत्पादों के नमूने लेकर उनकी गुणवत्ता की जांच कराई जा रही है। विभाग द्वारा जिले में दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता पर सतत निगरानी रखी जा रही है।



नाबालिग की मानव तस्करी और गैंगरेप मामले में पांच को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

जिला न्यायालय के फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो कोर्ट के माननीय अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार बारा ने मानव तस्करी, नाबालिग के अपहरण, खरीद-फरोख्त, देह व्यापार और सामूहिक दुष्कर्म के गंभीर मामले में कड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने मामले की मुख्य सूत्रधार दो महिलाओं साधना उर्फ संध्या वैष्णव एवं श्रीकुमारी उर्फ मुस्कान गोस्वामी सहित तीन अन्य पुरूष आरोपियों चेतन नवरंगे, तोरण सोनकर और धनंजय धृतलहरे को उनके शेष प्राकृत जीवनकाल तक आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। अदालत ने अपने फैसले में सर्वोच्च न्यायालय के न्याय दृष्टांत का हवाला देते स्पष्ट किया कि यौन हिंसा से पीड़िता को ऐसी मानसिक चोंट पहुंचती है, जो जीवन पर्यंत बनी रहती है, इसलिए इस प्रकार के जघन्य अपराधों में दोषियों के प्रति कोई भी अनावश्यक सहानुभूति या उदारता दिखाना अनुचित है। इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि जबकि साक्ष्य के अभाव में एक अन्य आरोपी गोपीराम कोल को संदेह का लाभ देते दोषमुक्त किया गया।





रायपुर, शुक्रवार 21 अगस्त 2026 | श्रावण शुक्ल पक्ष नवमी | वर्ष : 25, अंक : 31 | पृष्ठ : 12+6+4 = 22 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

छत्तीसगढ़ में सरकारी धन की सुरक्षा के लिए वित्त विभाग के सख्त निर्देश

खातों के संचालन में दो अधिकारियों का संयुक्त नियंत्रण

सरकारी बैंक खातों में निजी ईमेल नहीं चलेगा, मोबाइल नंबरों का सत्यापन भी अब जरूरी, लेनी होगी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरकारी बैंक खातों में धोखाधड़ी और अनधिकृत वित्तीय लेनदेन को रोकने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने बैंक खातों के संचालन और प्रबंधन के नियमों को और सख्त कर दिया है। अब किसी भी शासकीय बैंक खाते में निजी या गैर-आधिकारिक ईमेल आईडी दर्ज नहीं रहेगी। सभी खातों में दर्ज ईमेल और मोबाइल नंबरों का नियमित सत्यापन करना होगा। इसके अलावा वित्त विभाग ⏭शेष पेज 7 पर

अलग खबर

निजी ईमेल आईडी से सामने आया धोखाधड़ी का जोखिम

वित्त विभाग ने भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के पत्र का हवाला देते हुए कहा है कि बैंक रिकॉर्ड में दर्ज संपर्क विवरण के प्रबंधन में कमियों के कारण सरकारी खातों में धोखाधड़ी की कुछ घटनाएं ⏭शेष पेज 7 पर

ईमेल और मोबाइल नंबर का होगा नियमित सत्यापन

सरकार ने केवल ईमेल आईडी बदलने तक ही व्यवस्था सीमित नहीं रखी है। सभी सरकारी बैंक खातों में दर्ज ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर की समय-समय पर जांच की जाएगी, ताकि यह ⏭शेष पेज 7 पर

बिना अनुमति नया सरकारी बैंक खाता नहीं खुलेगा

वित्त विभाग ने सरकारी बैंक खातों की संख्या और उनके संचालन पर भी नियंत्रण बढ़ाया है। अब किसी विभाग, कार्यालय या आहरण एवं संवितरण अधिकारी को वित्त विभाग की पूर्व अनुमति के बिना किसी ⏭शेष पेज 7 पर

केवल अधिकृत बैंकों में सरकारी खाते

सरकारी धनराशि से संबंधित खाते अब केवल उन्हीं बैंकों में खोले जा सकेंगे, जिन्हें वित्त विभाग या संचालनालय संस्थागत वित्त ने शासकीय कार्य के लिए अधिकृत किया है। सरकार ने प्रत्येक शासकीय खाते की पहचान भी स्पष्ट रखने के निर्देश दिए हैं। खाते के अभिलेख में संबंधित विभाग और कार्यालय का नाम, योजना का नाम तथा खाता खोलने की अनुमति के आदेश का ⏭शेष पेज 7 पर

दो अधिकारियों के संयुक्त नियंत्रण में खाते

सरकारी खातों से धनराशि निकालने या भुगतान करने की प्रक्रिया में भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। सभी शासकीय खातों का संचालन कम से कम दो अधिकारियों के संयुक्त हस्ताक्षर यानी 'ड्यूल कंट्रोल' के माध्यम से सुनिश्चित करना होगा। इसके अलावा एक तय सीमा से अधिक राशि के लेनदेन के लिए दूसरे स्तर की मंजूरी अनिवार्य होगी। इसके लिए 'मेकर-चेकर' प्रणाली अपनाई जाएगी। यानी जिस अधिकारी ने लेनदेन तैयार किया है, उसी स्तर पर उसे अंतिम मंजूरी नहीं मिलेगी। दूसरे अधिकृत अधिकारी की जांच और स्वीकृति के बाद ही बड़ा वित्तीय लेनदेन किया जा सकेगा।

सरकारी एफडी की भी होगी बैंक से पुष्टि

सरकारी राशि को सावधि जमा यानी एफडी में रखने के मामले में भी निगरानी बढ़ाई गई है। प्रत्येक सरकारी एफडी की जानकारी संबंधित बैंक से सीधे सत्यापित करनी होगी। इसके साथ ही सभी सावधि जमा खातों की नियमित अंतराल पर समीक्षा की जाएगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी राशि से बनाई गई एफडी वास्तव में अस्तित्व में है, सही बैंक खाते से जुड़ी है और उसके रिकॉर्ड में किसी तरह की अनधिकृत छेड़छाड़ नहीं हुई है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

लद्दाख में जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट की होगी बेंच

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लद्दाख में जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट की बेंच स्थापित करने का फैसला लिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस फैसले से लद्दाख के दूरदराज इलाकों में रहने वाले नागरिकों को न्याय तक पहुंच आसान होगी।



ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन की मौत

झांसी। झांसी जिले के बबीना क्षेत्र में ट्रक की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौत हो गई। एक चिकित्सालय में भर्ती मरीज से मुलाकात करके रवीन्द्र कुमार (22), उर्मिला (45), उसका चार वर्षीय नाती संस्कार एक मोटरसाइकिल से लौट रहे थे।

छात्र प्रदर्शनों में पुलिस ज्यादती की जांच करेगा सुप्रीम कोर्ट का पैनल

जंतर-मंतर प्रदर्शन : पैलेट गन से आंसू गैस तक, पुलिस कार्रवाई की होगी जांच

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में छात्र प्रदर्शनों के दौरान पुलिस पर लगे कथित ज्यादती और प्रदर्शनकारियों द्वारा पुलिसकर्मियों के खिलाफ हिंसा के आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्यीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित की है। पूर्व न्यायाधीश आर. सुभाष रेड्डी की अध्यक्षता वाली यह समिति पैलेट गन के इस्तेमाल, महिला प्रदर्शनकारियों के साथ कथित दुर्व्यवहार और सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान समेत पूरे मामले की जांच करेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने कहा कि इस समिति में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रवि शंकर झा, दिल्ली उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति शालिंदर कौर, सीबीआई के पूर्व निदेशक ऋषि कुमार शुक्ला और मेघालय के पूर्व डीजीपी एल. आर. बिश्नोई भी शामिल हैं। समिति से कहा गया है कि वह प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस द्वारा पैलेट गन के इस्तेमाल ⏭शेष पेज 7 पर

समिति में कौन-कौन होंगे

- पूर्व न्यायाधीश आर. सुभाष रेड्डी
- पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रवि शंकर झा
- दिल्ली उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति शालिंदर कौर
- सीबीआई के पूर्व निदेशक ऋषि कुमार शुक्ला
- मेघालय के पूर्व डीजीपी एल. आर. बिश्नोई



नोडल अधिकारी तय

सुप्रीम कोर्ट ने पक्षकारों के बीच बेहतर संवाद के लिए अधिवक्ताओं आशिमा मंडला, दक्ष कादियान और आस्था सिंह को नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया। पीठ ने पुलिस, अर्धसैनिक बलों और अन्य जांच एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे छात्र प्रदर्शनों से संबंधित सभी सीसीटीवी फुटेज, ड्रोन फुटेज, बॉडी-वॉर्न कैमरा रिकॉर्डिंग, वीडियोग्राफी, वायरलेस संचार रिकॉर्ड और पीसीआर कॉल लॉग सुरक्षित रखें, पूरा रिकॉर्ड एचपीईसी को उपलब्ध कराएं और उसे हर संभव सहयोग प्रदान करें।

पुलिस और सार्वजनिक संपत्ति से जुड़े आरोपों का क्या होगा?

समिति केवल प्रदर्शनकारियों की शिकायतों तक सीमित नहीं रहेगी। अधिकारियों की ओर से पुलिस कर्मियों के खिलाफ हुई हिंसा और सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान से जुड़े आरोपों पर भी विचार किया जाएगा।

इन आरोपों की होगी जांच

समिति प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पैलेट गन, इलेक्ट्रिक बैटन, लाठीचार्ज और आंसू गैस के कथित अत्यधिक इस्तेमाल से जुड़े आरोपों की जांच करेगी। इसके साथ ही महिला प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कथित हिंसा और पुलिस निगरानी से जुड़े आरोप भी समिति के दायरे में होंगे। समिति यह भी देखेगी कि प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों की ओर से उठाए गए कदम स्थिति के अनुपात में थे या नहीं। इसके अलावा घायलों को दी गई चिकित्सीय सहायता और पीड़ितों को मुआवजे से जुड़े पहलुओं की भी जांच की जाएगी।

क्या है मामला

कॉजपा के आह्वान पर 20 जुलाई को दिल्ली में संसद की ओर मार्च निकाला गया था और इस दौरान प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़पें हुई थीं। सुरक्षाकर्मियों ने संसद की ओर बढ़ने की कोशिश कर रही भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठियों और आंसू गैस के गोलों का इस्तेमाल किया था। प्रदर्शनकारी नीट प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। जंतर-मंतर पर 20 जून को शुरू हुआ यह आंदोलन 25 जुलाई को तब समाप्त हुआ था, जब प्रधान ने इस्तीफा दे दिया था और सरकार ने कॉजपा की अन्य मांगों को स्वीकार कर लिया था।

जंगल में अब भी बारूद, आठ माह में खोदकर निकाले 43 नक्सली डंप, 4 शहीद भी हुए



विजय पांडेय ⏭ कांकेर

नक्सलियों के समर्पण के बीच कांकेर पुलिस ने जंगलों में छिपाकर रखे गए नक्सली डंप की तलाश जनवरी माह से तेज कर दिया था। समर्पित नक्सलियों से मिली अहम जा न का रि यों और लगातार चलाए जा रहे सर्च अभियान के परिणामस्वरूप पुलिस ने पिछले आठ माह में जिले के अलग-अलग इलाकों में 43 नक्सली डंप खोज निकाले हैं। इन डंप से बड़ी मात्रा में ⏭शेष पेज 7 पर

खास खबर

43 डंप से कई सामग्री निकाली गई

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने कहा कि नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत पुलिस और सुरक्षा बल लगातार क्षेत्र में सर्चिंग कर रहे हैं। आठ माह में 43 डंप से कई सामग्री निकाली जा चुकी है।

बारूद डंप नष्ट करते समय विस्फोट

कांकेर-नारायणपुर सीमा के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के जंगल में 2 मई 2026 को नक्सलियों द्वारा छोड़े गए बारूद और पटाखा पाउडर के डंप को नष्ट करने के दौरान बड़ा हादसा हुआ था। सुरक्षा बल और बीडीएस की टीम डंप को निकालकर नष्ट करने की कार्रवाई कर रही थी, तभी तेज तापमान और रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण अचानक विस्फोट हो गया। ⏭शेष पेज 7 पर

सदस्यों के दो पद भी भरे जाएंगे

भू- संपदा अपीलीय अभिकरण में 70 मामले लंबित, जल्द होगा निपटारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ भू- संपदा अपीलीय अभिकरण की नव नियुक्त अध्यक्ष जस्टिस रजनी दुबे ने बताया कि अभिकरण के समक्ष अभी 70 मामले लंबित हैं। इन मामलों का निपटारा जल्द करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने ये भी कहा है कि अभिकरण में सदस्यों के दो पद खाली हैं, इन पदों पर नियुक्त हो जाने से प्रकरणों का निपटारा तेजी से हो सकेगा। रजनी दुबे ने यह बात अपना नया कार्यभार ग्रहण करने के बाद मीडिया ⏭शेष पेज 7 पर

- अभिकरण की अध्यक्ष जस्टिस रजनी दुबे ने संभाला कार्यभार

भू-संपदा अपीलीय अधिकरण क्या है

यह अधिनियम की धारा 43 के तहत राज्य सरकार द्वारा स्थापित एक अर्ध-न्यायिक निकाय है। जब रेरा के फैसलों या आदेशों से कोई प्रमोटर (बिल्डर), खरीदार या रियल-एस्टेट एजेंट असंतुष्ट होता है, तो वह इस अपीलीय अधिकरण में अपील दायर कर सकता है। अधिकरण के मुख्य कार्य एवं अधिकारअपीलों की सुनवाई करनाः यह निकाय छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के ⏭शेष पेज 7 पर

तुर्किये के हथियारों से लदा जहाज हाईजैक, छह भारतीय भी फंसे

एजेंसी ⏭ मोगादिशू

सोमालिया के पुंटलैंड तट के पास समुद्री लुटेरों ने कैमरून के झंडे वाले एक कार्गो जहाज को हाईजैक कर लिया। जहाज पर तुर्किये के हथियार और संचार व सैटेलाइट उपकरण लदे थे। एक सोमाली अधिकारी के मुताबिक, समुद्री लुटेरे जहाज को पुंटलैंड के नुगाल तट की ओर ले गए। सोमाली अधिकारी ने बताया कि एम/वी लुटुफ को सोमवार को पुंटलैंड के ईयल जिले में मारेया से करीब साढ़े तीन नॉटिकल मील दूर कब्जे में लिया गया। एम/वी लुटुफ तुर्किये के हथियार लेकर जा रहा था।

- कैमरून के झंडे वाला था कार्गो जहाज

हाईकोर्ट ने परीक्षाएं रद्द करने के आदेश पर लगाई रोक

एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने झारखंड लोक सेवा आयोग की 11वीं से 13वीं परीक्षाओं तक के माध्यम से नियुक्त किये गये सरकारी कर्मियों की नियुक्तियां रद्द करने से संबंधित अधिसूचनाओं पर गुरुवार को रोक लगा दी। उच्च न्यायालय ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की नियुक्ति को रद्द करने से संबंधित अधिसूचना के अमल पर भी रोक लगा दी।



450 उम्मीदवारों को राहत

वकील ने कहा कि उच्च न्यायालय के इस आदेश से लगभग 450 उम्मीदवारों को राहत मिली है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के तौर पर चयनित 54 उम्मीदवारों को उच्च न्यायालय के आदेश से राहत मिली। ये लोग अपनी परीक्षा रद्द होने के बाद नतीजों का इंतजार कर रहे थे।

क्या है मामला झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर विद्यार्थियों के 25 दिनों के आंदोलन के बीच 18 अगस्त को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत सरकार ने 2014 से आयोजित की गयी 22 परीक्षाएं रद्द कर दीं तथा 23 अन्य की जांच के आदेश दिये।

तकनीक के साथ उद्योग एवं व्यापार सम्मेलन कल



डॉ. हिमांशु द्विवेदी



आकाश छिकारा

बस्तर चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के कार्यक्रम में शामिल होंगे प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी एवं अनेक उद्योगपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज 22 अगस्त को तकनीक से उद्योग एवं व्यापार सम्मेलन होटल एम्बिशन में आयोजित कर रहा है। प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक 2 सत्र में कार्यक्रम होंगे। बस्तर में उद्योग एवं व्यापार की स्थिति और आने वाले दिनों में किस तरह व्यवसाय को उँचाईयों पर ले जाया जा सकता है, इस पर वर्कशॉप में नामी उद्योगपति गुर सिखाएंगे। कार्यक्रम में विशेष रूप से हरिभूमि एवं आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी बदलते बस्तर में विकास का रोडमैप पर कलेक्टर आकाश छिकारा से परिचर्चा में संवाद करेंगे। वहीं उद्योगपति रमेश अग्रवाल,विजय झंवर और संजय जैन समृद्ध बस्तर और सशक्त व्यापार पर अपने ⏭शेष पेज 7 पर



सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला, नए श्रम विवाद में लागू होगा अब 2020 का कानून

48 साल पहले तय की गई 'इंडस्ट्री' की परिभाषा में बदलाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को श्रम कानून से जुड़े एक अहम मामले में 6:3 के बहुमत से फैसला सुनाया है। अदालत ने साफ किया कि 1978 में 'इंडस्ट्री' यानी औद्योगिक गतिविधि की जो व्यापक परिभाषा तय की गई थी, उसे अब इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड, 2020 की व्याख्या का मुख्य आधार नहीं माना जाएगा। सरल भाषा में समझें तो पुराने श्रम विवादों और नए मामलों के लिए अब अलग-अलग स्थिति होगी। 1947 के पुराने कानून के तहत पहले से चल रहे मामलों में 1978 में तय 'ट्रिपल टेस्ट' लागू रहेगा।

पहले से चल रहे मामलों में लागू रहेगा 1978 में तय 'ट्रिपल टेस्ट'

यह है मामला

यह विवाद 21 फरवरी 1978 के बेंगलुरु वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड केस से जुड़ा है। उस समय सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की बेंच ने 'इंडस्ट्री' की परिभाषा को काफी व्यापक कर दिया था। इस फैसले के बाद सिर्फ पारंपरिक कारखाने या बिजनेस ही नहीं, बल्कि अस्पताल, शिक्षण संस्थान, क्लब और कुछ सरकारी वेलफेयर विभाग जैसी गतिविधियां भी 'इंडस्ट्री' की श्रेणी में आ सकती थीं. इसका सीधा असर वहां काम करने वाले कर्मचारियों के श्रम अधिकारों पर पड़ा.

1978 का 'ट्रिपल टेस्ट'

सुप्रीम कोर्ट के वर्ष 1978 के फैसले में यह देखने के लिए तीन आधार तय किए गए थे कि कोई गतिविधि 'इंडस्ट्री' है या नहीं. अगर किसी जगह: नियोक्ता और कर्मचारी मिलकर संगठित तरीके से काम कर रहे हैं, उस काम का मकसद वस्तुओं या सेवाओं का उत्पादन या वितरण है, और काम एक व्यवस्थित आर्थिक गतिविधि के तौर पर चल रहा है, तो उसे 'इंडस्ट्री' माना जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि 1947 के पुराने कानून के तहत लंबित मामलों में यही टेस्ट लागू रहेगा।



यह होगा नए मामलों में

यहीं इस फैसले का सबसे अहम हिस्सा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 1978 का फैसला इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड, 2020 की व्याख्या के लिए कोई व्यापक आधार नहीं होगा। यानी 2020 के नए कानून के तहत अगर कोई नया श्रम विवाद सामने आता है, तो अदालत सिर्फ 1978 के फैसले को देखकर यह तय नहीं करेगी कि कोई संस्था 'इंडस्ट्री' है या नहीं. मामले के तथ्यों, परिस्थितियों और नए कानून के प्रावधानों को देखकर फैसला किया जाएगा।

1947 के मामलों और नए मामलों में अंतर

इसे एक उदाहरण से समझिए। मान लीजिए किसी कर्मचारी का श्रम विवाद 1947 के इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट्स एक्ट के तहत पहले से अदालत में चल रहा है। ऐसे मामले में 1978 का ट्रिपल टेस्ट लागू होगा। लेकिन अगर कोई नया विवाद इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड, 2020 के तहत सामने आता है, तो उसका फैसला नए कानून के हिसाब से होगा। 1978 का फैसला उस मामले पर अपने आप लागू नहीं हो जाएगा।

कर्मचारियों और मालिकों के लिए फैसले के मायने

अगर आप किसी पुराने श्रम विवाद से जुड़े हैं, तो यह फैसला महत्वपूर्ण है। ऐसे मामलों में 1978 का ट्रिपल टेस्ट लागू रहेगा। लेकिन नए श्रम विवादों में स्थिति अलग होगी। वहां इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड, 2020 के प्रावधान और मामले के वास्तविक तथ्य ज्यादा महत्वपूर्ण होंगे। यानी सुप्रीम कोर्ट ने 1978 के फैसले को पूरी तरह खत्म नहीं किया है। उसने यह साफ किया है कि उसका इस्तेमाल पुराने लंबित मामलों में होगा, लेकिन नए 2020 वाले मामलों की व्याख्या का एकमात्र या व्यापक आधार नहीं बनाया जा सकता. फैसले का विस्तृत असर अब आगे आने वाले श्रम विवादों में दिखाई देगा।

खबर संक्षेप

पुणे में राहुल के 'छात्रों की गूंज' को आखिरकार मंजूरी

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे पुलिस ने राहुल गांधी के 22 अगस्त को होने



वाले 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है। हालांकि, पुलिस ने इसके लिए 30 शर्तें तय की हैं। आयोजकों को आपत्तिजनक तस्वीरें या बैनर लगाने से रोकने के साथ यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि किसी की धार्मिक भावनाएं आहत न हों। कार्यक्रम शहर के आरटीओ चौक के पास एसएसपीएमएस कॉलेज ग्राउंड में शाम 4:30 से रात 9:30 बजे तक होगा। 'छात्रों की गूंज' को लेकर कांग्रेस का पुणे में कार्यक्रम प्रस्तावित था, लेकिन प्रशासन ने कर्फ्यू लगाने का ऐलान कर दिया था, जिसका विरोध हो रहा था।

तेजपाल ने दी हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती

नई दिल्ली। पत्रकार तरुण तेजपाल ने गुरुवार को 2013 के



यौन उत्पीड़न मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट के 10 साल जेल के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। उन्हें 6 अगस्त को सजा सुनाई गई थी। हाईकोर्ट ने पांच साल पहले ट्रायल कोर्ट से बरी करने के फैसले को पलट दिया था। तेजपाल पर 2013 में गोवा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान होटल की लिफ्ट में जूनियर सहकर्मी से रेप करने का आरोप था। गोवा सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में तेजपाल को उम्रकैद की सजा देने की मांग की है ।

गृहमंत्री अमित शाह का बड़ा बयान

'कांग्रेस ने वंदे मातरम के दो टुकड़े किए, देश विरोधी फैसला लिया'

» केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'वंदे मातरम' को लेकर कांग्रेस के रुख पर निशाना साधा है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के दो टुकड़े किए हैं। यह देश विरोधी फैसला है। शाह ने कहा कि बीजेपी कांग्रेस के फैसले की निंदा करती है। पूरा गीत राष्ट्रीय एकता के लिए जरूरी है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वंदे मातरम के सिर्फ दो अंतरा गाने के कांग्रेस के फैसले पर केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने चेन्नई में न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा, 'कांग्रेस ने देश विरोधी फैसला लिया है। कांग्रेस के फैसले का बीजेपी निंदा करती है। कांग्रेस ने लाखों शहीदों का अपमान किया है। पूरा गीत राष्ट्रीय एकता के लिए जरूरी है।' उन्होंने कहा कि 1937 में कांग्रेस ने जो फैसला लिया था , उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के 80 साल बाद सुधारा है। देश की जनता उसका विरोध नहीं सहेगी। शाह ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी एक बार फिर तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे हैं। राष्ट्रगीत पूरा न गाना अवहेलना है। इस फैसले ने कांग्रेस के तुष्टीकरण की पुष्टि की है। ये संसद में पारित एक्ट को खारिज कर रहे हैं। लेकिन अब तुष्टीकरण की राजनीति नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी जनता के बीच जाकर कांग्रेस के फैसले का विरोध करेगी।

खास बातें

- वंदे मातरम के सिर्फ दो अंतरा गाने के कांग्रेस के फैसले की आलोचना की
- राष्ट्रीय एकता के लिए पूरे गीत को जरूरी बताया



कांग्रेस का यह था तर्क

असल में, कांग्रेस ने बुधवार को कहा था कि वह 'वंदे मातरम' को लेकर 1937 में महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल और उस समय के अन्य प्रमुख नेताओं द्वारा किए गए फैसले का पूरी तरह पालन करेगी। इसी के अनुरूप पार्टी कार्यकर्ता राष्ट्रगीत के सिर्फ दो अंतरे ही गाएंगे। वंदे मातरम में 6 अंतरा हैं। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में इसको लेकर चर्चा हुई और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 1937 के सीडब्ल्यूसी के उस प्रस्ताव के कुछ अंश भी पढ़े जो महान नेताओं की मौजूदगी में पारित हुआ था और जिसमें वंदे मातरम के दो अंतरों के गायन का निर्णय लिया गया था। शाह ने कहा, 1937 के अपने प्रस्ताव के आधार पर, कांग्रेस ने 'वंदे मातरम' के सिर्फ दो पद गाने का फैसला किया।

कांग्रेस ने किया भाजपा पर तगड़ा पलटवार

शाह के बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया। पार्टी के सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा- वंदे मातरम स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा था। यह हमारे लिए भावनात्मक मुद्दा है। भाजपा स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा नहीं थी। उनके लिए यह राजनीतिक मुद्दा है। दरअसल, कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने बुधवार को ऐलान किया कि पार्टी अपने सभी कार्यक्रमों में वंदे मातरम के 6 में से सिर्फ शुरुआती दो पैरा गाएगी। यह फैसला 15 अगस्त को कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम के गायन को लेकर हुए विवाद के बाद आया।



15 अगस्त कार्यक्रम का विवाद

वंदे मातरम को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच विवाद 15 अगस्त को शुरू हुआ। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान पूरा वंदे मातरम गाए जाने पर सोनिया गांधी ने इसे रोकने की कोशिश की। राहुल गांधी भी पूरे गायन के दौरान परेशान दिखे। भाजपा के इन आरोपों पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस मुख्यालय में पूरा वंदे मातरम गाया गया था और इसे रोकने की कोई कोशिश नहीं हुई। उनके मुताबिक, सोनिया गांधी का इशारा गीत रोकने के लिए नहीं था। वह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के लिए कुर्सी मांग रही थीं क्योंकि वे लंबे समय से खड़े थे।

जैसे को तैसा

पाक हाई कमीशन के बाहर बुलडोजर चला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच एक बार फिर डिप्लोमेटिक तल्खी बढ़ गई है। भारत ने पाकिस्तान को कूटनीतिक मोर्चे पर करारा जवाब दिया है। इस्लामाबाद में भारतीय दूतावास के बाहर से सुरक्षा बैरिकेड्स हटाने के 3 दिन बाद नई दिल्ली में सख्त एक्शन हुआ है। दिल्ली में पाकिस्तान हाई कमीशन के बाहर से सभी अवैध अतिक्रमण और सुरक्षा घेरे हटा दिए गए हैं। साथ ही उन अवैध ढांचों को हटा दिया है जो पाकिस्तानी दूतावास के वीजा अनुभाग के पास अवैध तरीके से बने हुए थे। बता दें कि अधिकारियों की इस कार्रवाई के बाद दोनों देशों के राजनयिक परिसरों के बाहर सुरक्षा व्यवस्था में बदलाव देखने को मिला है। यह एक्शन भारत-पाकिस्तान के बीच कूटनीतिक स्तर पर



हुए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है। इस कार्रवाई को भारत का 'टिट-फॉर-टैट' एक्शन माना जा रहा है। यह कार्रवाई पाकिस्तान की उस हरकत के ठीक तीन दिन बाद हुई है, जब उसने इस्लामाबाद में इंडियन हाई कमीशन के बाहर से सुरक्षा ढांचे (पार्किंग पोल) को मनमाने ढंग से हटा दिया था।

नाइजीरिया में बड़ा हादसा

नाव पलटने से महिलाओं बच्चों सहित 47 की मौत

सोकाटो। नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी सोकोटो राज्य में गुरुवार को एक बड़ा नाव हादसा हो गया। एक नदी में यात्रियों से भरी नाव पलटने से कम से कम 47 लोगों की मौत हो गई। नाव में सवार लोग काम के लिए खेतों की ओर जा रहे थे। यह हादसा राज्य के गोरोयो स्थानीय सरकारी क्षेत्र के गोराउ कस्बे के पास हुआ। नाव में खेत के मालिक और धान की कटाई के लिए रखे गए मजदूर सवार थे। नाव पलटने के समय उस पर 70 से ज्यादा लोग मौजूद थे। फिलहाल हादसे की वजह का आधिकारिक तौर पर



खुलासा नहीं हुआ है। स्थानीय अधिकारी घटना की जांच और राहत कार्यों की जानकारी जुटा रहे हैं। हादसे में मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है।

अमेरिका में आरएसएस पर बैन की मांग उठी

वाशिंगटन। अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता आयोग यानी यूएससीआईआरएफ ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। आयोग ने अमेरिकी सरकार से आरएसएस नेताओं को राजनयिक सम्मान नहीं देने और उनके साथ उच्चस्तरीय बैठकें नहीं करने को कहा है। आयोग के चेयरमैन आसिफ महमूद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरएसएस के सदस्य हैं और इसके सहयोगी संगठनों ने धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमले किए हैं। महमूद का यह बयान आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के अमेरिका दौरे से कुछ दिन पहले आया है।

डॉ. वाघानी
दर-दाँत (गम पेंट)
असली केंदवा मलहम
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

कोरियाई हार्ट से सोलमेट तक... जेन जेड के हर सवाल का श्रीश्री रविशंकर ने दिया जवाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेंगलुरु

वैश्विक मानवतावादी एवं आध्यात्मिक गुरु गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के साथ बेंगलुरू में आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी और एआईआईएमएस सहित भारत के 1,300 से अधिक उच्च शिक्षण संस्थानों के हजारों प्रथम-वर्षीय विद्यार्थियों ने संवाद किया। विद्यार्थियों ने अपने मन के अनेक प्रश्न खुले तौर पर उनके सामने रखे—लोकप्रिय कोरियाई हार्ट इमोजी के अर्थ से लेकर उस अंतहीन विचार-श्रृंखला तक, जो आज के अनेक युवा मनों को रात के दो बजे तक जगाए रखती है। यह संवाद आर्ट ऑफ लिविंग के यूथ डेस्क द्वारा आयोजित सातवें नेशनल इंडक्शन प्रोग्राम के दौरान हुआ।

'सिचुएशनशिप'चुननी चाहिए या 'सोलमेट'

जब एक विद्यार्थी ने पूछा कि जीवन में 'सिचुएशनशिप' चुननी चाहिए या 'सोलमेट' की तलाश करनी चाहिए, तो गुरुदेव ने प्रश्न को एक नई दृष्टि दे दी। उन्होंने पूछा—'अपने आपको उस दूसरे व्यक्ति के स्थान पर रखकर देखिए। यदि आप किसी को अपना जीवनसाथी चुनें और वह आपको केवल एक 'सिचुएशनशिप' के रूप में देखना चाहे, तो आपको कैसा लगेगा? तब आप क्या चुनेंगे?'

यह पूछा कश्मीर की छात्रा ने

कश्मीर की एक छात्रा ने अपने जीवन की एक और गहरी उलझन साझा की। उसने कहा कि जीवन में सब कुछ ठीक होते हुए भी भीतर एक प्रकार की निरर्थकता का अनुभव होता है। गुरुदेव ने कहा कि उसका प्रश्न आज पूरी दुनिया के युवाओं के भीतर चल रहे एक व्यापक संघर्ष को अभिव्यक्त करता है। उन्होंने अकेलेपन से बाहर निकलने और जीवन में पुनः अर्थ एवं उद्देश्य खोजने के लिए एक अत्यंत सरल और अंतरंग माध्यम—श्वास—की ओर संकेत किया।

विद्यार्थी दुनिया की वास्तविक संपदा

विद्यार्थियों को 'इस दुनिया की वास्तविक संपदा' बताते हुए गुरुदेव ने उन्हें उनकी असाधारण संभावनाओं का स्मरण कराया। उन्होंने कहा कि दुनिया में जहाँ भी उत्कृष्ट प्रतिभाएँ दिखाई देती हैं, वहाँ कम-से-कम एक भारतीय अवश्य मिलता है। इंजीनियरिंग, चिकित्सा, कंप्यूटर विज्ञान, फैशन और हॉस्पिटैलिटी जैसे विविध क्षेत्रों में विश्वभर में अपनी पहचान बना रहे भारतीय युवाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उपलब्धियों से भी अधिक आवश्यक एक गुण है—'बाहर से दृढ़ और भीतर से लचीला व्यक्तित्व।'

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बडों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुजनता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187555, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



महात्मा गांधी के किरदार में पहली बार दिखेंगे मनोज

मुंबई। भारतीय सिनेमा जगत में एक बड़े और ऐतिहासिक प्रोजेक्ट की नींव रखी गई है। स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास से जुड़े एक बेहद संवेदनशील और कम चर्चित अध्याय को बड़े पर्दे पर उतारने के लिए जाने-माने फिल्म निर्माता अनुभव सिन्हा और सुधीर मिश्रा एक साथ आए हैं। इस महत्वाकांक्षी फिल्म में तीन बार राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके अभिनेता मनोज बाजपेयी मुख्य भूमिका में होंगे और पहली बार पर्दे पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का आइकॉनिक किरदार निभाएंगे। उनके साथ दिग्गज अभिनेता सौरभ शुक्ला भी एक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे।

लाइफ Style

कियारा



'नादिया' ने मुश्किल चीजों के साथ सहज होना सिखाया

एजेंसी ⏭ मुंबई

यश की फिल्म 'टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स'में कियारा आडवाणी ने नादिया का किरदार निभाया है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर फिल्म से जुड़ी पोस्ट साझा की। इसमें उन्होंने एक अभिनेत्री के तौर पर अपने किरदार से जुड़े अनुभव साझा किए हैं।

कियारा के लिए फिल्म 'टॉक्सिक' उनके कॅरियर की सबसे बड़ी फिल्म है। इस फिल्म में नादिया का किरदार निभाने और उसकी मांग पर कियारा ने काफी कुछ लगा। एक्ट्रेस ने लिखा- फिल्में हमें उस दुनिया में ले जाने का एक खूबसूरत तरीका होती हैं जिनमें हम असलियत में नहीं जा सकते। हर नया किरदार, हर नया सेट, हर चुनौती आपको कुछ ऐसा सिखाती है। आपकी क्षमताओं के बारे में बताती है। इस किरदार ने मुझे अपरिचित और मुश्किल चीजों के साथ भी सहज होना सिखाया। नया किरदार आपको नए कौशल, नए रोमांच और उस जुनून के लिए जो आपको बार-बार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। मेरे लिए ग्रोथ का मतलब हमेशा उस काम के लिए हामी भरना है जिसे करने से आपको थोड़ा डर लगे। यह किरदार नई स्किल्स, नए एडवेंचर्स और उस जुनून के नाम, जो आपको बार-बार नई चीजों में डूबने के लिए तैयार रखता है। फिल्म से जुड़े एक इवेंट में अभिनेता यश ने कियारा की खूब तारीफ की थी। उन्होंने कहा, 'मेरा यह सोचना है कि कियारा एक बेहद पेशेवर अभिनेत्री हैं। जब वह इस फिल्म के लिए कास्ट हुई थीं तो मैं काफी चिंतित था, क्योंकि यह फिल्म काफी चुनौतीपूर्ण है पर कियारा ने जिस तरह फिल्म के लिए खुद को समर्पित किया है।



बिग बॉस 20 में रजत से लेकर मैरी कॉम तक की एंट्री!



नई दिल्ली। टीवी का सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस' अपने 20वें सीजन के साथ एक बार फिर वापसी की तैयारी में है। मेकर्स से कंटेस्टेंट से बातचीत का दौर अब अपने अंतिम चरण में है, ऐसे में कई सितारों के नाम सामने आए हैं, कहां जा रहा है कि इनकी बातचीत मेकर्स से चल रही है और जल्द ही इन पर मौहर लग सकती है। 'नागिन' फेम अभिनेत्री मौनी रॉय को मेकर्स ने बतौर कंटेस्टेंट शो में शामिल होने का बड़ा ऑफर दिया है। खबरों के मुताबिक, मेकर्स उन्हें शो का हिस्सा बनाने के लिए काफी बड़ी फीस देने को तैयार हैं। फिलहाल अभिनेत्री और मेकर्स के बीच बातचीत जारी है। छह बार की वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियन और ओलंपिक पदक विजेता मैरी कॉम का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। खेल जगत की इस स्टार मुक्केबाज को शो में लाने के लिए मेकर्स ने उनसे संपर्क किया है। अगर वह हां कहती हैं, तो शो को एक अलग पहचान मिलेगी। बॉलीवुड की कई फिल्मों में नजर आ चुके अभिनेता रजत बेदी के भी 'बिग बॉस 20' में शामिल होने की जोरदार खबरें हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वह अपनी फीस और कॉन्ट्रैक्ट को लेकर मेकर्स के साथ अंतिम दौर की चर्चा कर रहे हैं। वर्ष 2005 के मशहूर सिंगिंग रियलिटी शो 'फेम गुरुकुल' के विजेता काजी तौकीर भी निर्माताओं की पसंद बने हुए हैं। अपनी गायकी के लिए पहचाने जाने वाले काजी के आने से घर के अंदर एक म्यूजिकल माहौल देखने को मिल सकता है। 'आशिकान' और 'जादू तेरी नजर' जैसे टीवी शोज से पहचान बनाने वाली युवा अभिनेत्री खुशी दुबे को भी बिग बॉस 20 के लिए एप्रोच किया गया है। बचपन से एक्टिंग से जुड़ीं खुशी अगर शो में आती हैं, तो फैंस के लिए यह देखना दिलचस्प होगा।

ब्रह्मास्त्र 2 में रणबीर निभाएंगे दोहरी भूमिका, अमृता बनेंगी दीपिका, ईशा के किरदार में लौटेंगी आलिया

नई दिल्ली। साल 2022 में रिलीज हुई 'ब्रह्मास्त्रः पार्ट वन – शिवा' के बाद से ही फैंस को इसके अगले चैप्टर का बेसब्री से इंतजार है। रणबीर कपूर जहां इन दिनों 'रामायणम' की शूटिंग में व्यस्त हैं, वहीं खबर है कि एक्टर और डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने 'ब्रह्मास्त्र 2' पर काम शुरू कर दिया है। जी हां, फिल्म की स्क्रिप्टिंग और प्री-प्रोडक्शन पर काम चल रहा है और इस बार कहानी अस्त्रवर्स की दुनिया को और आगे ले जाने वाली है।

बताया जाता है कि अगले साल अप्रैल 2027 से इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, रणबीर जनवरी 2027 तक नितेश तिवारी की 'रामायण पार्ट 2' की शूटिंग पूरी कर सकते हैं। इसके बाद कुछ तैयारी के बाद वह अप्रैल 2027 में 'ब्रह्मास्त्र 2' की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। फिल्म में आलिया भट्ट के ईशा के किरदार में लौटने की उम्मीद है, जबकि अयान मुखर्जी अमृता के रोल के लिए दीपिका पादुकोण से बातचीत कर रहे हैं। खबरों के मुताबिक, 'ब्रह्मास्त्र 2' में रणबीर कपूर एक बार फिर शिवा के साथ-साथ देव के किरदार में भी नजर आ सकते हैं। पहली फिल्म में देव की कहानी की जो झलक दिखाई गई थी, उसे अब सीक्वल में आगे बढ़ाया जाएगा। रणबीर इस डबल रोल को लेकर काफी उत्साहित बताए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि शिवा और देव के किरदारों के बीच का कनेक्शन फिल्म की कहानी को और दिलचस्प बनाएगा और अस्त्रवर्स की कहानी को भी आगे बढ़ाएगा। सीक्वल में सबसे दिलचस्प किरदार दीपिका पादुकोण का होने वाला है। पहली फिल्म के वक्त से ही यह चर्चा रही है कि रणबीर की मां अमृता के रोल में दिखी झलक दीपिका पादुकोण की थी। अब खबरों के मुताबिक, अयान मुखर्जी ने 'अमृता' के रोल के लिए एक्ट्रेस से बातचीत शुरू कर दी है। अगर दीपिका फिल्म का हिस्सा बनती हैं, तो रणबीर कपूर के साथ उनकी जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगी। दोनों इससे पहले 'बचना ऐ हसीनों', 'ये जवानी है दीवानी' और 'तमाशा' जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं।' ब्रह्मास्त्र 2' में दीपिका के किरदार की 'अस्त्रावर्स' में काफी अहम भूमिका होने की बात कही जा रही है।



प्रेग्नेंसी की वजह से इंडियन आइडल से निकाला!

नई दिल्ली। मिनी माथुर हाल में अलायंस शो को लेकर चर्चा में रहीं। आखिर में अमेजन प्राइम वीडियो के इस शो की विनर रहीं मिनी एक पॉपुलर इंडियन टेलीविजन होस्ट और एक्ट्रेस हैं। इसके अलावा मिनी मशहूर भारतीय फिल्म डायरेक्टर और स्क्रीनराइटर कबीर खान की पत्नी हैं। वह कई दशकों से इस इंडस्ट्री में काम कर रही हैं। हाल में हॉटरफ्लाई' के 'द मेल फेमिनिस्ट' एपिसोड के लिए दिए एक इंटरव्यू में मिनी ने अपने कॅरियर से जुड़ा एक चौंकाने वाला किस्सा सुनाया। मिनी ने बताया कि उनके करियर में ऐसे कई मौके आए जब प्रेग्नेंसी की वजह से उनको मिलने वाले मौकों पर असर पड़ा। मिनी ने बताया कि जब उन्होंने अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी के बारे में बताया तो उनसे 'इंडियन आइडल' होस्ट का काम छोड़ने के लिए कहा गया।



अचानक ओटीटी पर रिलीज हुई म्यूटिनी

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड अभिनेता जेसन स्टेथम की अपकमिंग एक्शन थ्रिलर फिल्म 'म्यूटिनी' अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई। हैरानी की बात यह है कि यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने से दो दिन पहले गलती से रिलीज हो गई। यह फिल्म 21 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। बताया जाता है कि इसे हटाने से पहले कम से कम एक घंटे तक प्लेटफॉर्म पर देखा जा सकता था। प्राइम वीडियो की लिस्टिंग में 'म्यूटिनी' को कोल रीड की कहानी बताया गया है।





नयनतारा संग पहली बार बड़े पर्दे पर दिखेंगे

मुंबई। सलमान खान लगातार अपनी अनाम फिल्म एसवीसी 63 को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनके साथ जवान फिल्म की हीरोइन नयनतारा नजर आने वाली हैं। अब फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। सलमान खान और नयनतारा की अगली फिल्म का नाम तय हो गया है। पहले इसे अस्थायी रूप से एसवीसी 63 कहा जा रहा था, लेकिन अब इसका आधिकारिक टाइटल 'मॉन्स्टर' रखा गया है। यह जानकारी फिल्मफेयर की एक रिपोर्ट में सामने आई है। फिल्म का निर्देशन वंशी पैदीपल्ली कर रहे हैं, जो उनकी पहली हिंदी फिल्म होगी। प्रोडक्शन दिल राजू कर रहे हैं। सलमान खान और दिल राजू की यह पहली जोड़ी है। नयनतारा इसमें लीड एक्ट्रेस हैं। फिल्म पैन-इंडिया स्तर पर बन रही है और ईद 2027 पर रिलीज करने की योजना है।

सबसे ज्यादा ट्रोल होने वाली इंसान हूं

मुंबई। द ट्रेटर्स 2 में किसी पर शक होना खेल का हिस्सा है, मगर रिया चक्रवर्ती के लिए 'ट्रेटर' शब्द शायद बाकी खिलाड़ियों जितना हल्का नहीं है। घर में जब उन पर शक बढ़ता है, तो रिया अपनी जिंदगी के उस दौर को याद करती हैं, जब उन्हें लगता था कि दुनिया ने पहले ही उन्हें ट्रेटर मान लिया था। उनकी सफाई में खेल से ज्यादा उनकी अपनी कहानी सामने आ जाती है। घर में अपने ऊपर हो रहे शक के बीच रिया कहती हैं, 'मैं सच में ट्रेटर नहीं हूं। मैं कैसे बताऊं? मेरा जो नैरेटिव है ना लाइफ का, यही रहा कि दुनिया ने मुझे ट्रेटर समझा लेकिन मैं इनोसेंट निकली हूं।' मैं देश की सबसे ज्यादा ट्रोल होने वाली इंसान हूं, इसका मतलब समझते हो आप?' रिया को लगता है कि अगर उन्होंने खेल में जानबूझकर किसी को धोखा दिया तो लोग इसे सिर्फ खेल की चाल नहीं मानेंगे। उनके लिए यह उनकी पुरानी छवि से भी जुड़ जाएगा। रिया का इशारा उस दौर की तरफ है, जब सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद उन्हें लंबे समय तक सवालों और आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था।





वाइब से सामने आया कलाकारों का लुक

एक्शन मोड में दिखीं प्रीति

मुंबई। कुणाल खेमू की आगामी फिल्म 'वाइब' का पोस्टर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। इस फिल्म में कुणाल खेमू समेत प्रीति जिंटा, स्पर्श श्रीवास्तव और वंशिका धीर अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म 'वाइब' के पोस्टर अनुसार कहानी चार दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है। इन किरदारों की सीधी साधी जिंदगी में अचानक से मोड़ आता है। फिल्म मजबूत दोस्ती और एक दूसरे का साथ निभाने के बारे में है। पोस्टर में तीनों दोस्त किसी मुसीबत में फंसे हुए नजर आ रहे है। जहां प्रीती जिंटा लेडी बॉस की तरह दिख रही हैं। वहीं, कुणाल खेमू किसी का सामना करते नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही वंशिका धीर शॉक में नजर आ रही हैं और स्पर्श श्रीवास्तव नीचे बैठे हुए हैं। फिल्म वाइब का लेखन और निर्देशन दोनों कुणाल खेमू ने किया है। फिल्म में प्रीति जिंटा, स्पर्श श्रीवास्तव और वंशिका धीर मुख्य किरदारों में है। वाइब का निर्माण कुणाल खेमू और चिराग निहलानी ने ड्रोंगो फिल्म्स के बैनर तले किया है। फिल्म 18 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म वाइब से कुणाल खेमू एक बार फिर निर्देशन में वापसी कर रह हैं। उनकी आखिरी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' थी। अभिनेत्री प्रीति जिंटा कई साल बाद किसी कॉमेडी किरदार में दिखाई देंगी। हाल ही में प्रीति ने 'बांटवारा 1947' में अभिनय किया था।





चिंतन

पाक को उसी की भाषा में जवाब



मुद्दा
प्रमोद भार्गव

भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव कोई नई बात नहीं है, लेकिन हाल के घटनाक्रम यह संकेत जरूर दे रहे हैं कि अब भारत पाकिस्तान की हर कार्रवाई का जवाब पहले की तरह केवल कूटनीतिक औपचारिकताओं तक सीमित रखने के मूड में नहीं है। दिल्ली में पाकिस्तान हाई कमीशन के बाहर तय सीमा से बाहर बने ढांचों को बुलडोजर से हटाया जाना इसी बदले हुए रुख का संकेत है। खास बात यह है कि यह कार्रवाई उस घटना के दो दिन बाद हुई, जब इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन के बाहर सुरक्षा बैरिकेड और पार्किंग पोल हटाए गए थे। ऐसे में दोनों घटनाओं को अलग-अलग करके देखना मुश्किल है। इससे भारत ने पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब दिया है। भारत ने हालांकि पाकिस्तान हाई कमीशन की मुख्य इमारत या उसके मुख्य प्रवेश द्वार को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। कार्रवाई बैरिकेड, फेंसिंग और वीजा सेक्शन के पास कतार प्रबंधन के लिए बनाए गए उन ढांचों तक सीमित रही, जिन्हें अधिकारियों के अनुसार निर्धारित सीमा से बाहर बनाया गया था। यही अंतर महत्वपूर्ण है। भारत ने यह संदेश देने की कोशिश की है कि कार्रवाई किसी राजनयिक मिशन के खिलाफ नहीं, बल्कि नियमों के उल्लंघन के खिलाफ है। यह घटनाक्रम पाकिस्तान के लिए स्पष्ट संदेश है कि नियमों की अनदेखी का जवाब भारत अब केवल बयान देकर नहीं देगा। यदि इस्लामाबाद में भारतीय मिशन के बाहर सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े ढांचे हटाए जाते हैं तो नई दिल्ली भी अपने अधिकार क्षेत्र में नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी। इसे बदले की कार्रवाई कहने के बजाय बराबरी के व्यवहार का संदेश कहना ज्यादा उचित होगा। भारत-पाकिस्तान संबंधों में यह बात विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि दोनों देशों के बीच भरोसे की कमी पहले से गहरी है। सीमा पार आतंकवाद, कश्मीर और राजनयिक स्तर पर लगातार होने वाली बयानबाजी ने रिश्तों को संवेदनशील बना रखा है। इसी बीच कश्मीर को लेकर अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर की टिप्पणी ने पाकिस्तान की बेचैनी और बढ़ा दी है। श्रीनगर दौरे के दौरान कश्मीर को भारत का महत्वपूर्ण हिस्सा बताए जाने और अमेरिकी ट्रैवल एडवाइजरी की समीक्षा की संभावना ने इस्लामाबाद को प्रतिक्रिया देने के लिए मजबूर किया। पाकिस्तान ने अमेरिकी प्रतिनिधि को तलब कर आपत्ति जताई। यह घटनाक्रम भी बताता है कि कश्मीर का मुद्दा पाकिस्तान के लिए अभी भी विदेश नीति का केंद्रीय विषय बना हुआ है, जबकि भारत लगातार यह स्पष्ट करता रहा है कि जम्मू-कश्मीर उसका अभिन्न हिस्सा है। पाकिस्तान की किसी कार्रवाई का जवाब देना जरूरी हो सकता है, लेकिन जवाब ऐसा होना चाहिए, जिससे भारत की जिम्मेदार और परिपक्व शक्ति की छवि मजबूत दिखाई दे। हाई कमीशन और एंबेसी के अंतर की बात भी इसी संदर्भ में समझना जरूरी है। कॉमनवेल्थ देशों के बीच आधिकारिक राजनयिक मिशन को सामान्यतः हाई कमीशन कहा जाता है, जबकि अन्य देशों में उसे एंबेसी कहा जाता है। दोनों का मूल काम राजनयिक संबंधों को संचालित करना ही है। इसलिए नाम अलग होने के बावजूद उनकी गरिमा और सुरक्षा का महत्व समान है। भारत का रुख स्पष्ट होना चाहिए। राजनयिक संबंध अपनी जगह हैं और देश के कानून अपनी जगह। पाकिस्तान हो या कोई दूसरा देश, तय नियमों का पालन सभी के लिए अनिवार्य है। दिल्ली का बुलडोजर पाकिस्तान को यही संदेश देता है कि भारत अब एकतरफा दबाव या नियमों की अनदेखी को चुपचाप स्वीकार करने वाला नहीं है।

कश्मीर पर अमेरिका का बदलता रुख

> लंबे समय से कश्मीर मुद्दे पर अमेरिका की स्थिति भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय विवाद के रूप में देखी जाती रही है। जिसे अकसर 'भारतीय प्रशासन वाले कश्मीर' जैसे शब्दों से संबोधित किया जाता रहा है। ऐसे में एक वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक का यह दो टूक बयान कश्मीर की धरती पर देना इस बात का संकेत है कि वैश्विक स्तर पर कश्मीर को लेकर भारत की अखंडता एवं संप्रभुता की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है। इस बयान से पाकिस्तान को तो झटका लगा ही है, चीन भी सकते में है। आतंकी बिना किसी शोर-शराबे के मुस्लिम आबादी के बीच घुसपैठ करके हिंदुओं के विरुद्ध लक्षित हिंसा को परिणाम में बदलने में सफल हो जाते हैं। ऐसे हमलों में निर्दोष लोग ही मारे जाते हैं।

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने अपने पहले जम्मू-कश्मीर दौरे में यहां के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात के बाद कश्मीर को भारत का अभिन्न और अहम् भू-भाग बताया और सुरक्षा के लिहाज से सराहना की। अमेरिकी राजदूत का यह बयान अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के स्तर पर चौंकाने वाला होने के साथ अमेरिका और भारत के संबंधों में बदलाव का उल्लेखनीय संकेत है। लंबे समय से कश्मीर मुद्दे पर अमेरिका की स्थिति भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय विवाद के रूप में देखी जाती रही है। जिसे अकसर 'भारतीय प्रशासन वाले कश्मीर' जैसे शब्दों से संबोधित किया जाता रहा है। ऐसे में एक वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक का यह दो टूक बयान कश्मीर की धरती पर देना इस बात का संकेत है कि वैश्विक स्तर पर कश्मीर को लेकर भारत की अखंडता एवं संप्रभुता की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है। इस बयान से पाकिस्तान को तो झटका लगा ही है, चीन भी सकते में है।

याद रहे कि अमेरिका ने वर्ष 2018 से ही जम्मू-कश्मीर के तात्कालिक पूर्वी लद्दाख और लेह को छोड़कर अपने नागरिकों को यात्रा नहीं करने की चेतावनी दी हुई है। इस नसीहत को चौथी श्रेणी में रखा हुआ है। गोर ने फिलहाल इस यात्रा चेतावनी को कम करने का कोई संकेत नहीं दिया है, लेकिन उम्मीद है कि इस बिंदु पर अमेरिका यात्रा में छूट दे सकता है? हालांकि उस समय धारा-370 बहाल थी और घाटी में आतंकी संकट की छाया छाई रहती थी। अगस्त 2019 में धारा-370 और 35-ए को भारत सरकार ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते विलोपित कर दिया, उसी के बाद से कश्मीर में सुरक्षा संबंधी हालातों में निरंतर सुधार हो रहे हैं और पत्थरबाजी व अन्य आतंकी घटनाओं में कमी आई है। पहलगाम में आतंकी हमले के एक दिन बाद ही अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने उक्त चेतावनी की फिर से पुष्टि करते हुए नई एडवाइजरी जारी कर दी थी, जो अभी भी लागू है। चूंकि गोर दक्षिण एशिया व मध्य एशियाई मामलों के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष प्रतिनिधि हैं, इसलिए उनकी कश्मीर यात्रा और दो टूक बयान की अपनी अलग अहमियत है। खासतौर पर तब, जब पाकिस्तान के संबंध भी अमेरिका के साथ फिलहाल मधुर बने हुए हैं और अमेरिका ईरान से लड़े जा रहे युद्ध में पाकिस्तान को अपने हितों के लिए इस्तेमाल कर रहा है। इस बयान से उमर अब्दुल्ला को भी बड़ा झटका लगा है, क्योंकि वे कुछ दिनों से धारा-370 की पुनर्बहाली की मांग कर रहे हैं। पाकिस्तान धर्म की घुट्टी पिलाकर 35 साल से भारत पर आतंकी हमले करता रहा है, जबकि उसे सबसे मुकम्मल उत्तर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दिया गया था। लेकिन वह बाज नहीं आ रहा है। कुत्ते की पूंछ की तरह पाक की पूंछ टेढ़ी ही बनी हुई है। गैर-कश्मीरियों और हिंदुओं की हत्या के लिए उसकी क्रूरता समाप्त नहीं हो रही है। जाहिर है, पाकिस्तान भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बदले को भूल गया है। उसे एक बार फिर करारा जवाब देना होगा। दरअसल, इस समय पाकिस्तान अपने कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में चल रहे आजादी के आंदोलन से भी जूझ रहा है। वहां भी उसने निर्ममता बरतते हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारियों को भूनने का काम हाल ही में किया है। पाक की ये हरकतें इसलिए भी बरकरार हैं, क्योंकि ईरान हमले में उलझा अमेरिका



उसकी पीठ थपथपाने में लगा है। ऐसे में भारत को अनेक कूटनीतिक कदम उठाकर पाकिस्तान को विवश करना पड़ रहा है। अब जाकर उसे कश्मीर मुद्दे पर अमेरिका का दो टूक जवाब मिला है। अनुच्छेद-370 हटने के बाद भी हालातों में सुधार नहीं हो पा रहा है, तो इसका एक बड़ा कारण मजहबी कट्टरता पर चोट नहीं कर पाना है।

गोया, साफ है कि यह समस्या अब राजनीतिक व संवैधानिक नहीं रह गई है, बल्कि धार्मिक चरमपंथ के रूप में सामने आ रही है। इस हिंसक उन्माद का सोच पाकिस्तान से निर्यात आतंकवाद तो है ही, घाटी में कुकुरमुत्तों की तरह मस्जिदों और मदरसों में फैला, वह शिक्षा का तंत्र भी है, जो आतंक की फसल बोने और उगाने का काम करता है। यही वजह है कि जितने भी इस्लामिक देश हैं, उनमें न तो अल्पसंख्यकों का जनसंख्यात्मक घनत्व बढ़ रहा है और न ही उन्हें नागरिक समानता के अधिकार मिल रहे हैं। कश्मीर में भी जिहादी चाहते हैं कि गैर-मुस्लिम या तो इस्लाम स्वीकार करें या फिर घाटी छोड़ जाएं। मुस्लिमों की इस दोषपूर्ण मंशा को संविधान निर्माण के समय ही डॉ. भीमराव आंबेडकर ने समझ लिया था। शेख अब्दुल्ला ने जब जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने की मांग की तो आंबेडकर ने सख्त लहजे में कहा था कि 'आप चाहते हो कि भारत कश्मीर की रक्षा करे, कश्मीरियों की आर्थिक सुरक्षा करे, कश्मीरियों को संपूर्ण भारत में समानता का अधिकार मिले, लेकिन भारत और अन्य भारतीयों को आप कश्मीर में कोई अधिकार देना नहीं चाहते ? मैं देश का कानून मंत्री हूं और मैं अपने देश के साथ कोई अन्याय या विश्वासघात किसी भी हालत में नहीं कर सकता हूं।' विडंबना देखिए कि मुस्लिम समाज देश में हर जगह वृहद हिंदू समाज के बीच अपने को सुरक्षित पाता है, किंतु जहां कहीं भी हिंदू अल्पसंख्यक मुस्लिमों के बीच रह रहे हैं, उनकी सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। बावजूद नेहरू के अनावश्यक दखल से कश्मीर को विशेष दर्जा मिल गया। इस भिन्नता का संकट देश बंटवारे से लेकर अब तक भुगत रहा है। यही वजह है कि इस बंटवारे के बाद पाकिस्तान से जो हिंदू, बौद्ध, सिख और दलित शरणार्थी के रूप में जम्मू-कश्मीर में ही ठहर गए थे, उन्हें मौलिक अधिकार धारा-370 हटने के बाद मिल पाए हैं। इनकी संख्या करीब 70-80 लाख है। पहलगाम हमले के बाद जितने भी आतंकी हमले कश्मीर में हुए हैं, उनमें से ज्यादातर की जिम्मेदारी भी टीआरएफ ने ली थी। यह लश्कर-ए-तैयबा का ही एक मुखौटा संगठन है, जो लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद जैसे समूहों की आतंकी हरकतों को ही अंजाम देता है। भारतीय सेना ने कोटली अब्बास में जिस आतंकी शिविरों को तबाह किया किया था, इसमें 1500 आतंकियों को प्रशिक्षण दिया गया था। मुरीदके में जिस मरकज तैयबा को ध्वस्त किया गया था, यहां लश्कर का मुख्यालय माना जाता है। यहीं से मुंबई हमले के प्रमुख आतंकी अजमल कसाब ने प्रशिक्षण लिया था। इस जवाबी कार्यवाही के बाद भारत की कूटनीति अत्यंत सफल दिखाई दी थी, क्योंकि भारत का तत्काल अमेरिका, रूस और जापान ने खुलकर समर्थन किया था।

अतएव इसमें कोई दो राय नहीं कि सीमापार स्थित ठिकानों से आतंकी गतिविधियां संचालित करने वाले संगठनों के खिलाफ सेना और सुरक्षाबलों ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। कश्मीर में आतंकी बने रहने का एक कारण यह भी है कि आतंकियों को मुस्लिम बहुल इलाकों में मुस्लिम होने के कारण संरक्षण आसानी से मिल जाता है। यही कारण है कि आतंकी बिना किसी शोर-शराबे के मुस्लिम आबादी के बीच घुसपैठ करके हिंदुओं के विरुद्ध लक्षित हिंसा को परिणाम में बदलने में सफल हो जाते हैं। ऐसे हमलों में निर्दोष लोग ही मारे जाते हैं। अब अमेरिकी राजनयिक के कथन के बाद संभव है आतंकी हमलों पर अंकुश लगे!

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पुण्यतिथि विशेष
मोहित सिंगला



बिस्मिल्लाह खान : शहनाई के सुरों में बसती एक सभ्यता

भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि यहां कला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि साधना, अध्यात्म और जीवन-दर्शन का स्वरूप मानी जाती है। इसी परंपरा को अपने जीवन और संगीत से साकार करने वाले महान कलाकार थे भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खान। उन्होंने शहनाई जैसे पारंपरिक लोक वाद्य को विश्व के प्रतिष्ठित संगीत मंचों तक पहुंचाकर उसे भारतीय सांस्कृतिक पहचान का वैश्विक प्रतीक बना दिया। उनके हाथों में शहनाई केवल एक वाद्य नहीं रहती थी, बल्कि वह गंगा की लहरों, मंदिरों की घंटियों, सूफी दरगाहों की रूहानियत और भारत की साझी सांस्कृतिक विरासत का जीवंत स्वर बन जाती थी। 21 मार्च 1916 को बिहार के डुमरांव रियासत में जन्मे बिस्मिल्लाह खान का वास्तविक नाम कमरुद्दीन था। बचपन में ही वे अपने परिवार के साथ काशी (वाराणसी) आ गए। यही प्राचीन नगरी उनके व्यक्तित्व, संगीत और आध्यात्मिक चेतना की कर्मभूमि बनी। काशी की गलियों, गंगा के घाटों, मंदिरों की आरती और लोकजीवन की ध्वनियों ने उनके भीतर संगीत की ऐसी संवेदना जगाई, जिसने आगे चलकर उन्हें विश्व का सर्वश्रेष्ठ शहनाई वादक बना दिया। उनके मामू उस्ताद अली बख्श काशी विश्वनाथ मंदिर में शहनाई बजाते थे। बालक बिस्मिल्लाह घंटों बैठकर उनके सुरों को सुनते और धीरे-धीरे स्वयं भी इस वाद्य के प्रति आकर्षित होते गए। महज छह वर्ष की आयु में उन्होंने शहनाई सीखनी शुरू कर दी। आगे चलकर



उनका जीवन कठोर अनुशासन और अथक साधना का पर्याय बन गया। प्रतिदिन प्रातःकाल गंगा स्नान, मां मंगला गौरी के दर्शन और फिर गंगा तट स्थित बालाजी मंदिर में घंटों रियाज उनकी नियमित दिनचर्या का हिस्सा था। कहा जाता है कि लगभग 16 वर्षों तक उन्होंने निरंतर इसी स्थान पर साधना की। यही तप उन्हें संगीत के उस शिखर तक ले गई, जहां प्रतिभा भी साधना के सामने नतमस्तक दिखाई देती है। उस्ताद बिस्मिल्लाह खान का संगीत भारत की सांस्कृतिक विविधता में निहित एकता का अद्भुत उदाहरण था। वे जन्म से मुस्लिम थे, लेकिन उनकी आत्मा काशी की संस्कृति में पूरी तरह रची-बसी थी। मंदिरों में शहनाई बजाना, मां गंगा के प्रति अगाध श्रद्धा और संगीत को ईश्वर की आराधना मानना उनके व्यक्तित्व की ऐसी विशेषताएं थीं, जिन्होंने उन्हें सांप्रदायिक सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब का जीवंत प्रतीक बना दिया। उनके लिए संगीत किसी धर्म, भाषा या सीमा में बंधा नहीं था; वह मानवता की सार्वभौमिक भाषा था। 15 अगस्त 1947 की ऐतिहासिक सुबह, जब भारत स्वतंत्र हुआ, तब दिल्ली के लाल किले से उनकी शहनाई की मंगलध्वनि ने स्वतंत्र भारत के नए युग का स्वागत किया। यह क्षण भारतीय इतिहास का अमर अध्याय बन गया। इसके बाद उन्होंने अनेक देशों में अपनी प्रस्तुतियों से भारतीय शास्त्रीय संगीत का परचम लहराया। जहां भी उनकी शहनाई गूंजी, वहां श्रोताओं ने केवल सुर नहीं सुने, बल्कि भारत की आत्मा का स्पर्श महसूस किया। विश्वभर से अनेक आकर्षक प्रस्ताव मिलने के बावजूद उन्होंने वाराणसी को कभी नहीं छोड़ा। जब उनसे विदेश में बसने का आग्रह किया गया तो उन्होंने सहज भाव से कहा कि यदि वहां गंगा और काशी मिल जाएं तो वे अवश्य चले जाएंगे। इस उत्तर में केवल अपने शहर के प्रति प्रेम ही नहीं, बल्कि उस सांस्कृतिक चेतना का सम्मान भी था, जिसने उनके संगीत को जन्म दिया था। भारतीय संगीत और संस्कृति में उनके अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण, पद्म विभूषण, संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप तथा वर्ष 2001 में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से अलंकृत किया गया। किंतु उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान श्रोताओं का प्रेम और संगीत की साधना थी। 21 अगस्त 2006 को उस्ताद बिस्मिल्लाह खान इस संसार से विदा हो गए, लेकिन उनकी शहनाई आज भी समय की सीमाओं को पार करती हुई सुनाई देती है। उनके सुर यह संदेश देते हैं कि कला तभी अमर होती है, जब उसमें तप, समर्पण, विनम्रता और संस्कृति की आत्मा का संगम हो। उस्ताद बिस्मिल्लाह खान केवल एक महान शहनाई वादक नहीं थे, बल्कि भारतीय सभ्यता के सांस्कृतिक दूत थे। उन्होंने सिद्ध किया कि संगीत मनुष्यता को जोड़ने वाली सबसे सशक्त भाषा है। उनकी जीवन यात्रा आने वाली पीढ़ियों को यह प्रेरणा देती रहेगी कि साधना से जन्मा कला का स्वर कभी मौन नहीं होता; वह युगों-युगों तक मानवता के हृदय में गूंजता रहता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

मन में निर्भयता लाती है मां दुर्गा की भक्ति साधना



संकलित
दर्शन

वैसे तो हिंदी वर्षानुसार वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत व ग्रीष्म- छह ऋतुएं होती हैं, लेकिन मुख्य रूप से दो ही प्रधान हैं- सर्दी व गर्मी। इन दोनों प्रधान ऋतुओं की संधि बेला को नवरात्रि की संज्ञा दी गई है। दिन और रात्रि के मिलन को संध्याकाल कहते हैं। इस महत्वपूर्ण समय को ईश्वर की आराधना, भजन, संध्या, वंदन व आध्यात्मिक साधना में लगाया जाना चाहिए, क्योंकि यह समय अत्याधिक लाभदायी और कम श्रम से अधिक फल देने वाला माना गया है। संध्या काल को पुण्य पर्व भी कहा गया है। आरोग्य शास्त्र के विद्वानों को विदित है कि आश्विन व चैत्र मास में जो सूक्ष्म परिवर्तन होता है, उसका प्रभाव शरीर पर कितनी अधिक मात्रा में पड़ता है। यह बदलाव स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव डालता है। अनेकानेक रोग, ज्वर, चेचक आदि मनुष्य पर हावी होने लगते हैं। वैद्य जानते हैं कि वमन, विरेचन, स्वेदन, वस्ति, रक्त मोक्षण आदि शरीर शोधन कार्यों के लिए आश्विन और चैत्र का महीना ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। ऐसे समय में ही साधना का महत्वपूर्ण पर्व आता है। हिंदू परंपरा के अनुसार, भारतीय पर्व और त्योहारों में नवरात्रि पर्व का अत्यधिक महत्व है। यह वर्ष में दो बार आता है। दुर्गावतरण की पावन कथा भी इसके साथ जुड़ी हुई है। देवत्व के संयोग से असुर निकंदिनी महाशक्ति के उद्भव का महत्व हर युग में रहा है। युग की भयावह समस्याओं से त्राण पाने के लिए युग शक्ति के उद्भव की कामना हर मन में उठती है। अधिकांश लोग व्रत, उपवास एवं अनुष्ठान करते हैं।

भरे गिलास से, मंदिर की परिक्रमा



संकलित
प्रेरणा

एक महिला रोज मंदिर जाती थी एक दिन उस महिला ने पुजारी से कहा अब मैं मंदिर नही आया करूंगी इस पर पुजारी ने पूछा क्यो? तब महिला बोली- मैं देखती हूं लोग मंदिर परिसर में अपने फोन से अपने व्यापार की बात करते हैं कुछ ने तो मंदिर को ही गपसप करने का स्थान चुन रखा है, कुछ पूजा कम पाखंड ज्यादा करते हैं। इस पर पुजारी कुछ देर तक चुप रहे फिर कहा- सही है! परंतु अपना अंतिम निर्णय लेने से पहले आप मेरे कहने से कुछ कर सकती है। महिला बोली- आप बताइए क्या करना है। पुजारी ने कहा- एक गिलास पानी से भरकर लीजिए और 2 बार मंदिर परिसर के अंदर परिक्रमा लगाइए शर्त ये है कि गिलास का पानी गिरना नहीं चाहिए। महिला बोली- में ऐसा कर सकती हूं फिर थोड़ी ही देर में उस महिला ने ऐसा कर दिखाया। उसके बाद मंदिर के पुजारी ने महिला से 3 सवाल पूछे- 1) क्या आपने किसी को फोन पर बात करते देखा? 2) क्या आपने किसी को मंदिर मे गपसप करते देखा? 3) क्या किसी को पाखंड करते देखा? महिला बोली- नही मैंने कुछ भी नही देखा। फिर पुजारी बोले- जब आप परिक्रमा लगा रही थी तो आपका पूरा ध्यान गिलास पर था कि इस में से पानी न गिर जाए इसलिए आपको कुछ दिखाई नहीं दिया। अब जब भी आप मंदिर आए तो सिर्फ अपना ध्यान परम पिता परमात्मा में ही लगाना फिर आपको कुछ दिखाई ही नही देगा। सिर्फ भगवान ही सर्ववृत दिखाई देगा, जब ऐसा होगा तो स्वयं ही कल्पना कर लीजिएगा।

अंतर्मन



आज की पाती

जब अपनों के बीच ही असुरक्षित हो जाए बुढ़ापा

बुढ़ापा जीवन का वह पड़ाव है, जहां व्यक्ति को सबसे अधिक सहारे, सम्मान और अपनत्व की आवश्यकता होती है। जिस माता-पिता ने अपने बच्चों को पालने, पढ़ाने और उन्हें जीवन में आगे बढ़ाने के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया, उसी उम्र में यदि उन्हें अपने ही घर में उपेक्षा, अपमान या असुरक्षा का सामना करना पड़े तो यह केवल एक परिवार की समस्या नहीं रह जाती, बल्कि पूरे समाज के सामने एक गंभीर सवाल खड़ा करती है। इसी संवेदनशील मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी ने देश का ध्यान बुजुर्गों की गरिमा और सुरक्षा की ओर खींचा है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और भरण-पोषण सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए कानून के तहत ट्रिब्यूनल जरूरत पड़ने पर बच्चों को माता-पिता की संपत्ति से बेदखल करने का आदेश दे सकता है। अदालत ने कहा कि बढ़ती उम्र का अर्थ असुरक्षा, उपेक्षा या अपमान नहीं होना चाहिए।

– कांतिलाल मांडोत, सूरत

ट्रेंड

रक्षा प्रौद्योगिकी



जापान के रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइज़ुमी के साथ सार्थक बैठक की। हमने समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने, "मेक इन इंडिया" पहल के तहत रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा की।

-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

मुस्लिम तुष्टीकरण



कांग्रेस आज भी मुस्लिम लीग और मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति से आगे नहीं बढ़ पाई है। 1937 में, मुस्लिम लीग के दबाव में कांग्रेस ने 'वंदे मातरम' के केवल दो पद ही स्वीकार किए थे। यह विडंबना है कि इतने वर्षों बाद भी कांग्रेस उसी पुराने प्रस्ताव को उसी रूप में दोहराकर वही गलती कर रही है।

- रविशंकर प्रसाद, सांसद, भाजपा

नाकामियां



राजस्थान के स्कूलों की हालत कुछ जर्जर है, तो कहीं बच्चे विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं... लेकिन सुधार करने के बजाय, सरकार लोगों को स्कूलों में घुसने से रोक रही है और फोटोग्राफी पर पाबंदियां लगा रही है। वह अपनी नाकामियों को छिपा रही है।

- सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री

राजीव गांधी को नमन



राजीव गांधी ने भारत के युवाओं में न केवल भविष्य देखा, बल्कि भविष्य को आकार देने की शक्ति भी देखी। ग्रुडविल डे पर उस युवा सोच, उस दूरदर्शिता और भारत के उस सपने को नमन, जो आज भी हर नई पीढ़ी को आगे बढ़ने को प्रेरित करता है।

- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

करंट अफेयर

प्रिंस हैरी और पत्नी मेगन बच्चों के साथ लौटेंगे ब्रिटेन



प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन ने ब्रिटेन लौटने का फैसला किया है लेकिन वे शाही परिवार के कामकाजी सदस्यों के रूप में अपनी भूमिकाएं दोबारा नहीं संभालेंगे। समाचारपत्र 'डेली टेलीग्राफ' की खबर के अनुसार, दंपति के बच्चों प्रिंस आर्ची (सात) और प्रिंसेस लिलिबेट (पांच) का ब्रिटेन के विद्यालयों में दाखिला हो चुका है और वे सितंबर से अपनी पढ़ाई शुरू करेंगे। खबर के मुताबिक, यह परिवार लंदन के बाहर एक निजी आवास में रहेगा। हैरी और मेगन ने छह साल से अधिक समय पहले शाही जिम्मेदारियां छोड़ दी थीं और आर्थिक रूप से स्वतंत्र जीवन जीने के लिए कैलिफोर्निया चले गए थे। वहां उन्होंने 'नेटफ्लिक्स' और 'स्पॉटिफाई' जैसी कंपनियों के साथ आकर्षक करार किए थे। इसके बाद ब्रिटेन के शाही परिवार के अन्य सदस्यों के साथ उनके रिश्तों में तल्खी आई, लेकिन ऐसी खबरें सामने आईं कि हैरी ने सुलह की इच्छा जताई है ताकि वह अपने पिता महाराजा चार्ल्स तृतीय के साथ अधिक समय बिता सकें। महाराजा चार्ल्स तृतीय बीमार हैं और उनका कैंसर का इलाज चल रहा है। महाराजा चार्ल्स को रविवार को दंपति की ब्रिटेन लौटने की योजना की जानकारी दी गई।

ऑफ बीट

युवावस्था में भांग का सेवन बढ़ाता है मनोविकृति के खतरे



भांग यानी कैनाबिस का 20 और 30 की उम्र में सेवन करने वाले लोगों में गैर-उपयोगकर्ताओं की तुलना में मनोविकृति (साइकोसिस) की शुरुआत कई साल पहले ही होने की आशंका होती है। एक नए अध्ययन में यह दावा किया गया है। 'बायोलॉजिकल साइकियाट्री' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, इससे उस धारणा को चुनौती मिलती है कि 25 की उम्र तक भांग का सेवन शुरू नहीं करने से मनोविकृति के जोखिम से बचा जा सकता है, क्योंकि माना जाता है कि इस उम्र तक मस्तिष्क का विकास पूरा हो जाता है। लोग मनोविकृति की दृष्टि से संवेदनशील थे, उनमें 30 की उम्र के आसपास भांग का सेवन करने से भी मनोविकृति की शुरुआत करीब 6.3 साल पहले हो गई थी। भांग का सेवन लगातार आम होता जा रहा है। कई उपयोगकर्ताओं में भांग से होने वाले मानसिक स्वास्थ्य संबंधी नुकसान इसके किसी भी चिकित्सकीय लाभ से अधिक हो सकते हैं। चिंता, अवसाद या अनिद्रा के उपचार में इसके प्रभावी होने के बहुत कम प्रमाण हैं।मनोविकृति ऐसे विकारों का एक समूह है जिसमें व्यक्ति की वास्तविकता को समझने की क्षमता प्रभावित होती है। इसका गंभीर और लंबे समय तक रहने वाला रूप शिजोफ्रेनिया है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय, सिविल लाईन रायपुर छत्तीसगढ़

दूरभाष: 0771-2537404, टेलीफैक्स 0771-2234731 ई-मेल: deptt. archaeology@gmail.co.in

क्रमांक 722/पु.अभि.संग्र./ मॉड/2026 रायपुर दिनांक 19/08/2026

विज्ञापन

पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय, रायपुर, छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ की समृद्ध प्राचीन मूर्त सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुँचाने तथा पर्यटकों एवं आमजन में धरोहरों, शिल्प एवं कलाकृतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संचालनालय द्वारा स्मृति प्रदर्श (Souvenir) तैयार कराए जाने हैं। इन स्मृति प्रदर्शों को विभिन्न उपयोगी एवं आकर्षक रूपों जैसे - पेपरवेट, चाबी - छल्ला, फ्रिज मैगनेट, स्मृति-चिह्न, सजावटी एवं उपयोगी वस्तुएँ, अन्य आकर्षक प्रतिकृतियाँ तैयार किया जाना है। इस कार्य हेतु प्राचीन धरोहरों, शिल्प, कलाकृतियों एवं उनके प्रतिरूप तैयार करने के क्षेत्र में कार्यरत इच्छुक व्यक्ति, शिल्पकार, कलाकार, डिजाइनर, फर्म एवं संस्थाएँ संचालनालय की प्रतिकृति शाखा में कार्यालयीन दिवसों में इन नंबरों पर 94242-94905, 98261-34914 संपर्क कर सकते हैं।

आइए, हमारी विरासत को केवल संग्रहालयों तक सीमित न रखें, उसे जन-जन की स्मृतियों का हिस्सा बनाएं।

प्रभारी अधिकारी (मॉड)
पुरातत्व अभि. एवं संग्रहालय रायपुर

G-262702886/1

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

दूरभाष (का.) 0771-2439564, 0771-2331204, वेबसाईट: www.psc.cg.gov.in

क्रमांक/GENS-2101/6661/2026 / EXAM/DIS/673132/2026
नवा रायपुर, दिनांक 18/08/2026

सहायक ग्रंथपाल (मुख्य) परीक्षा 2026 के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना

सहायक ग्रंथपाल (मुख्य) परीक्षा 2026 की लिखित परीक्षा दिनांक 10 अक्टूबर 2026 (शनिवार) को जिला बिलासपुर एवं रायपुर के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा की समय सारणी निम्नानुसार है :-

DATE	DAY	TIME
10.10.2026	SATURDAY	10.00 AM TO 01.00 PM

उक्त परीक्षा हेतु आयोग द्वारा प्रवेश पत्र परीक्षा तिथि के 10 दिवस पूर्व जारी किया जावेगा। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट www.psc.cg.gov.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। आयोग कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी को पृथक से प्रवेश पत्र अथवा प्रवेश पत्र जारी किए जाने संबंधी कोई सूचना या SMS व्यक्तिशः नहीं भेजा जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग
नवा रायपुर अटल नगर

G-262702891/1

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
दूरभाष (का.) 0771-2439564, 0771-2331204,
वेबसाईट: www.psc.cg.gov.in

क्रमांक/GENS-2101/6661/2026/EXAM/DIS/673131/2026
नवा रायपुर, दिनांक 18/08/2026

सहायक ग्रंथपाल (मुख्य) परीक्षा 2026 के आयोजन की संक्षिप्त सूचना

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन क्रमांक 01/2026/परीक्षा/दिनांक 21/04/2026 द्वारा सहायक ग्रंथपाल परीक्षा-2026 हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। परीक्षा के अगले चरण में सहायक ग्रंथपाल (मुख्य) परीक्षा 2026 का आयोजन दिनांक 10.10.2026 को किया जाना है। मुख्य परीक्षा में शामिल होने हेतु अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। सहायक ग्रंथपाल (प्रारंभिक) परीक्षा 2026 के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु चिन्हांकित अभ्यर्थी दिनांक 20.08.2026 से 19.09.2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन संबंधी जानकारी तथा सहायक ग्रंथपाल (मुख्य) परीक्षा 2026 के आयोजन की सूचना आयोग की वेबसाइट www.psc.cg.gov.in पर उपलब्ध है, साथ ही रोजगार एवं नियोजन के आगामी अंक में भी उक्त जानकारी को अवलोकन किया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग
नवा रायपुर, अटल नगर

G-262702893/1

कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग बिलासपुर मंडल, बिलासपुर

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार **सरल क्रं. 01 से 07 हेतु दिनांक 31.08.2026 एवं सरल क्रं. 08 हेतु 08.09.2026** तक निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	नि.आ.सू.क्र. दिनांक	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
1	242	त्वरित मरम्मत अंतर्गत लो.नि.वि. उपसंभाग सारंगढ़ के विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य। **चतुर्थ आमंत्रण। सारंगढ़ संभाग सारंगढ़ । मद संख्या- 24-3054-7983**	25.00
2	243	खरसिया उसंभाग के अंतर्गत राज्य मार्ग, जिला मार्ग एवं ग्रामीण विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच मरम्मत कार्य । **चतुर्थ आमंत्रण। रायगढ संभाग रायगढ़। मद संख्या-24-3054-7983**	24.94
3	244	धरमजयगढ़ उसंभाग के अंतर्गत राज्य मार्ग, जिला मार्ग एवं ग्रामीण विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच मरम्मत कार्य। **चतुर्थ आमंत्रण। रायगढ संभाग रायगढ़। मद संख्या-24-3054-7983**	24.86
4	245	रायगढ़ उसंभाग के अंतर्गत राज्य मार्ग, जिला मार्ग एवं ग्रामीण विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच मरम्मत कार्य। **चतुर्थ आमंत्रण। रायगढ संभाग रायगढ़ । मद संख्या-24-3054-0134**	50.00
5	246	उपसंभाग सारंगढ़ अंतर्गत विभिन्न मार्गों में मरम्मत का कार्य। **चतुर्थ आमंत्रण। सारंगढ़ संभाग सारंगढ़। मद संख्या-24-3054-0134**	25.00
6	247	जिला रायगढ़ के छुहीपाली से राजघाट मार्ग लंबाई 2.50 कि.मी. निर्माण कार्य। **तृतीय आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़। मद संख्या- 24-5054-1222**	179.91
7	248	जिला रायगढ़ के सियारपाली पहुंच मार्ग लंबाई 1.20 कि.मी. निर्माण कार्य। **तृतीय आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़। मद संख्या-24-5054-1222**	119.04
8	249	नवीन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में उपसंचालक कृषि कार्यालय भवन निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। सारंगढ़ संभाग सारंगढ़। मद संख्या 67-4401-0101**	141.76

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है ।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि.,बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

G- 262702879/4

एकतरफा ढंग से बलपूर्वक यथास्थिति को बदलने के प्रयासों के सख्त खिलाफ भारत और जापान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संघर्ष और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दिनों दिन बढ़ती चीन की दादागिरी के बीच गुरुवार को नई दिल्ली में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की जापान के रक्षा मंत्री शिंजीरो कोइजुमी के साथ एक उच्च स्तरीय द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसके केंद्र में दोनों देशों की विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के तहत एक खुले हुए, स्वतंत्र हिंद प्रशांत क्षेत्र (आईपीआर) के गठन को लेकर रक्षा सहयोग को भविष्य में और अधिक मजबूत बनाने पर सहमति जताई गई है। इसके अलावा क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय माहौल को लेकर अपना आकलन साझा करने को लेकर भी दोनों देश एकजुट हैं। चीन का नाम लिए बगैर दोनों रक्षा मंत्रियों ने बैठक में नौवहन, हवाई उड़ान की स्वतंत्रता में किसी भी तरह की बाधा डालने वाली एकतरफा कार्रवाई और बलपूर्वक यथास्थिति को बदलने के सभी प्रयासों का कड़ा विरोध जताया है। यह जानकारी बैठक के बाद रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए साझा प्रेस बयान से मिली है।

समुद्री सुरक्षा को लेकर हुआ एमओयू

बैठक से इतर दोनों देशों ने अपने समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूती प्रदान करने के लिए मामले पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। जो इस क्षेत्र में सहयोग को प्रगाढ़ बनाने के लिए भारत और जापान को एक प्रारूप प्रदान करता है। दोनों देशों की नौसेनाएं इसके केंद्र में हैं। समुद्री क्षेत्र जागरूकता, खोज-बचाव, मानवीय सहायता-आपदा राहत जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने जैसे कदम भी इस समझौते में शामिल हैं।

भारत दौरे पर आ सकते हैं चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग

नई दिल्ली। भारत में 12-13 सितंबर को 18वां ब्रिक्स सम्मेलन होने जा रहा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मेलन में शामिल होने की पुष्टि है। वहीं, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भी भारत आने की तैयारियां चल रही हैं। अगर जिनपिंग भारत आते हैं तो यह करीब 7 साल बाद उनकी भारत यात्रा होगी।

OFFICE OF THE COMMISSIONER
NAGAR PALIK NIGAM, CHIRMIRI
Malviya Nagar, West Chirmiri, Distt.- M.C.B.(C.G.)

E-procurement Tender Notice (2nd Call)
Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

NIT. No. 5280/Tech.-11/NPN Chirmiri/2026-27 Chirmiri, Dated- 18.08.2026

Online bids are invited for followings works up to 10.08.2026

S. No.	System Tender No.	Name of work	Last Date for online bid Submission	Last Date for Physical Submission	Probable Amount of Contract (In Lakh)
1	197820	Construction of Auditorium, At W.No. 20 (At Near Govt. Lahiri College Chirmiri)	03/09/2026	08/09/2026	Rs 450.28

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) from 19.08.2026 at 10:00 Hours (IST) on wards.For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

Executive Engineer
Nagar Palika Nigam Chirmiri
District- M.C.B (C.G)

S-48828/1

सेना देश की ईमानदार करदाता, हमारा वेतन सीधे टैक्स काटकर मिलता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

'हम जेन जी (जेन-जेड) हैं, ये बकवास बर्दाश्त नहीं करेंगे। हमारे टैक्स के पैसे से सेना को सैलरी मिलती है। आपने यह रोड ब्लॉक क्यों की हुई है? इसी तरह से आप कश्मीर के लोगों पर भी रोक लगाते हैं। हम यहां से नहीं हिलेंगे, आपको जो समझना है, वो समझो। अब तो ये बात संसद तक जाएगी, मैंने वीडियो बना लिया है, किसी को नहीं छोड़ूंगी'। यह असभ्यता से भरे वो चंद अलफाज हैं, जिन्हें बीते दिनों लद्दाख के कारगिल स्थित मिनिमार्ग चेकपॉइंट पर एहतियातन कुछ देर के लिए सड़क बंद किए जाने से आगबबूला हुई एक युवा महिला पर्यटक ने वहां तैनात सेना, स्थानीय पुलिसकर्मियों व अन्य सुरक्षाबलों के लिए इस्तेमाल किया। घटना का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर अपलोड होने के ठीक एक दिन बाद गुरुवार को तेजी से वायरल हुआ। आम जनता समेत पूर्व सैन्यकर्मियों ने लड़की के व्यवहार पर सख्त नाराजगी जताई। जिसके बाद लड़की की अक्ल भी ठिकाने पर आ गई और उसने अपने इस व्यवहार के लिए भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस के अलावा सभी सुरक्षाबलों के सामने माफी मांग ली है।

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/रायगढ़/एसएएम/सीएसए/2026/1559

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र की छाल खुली खान Seam-III परियोजना (6MTY) हेतु भूमि का अर्जन कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम 1957 के धारा 9 (1), संवैधानिक आदेश क्रमांक 03, प्रकाशन दिनांक 04.01.2014 के तहत् किया गया है। जिसमें ग्राम-छाल, तहसील-छाल, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) के निम्नलिखित भू-प्रभावित द्वारा नामित अपने प्रत्यक्ष आश्रित उम्मीदवार को एसईसीएल में कोल इण्डिया पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना नीति 2012 (अवरोही क्रम) के तहत् नौकरी प्रदान करने हेतु प्रस्तावित है। उक्त प्रकरण में प्रीावित खातेदार/नामित आश्रित द्वारा संलग्न किए गए भूमि एवं अन्य व्यक्तिगत दस्तावेजों में नाम में भिन्नता पायी गई है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

स. क्र.	खसरा क्रमांक	रकबा (हे. में)	Statement-1A के अनुसार खातेदार/सह खातेदार का नाम एवं जाति	नामांकन पत्र अनुसार नौकरी नामांकित व्यक्ति का वास्तविक नाम व जन्मतिथि	नाम में अंतर वाले व्यक्ति	दस्तावेजों के अनुसार खातेदार/ सह खातेदार, बालिग आश्रित तथा नौकरी नामांकित व्यक्ति के नाम (बी-I, पी-II, नामांतरण पंजी, ऋण-पुस्तिका, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, अंकसूची, राशन कार्ड आदि में)	टिप्पणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	1406/3 कुल 01	0.460 हे. 0.460 हेक्टेयर (1.14 एकड़)	शुकलाराम पिता जेठूराम, जाति-मांझी	धनमती पति सुक्लाराम मांझी, पिता जगसाय मांझी, जाति-मांझी जन्मतिथि- 01.01.1982 आधार नंबर 767166496857	सुक्लाराम मांझी पिता जेठुराम	(1) नामांकन पत्र में- शुकलाराम पिता जेठूराम, जाति मांझी एवं सुक्लाराम मांझी है। (2) वंशवृक्ष में सुक्लाराम पिता जेठूराम है। (3) बी-I वर्ष 2011-2012 में शुकलाराम पिता जेठूराम, जाति मांझी है। (4) बी-I वर्ष 2013-2014 में शुकलाराम पिता जेठूराम, जाति मांझी है। (5) पी-II वर्ष 2013-2014 में शुक्लाराम पिता जेठूराम, जाति मांझी है। (6) ऋण पुस्तिका में सुक्ला राम पिता जेठूराम मांझी है। (7) आधार कार्ड में सुक्लाराम मांझी पिता जेठुराम (Suklaram Manjhi S/o Jethuram) है एवं आधार नंबर 620856535812 है। (8) मतदाता परिचय पत्र में शुकलराम पिता जेठूराम (Shukalram S/o Jethuram) है। (9) राशन कार्ड में शुक्ला राम एवं शुकला, पत्नि धनमती है। (10) विवाह प्रमाण पत्र में शुक्लाराम मांझी पिता जेठूराम, पत्नि धनमती है। (11) Statement-V में शुकलाराम पिता जेठूराम, जाति मांझी है। (12) Statement-1A में शुक्लाराम पिता जेठूराम, जाति मांझी है। (13) अवरोही क्रम सूची में शुकलाराम पिता जेठूराम, जाति मांझी है। (14) मुआवजा भुगतान रसीद में Shuklaram S/o Jethuram है। (15) पत्नि के स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र में सुक्लाराम मांझी है। (16) पत्नि के आधार कार्ड में सुक्लाराम मांझी है। (17) पत्नि के मतदाता परिचय पत्र में शुक्लाराम मांझी है।	दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम खातेदार सुक्लाराम मांझी पिता जेठुराम का ही नाम है।
					धनमती पति सुक्लाराम मांझी	(1) नामांकन पत्र में धनमती पति सुक्लाराम मांझी, पिता- जगसाय मांझी है। (2) वंशवृक्ष में धनमति पति सुक्लाराम है। (3) विवाह प्रमाण पत्र में धनमति पति शुक्लाराम मांझी पिता जगसाय मांझी है। (4) स्थायी सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र में धनमति पिता जगसाय मांझी जाति मांझी है। (5) स्थानीय निवास प्रमाण पत्र में धनमति पति सुक्लाराम मांझी है। (6) आधार कार्ड में धनमति पति सुक्लाराम मांझी (Dhanmati W/o Suklaram Manjhi) आधार कार्ड नं. 767166496857 एवं जन्म तिथि 01.07.1992 है। (7) मतदाता परिचय पत्र में धनमोति पति शुक्लाराम मांझी (Dhanmoti Manjhi W/o Suklaram Manjhi) एवं जन्मतिथि/वर्ष 1982 है। (8) राशन कार्ड में शुक्ला राम, शुकला पत्नि धनमती है।	दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम नौकरी हेतु नामांकित व्यक्ति धनमती पति सुक्लाराम मांझी का ही नाम है।

एसईसीएल में उपरोक्त प्रस्तावित नौकरी के संबंध में किसी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो और साथ ही आवेदक भू-स्वामी व नौकरी हेतु नामांकित व्यक्ति के पहचान व नाम में भिन्नता के संबंध में किसी व्यक्ति को यदि कोइ आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत कार्यालय महाप्रबंधक, एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के समक्ष उक्त सूचना के प्रकाशन तिथि से 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

प्रभारी अधिकारी (भू-राजस्व), छाल उपक्षेत्र, एसईसीएल, रायगढ़ क्षेत्र

SECL/26-27/111

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/जीएम/बीएसपीआर/भू.रा./आमगांव/26/1211 दिनांक 30.07.2026

सूचना

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के अंतर्गत आमगांव ओएनकास्ट परियोजना हेतु ग्राम पटना के लिए अधिग्रहित भूमि से प्रभावित भूमिस्वामी एवं उनके नामित आश्रित/उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बावत् समाचार पत्र में प्रकाशन।

क्र.	भूमिस्वामी का नाम/पिता का नाम धारा 9 (1) दिनांक 15.07.2006	स्टेटमेंट 1 ए के अनुसार भूमिस्वामी का नाम/पिता का नाम	क्र.	दस्तावेज	विभिन्न दस्तावेजों में भूमिस्वामी का नाम	रोजगार हेतु प्रस्तावित व्यक्ति का नाम	क्र.	दस्तावेज	रोजगार हेतु प्रस्तावित व्यक्ति का विभिन्न दस्तावजो में नाम	रिमार्क : जन्मतिथि, रोजगार पंजीयन क्रमांक
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	मोहन आ. झुरई, जाति-तेली (गैर आदिवासी) खसरा क्र. व रकबा हे. में - 508-0.76, 515-0.37, 544-0.12, 547-0.25, 553/1-0.02, 577-1.57, 582-0.16, 583-0.48, 661/1-0.03, 711-0.05, 734/1688-0.30, 737-0.04, 739-0.03, 743-0.04, 746-0.12, 1205/1-0.20, कुल 16 प्लाट, कुल रकबा 4.54 हे. (11.218 एकड़)	मोहन आ. झुरई, जाति-तेली (गैर आदिवासी) खसरा क्र. व रकबा हे. में - 515-0.37, 544-0.12, 553/1-0.02, 577/4-0.44, 582-0.16, 661/1-0.03, 711-0.05, 737-0.04, 739-0.03, 743-0.04, 746-0.12, 1205/1-0.20, कुल 12 प्लाट, कुल रकबा 1.62 हे. (4.003 एकड़)	1	आधार कार्ड	मोहन आ. झुरई, अमृत राम साहू आ. मोहन साहू, राधे श्याम आ. मोहन राम साहू, घनश्याम साहू आ. मोहनराम साहू,	1. कुलदीप कुमार साहू आ. राधेश्याम साहू भूमिस्वामी से सम्बंध- मोहन का पोता 2. सिंटू कुमार साहू आ. राधेश्याम साहू, भूमिस्वामी से सम्बंध- मोहन का पोता 3. बोधन राम आ. घनश्याम, भूमिस्वामी से सम्बंध- मोहन का पोता 4. तुला प्रसाद साहू आ. अमृत, भूमिस्वामी से सम्बंध- मोहन का पोता	1	आधार कार्ड	1. कुलदीप कुमार साहू आ. राधे श्याम साहू 2. सिंटू कुमार साहू आ. राधेश्याम साहू 3. बोधन राम आ. घन श्याम 4. तुला प्रसाद साहू आ. अमृत साहू	1- 02-10-1998 2- 10-07-2006 3- 01-01-1975 4- 27-03-1978
			2	खसरा/बी-1	मोहन आ. झुरई, जाति-तेली, अमृत आ. मोहन, जाति-तेली, राधेश्याम आ. मोहन, जाति-तेली, घनश्याम आ. मोहनराम, जाति-तेली		2	शिक्षा प्रमाण पत्र	1. कुलदीप कुमार साहू आ. राधेश्याम साहू 2. Sintu Kumar Sahu S/o Radheshyam Sahu 3. निरंक 4. निरंक	1-02/10/1998 2-10/07/2006 3. निरंक 4. निरंक
		अमृत आ. मोहन, जाति-तेली (गैर आदिवासी) खसरा क्र. व रकबा हे. में - 508/2-0.40, 547/2-0.12, 577/2-0.33, 583/2-0.16, 734/1688/2-0.10, कुल 05 प्लाट, कुल रकबा 1.11 हे. (2.743 एकड़)	3	ऋण पुस्तिका	मोहनराम आ. झुरई, अमृत आ. मोहन तेली, राधेश्याम आ. मोहन, घनश्याम आ. मोहनराम		3	रोजगार पंजीयन	1- KULDEEP KUMAR SAHU S/o RADHESHYAM SAHU 2- SINTU KUMAR SAHU S/o RADHESHYAM SAHU 3- BODHAN RAM S/o GHAN SYAM 4- TULA PRASAD SAHU S/o AMRIT SAHU	1- CT261202210297 2- CG25587729 3- CG25812589 4- CG25812631
			4	मुआवजा पत्रक	मोहन आ. झुरई, जाति-तेली अमृत आ. मोहन, जाति-तेली राधेश्याम आ. मोहन, जाति-तेली घनश्याम आ. मोहनराम, जाति-तेली		4	जाति प्रमाण पत्र	1. कुलदीप कुमार साहू आ. राधेश्याम साहू 2. सिन्टू कुमार साहू आ. राधेश्याम साहू 3. बोधन राम आ. घनश्याम 4. तुला प्रसाद साहू आ. अमृत साहू	
		राधेश्याम आ. मोहन, जाति-तेली (गैर आदिवासी) खसरा क्र. व रकबा हे. में - 577/3-0.48, 583/3-0.16, 734/1688/3-0.10, कुल 03 प्लाट, कुल रकबा 0.74 हे. (1.828 एकड़)	5	वरियता सूची	मोहन आ. झुरई, जाति-तेली		5	निवास प्रमाण पत्र	1. कुलदीप कुमार साहू आ. राधेश्याम साहू 2. सिन्टू कुमार साहू आ. राधेश्याम साहू 3. बोधन राम आ. घनश्याम 4. तुला प्रसाद साहू आ. अमृत राम साहू	
		घनश्याम आ. मोहनराम, जाति-तेली (गैर आदिवासी) खसरा क्र. व रकबा हे. में - 508/1-0.36, 547/1-0.13, 577/1-0.32, 583/1-0.16, 734/1688/1-0.10, कुल 05 प्लाट, कुल रकबा 1.07 हे. (2.644 एकड़)	6	वंशवृक्ष	मोहन आ. झुरई, अमृत आ. मोहन, राधेश्याम आ. मोहन, घनश्याम आ. मोहन		6	वंशवृक्ष	1. कुलदीप कुमार साहू आ. राधेश्याम 2. सिंटू कुमार साहू आ. राधेश्याम 3. बोधनराम आ. घनश्याम 4. तुला प्रसाद साहू आ. अमृत	
							7	राशन कार्ड	1. कुलदीप कुमार साहू 2. सिंटू कुमार साहू 3. बोधन राम 4. तुला प्रसाद साहू	
2	कवला आ. दिलबोध, जाति-गोंड़ (आदिवासी) खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में - 471-0.30, 596-0.28, 761-0.04, 773-0.03, 804/2-0.20, 1514-0.15, 1532-0.18, 1542-0.07, 1543-0.08, 1596-0.06 कुल 10 प्लाट, कुल रकबा 1.39 हे. (3.435 एकड़)	कवला आ. दिलबोध, जाति-गोंड़ (आदिवासी) खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में - 471-0.30, 596-0.28, 761-0.04, 773-0.03, 804/2-0.20, 1514-0.15, 1532-0.18, 1542-0.07, 1543-0.08, 1596-0.06 कुल 10 प्लाट, कुल रकबा 1.39 हे. (3.435 एकड़)	1	आधार कार्ड	कवल नाथ शोषर आ. दुलाबोध सिंह शोषर	1. रीता सिंह आ. कुल बहादूर सिंह, भूमिस्वामी से सम्बंध- कवला की पोती	1	आधार कार्ड	रीता सिंह आ. कुलबहादुर सिंह	07.07.2006
			2	खसरा/बी-1	कवला आ. दिलबोध, जाति-गोंड़		2	शिक्षा प्रमाण पत्र	REETA SINGH D/O KULBAHADUR SINGH	07.07.2006
			3	ऋण पुस्तिका	कवला आ. दिलबोध		3	रोजगार पंजीयन	REETA SINGH D/O KULBAHADUR SINGH	CG24278825
			4	मुआवजा पत्रक	कवला आ. दिलबोध, जाति-गोंड़		4	जाति प्रमाण पत्र	रीता सिंह आ. कुल बहादुर सिंह	
			5	वरियता सूची	कवला आ. दिलबोध, गोंड़		5	निवास प्रमाण पत्र	रीता सिंह आ. कुल बहादुर सिंह	
			6	वंशवृक्ष			6	वंशवृक्ष	रीता सिंह आ. कुल बहादुर सिंह	
							7	राशन कार्ड	रीता सिंह	
3	साधारण आ. सुखराम, जाति-गोंड़ (आदिवासी) खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में - 455 (पी)-0.62 कुल 01 प्लाट, कुल रकबा 0.62 हे. (1.532 एकड़)	साधारण आ. सुखराम, जाति-गोंड़ (आदिवासी) खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में - 455(पी)-0.62 कुल 01 प्लाट, कुल रकबा 0.62 हे. (1.532 एकड़)	1	आधार कार्ड	साधारण सिंह आ. सुखराम	1. हनश राम आ. साधारण सिंह, भूमिस्वामी से सम्बंध- साधारण का पुत्र	1	आधार कार्ड	हनश राम आ. साधारण सिंह	18-05-1996
			2	खसरा/बी-1	साधारण आ. सुखराम, जाति-गोंड़		2	शिक्षा प्रमाण पत्र	HANASH RAM S/O SADHARAN SINGH	18-05-1996
			3	ऋण पुस्तिका	साधारण आ. सुखराम		3	रोजगार पंजीयन	HANASH RAM S/O SADHARAN SINGH	CG25777117
			4	मुआवजा पत्रक	साधारण आ. सुखराम, जाति-गोंड़		4	जाति प्रमाण पत्र	हनश राम आ. साधारण सिंह	
			5	वरियता सूची	साधारण आ. सुखराम, जाति-गोंड़		5	निवास प्रमाण पत्र	हनश राम आ. साधारण सिंह	
			6	वंशवृक्ष	साधारण आ. सुखराम, गोंड़		6	वंशवृक्ष	हनश राम आ. साधारण	
							7	राशन कार्ड	हनश राम साँडिल	
4	प्रदीप आ. रामदयाल, जाति-तेली (गैर आदिवासी) खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में - 137/1(पी)-0.05, 548/2-0.06, 700/1-0.04 कुल 03 प्लाट, कुल रकबा 0.15 हे. (0.371 एकड़)	प्रदीप आ. रामदयाल, जाति-तेली (गैर आदिवासी) खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में - 137/1 (पी)-0.05, 548/2-0.06, 700/1-0.04 कुल 03 प्लाट, कुल रकबा 0.15 हे. (0.371 एकड़)	1	आधार कार्ड	प्रदीप साहू आ. राम दयाल	1. संजय कुमार साहू आ. प्रदीप साहू, भूमिस्वामी से सम्बंध- प्रदीप का पुत्र	1	आधार कार्ड	संजय कुमार साहू आ. प्रदीप साहू	15-07-1992
			2	खसरा/बी-1	प्रदीप आ. रामदयाल, जाति-तेली		2	शिक्षा प्रमाण पत्र	निरंक	
			3	ऋण पुस्तिका	प्रदीप आ. रामदयाल		3	रोजगार पंजीयन	SANJAY KUMAR S/O PRADIP SAHU	CT2612202312032
			4	मुआवजा पत्रक	प्रदीप आ. रामदयाल, जाति-तेली		4	जाति प्रमाण पत्र	संजय कुमार साहू आ. प्रदीप साहू	
			5	वरियता सूची	प्रदीप आ. रामदयाल, जाति-तेली		5	निवास प्रमाण पत्र	संजय कुमार साहू आ. प्रदीप साहू	
			6	वंशवृक्ष	प्रदीप आ. रामदयाल, तेली		6	वंशवृक्ष	संजय कुमार साहू आ. प्रदीप	
							7	राशन कार्ड	संजय	

अतः किसी भी सम्बंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों/प्रमाण पत्रों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो कर प्रस्तुत करे, अन्यथा समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति मान्य नही होगी और ना ही स्वीकार किया जायेगा।

नोडल अधिकारी (भू.रा.), एसईसीएल, बिश्रामपुर क्षेत्र

SECL/26-27/110

जंतु जगत / शिखर चंद जैन

मानसून में प्राकृतिक सुंदरता बढ़ाने वाले ये खूबसूरत कीट-पतंग

बच्चो, मानसून के दौरान प्रकृति का सौंदर्य कई गुना बढ़ जाता है। तरह-तरह की वनस्पतियों के साथ-साथ कई रंग-बिरंगे कीट-पतंगे भी प्रकृति की सुंदरता को और मनमोहक बना देते हैं। जानो, इन खूबसूरत कीट-पतंगों के बारे में।



मोर जैसे पंखों वाली पिकॉक बटरफ्लाई

इसके पंखों पर मोर के पंख की तरह नीले, लाल और पीले रंग के खूबसूरत गोल निशान (आई स्पॉट्स) होते हैं। जब कोई शिकारी (जैसे पक्षी) इस पर हमला करता है, तो यह अचानक अपने पंख खोल देती है। पंखों पर बने बड़े 'आईस्पॉट' को देखकर शिकारी को लगता है कि यह कोई बड़ा जानवर है और वह पीछे हट जाता है। यह मुख्य रूप से शीतोष्ण और पहाड़ी क्षेत्रों के जंगलों, घास के मैदानों, पार्कों और बगीचों में पाई जाती है। भारत में यह मुख्य रूप से हिमालयी क्षेत्रों (उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और सिक्किम) में पाई जाती है। *

किसानों का मित्र कीट लेडीबग (गुबरेला)



यह छोटे गुंबद के आकार का होता है, जिसके लाल या चमकीले नारंगी पंखों पर काले रंग के छोटे-छोटे धब्बे होते हैं। किसानों के लिए यह एक मित्र कीट है, क्योंकि मानसून में फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले छोटे कीड़ों को यह खा लेता है। यह बगीचों, कृषि क्षेत्रों, घास के मैदानों और घने जंगलों में पौधों पर पाया जाता है। यह संपूर्ण भारत के कृषि प्रधान राज्यों (जैसे- उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र) के खेतों और घरों के बगीचों में पौधों की पत्तियों पर आसानी से मिल जाते हैं। *

पारदर्शी-रंगीन पंखों वाली ड्रैगन फ्लाई

बारिश के दिनों में पानी के आस-पास उड़ने वाली ड्रैगन फ्लाई अपने पारदर्शी, रंगीन पंखों और फुर्तीली उड़ान के लिए जानी जाती है। यह हवा में एक जगह स्थिर रहकर उड़ सकती है।



यह पीछे की तरफ भी उड़ सकती है। ड्रैगन फ्लाई एक बेहतरीन शिकारी है, जो बारिश के मौसम में बढ़ने वाले मच्छरों और मक्खियों को खाकर हमारी मदद करती है। ड्रैगन फ्लाई भारत समेत पूरी दुनिया में पाई जाती है। ये मुख्य रूप से ताजे और साफ पानी के स्रोत जैसे तालाब, झील, नदी और धान के खेतों के आस-पास मिलती हैं। *

हर कोण से अलग रंग का दिखता ज्वेल बीटल

इसके शरीर का रंग देखने वाले के कोण के हिसाब से बदलता हुआ महसूस होता है। इसके पंखों का ऊपरी आवरण इतना कड़ा और चमकदार होता है कि पुराने समय में इसका उपयोग गहनों और शाही कपड़ों को सजाने में किया जाता था। यह मूल रूप से घने जंगलों और लकड़ी के गोदामों में पाया जाता है, जहां पुरानी, सड़ी-गली या सूखी लकड़ियां प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हों। भारत में यह अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, पूर्वोत्तर के जंगलों और दक्षिण भारत के नीलगिरि तथा पश्चिमी घाट के जंगलों में पेड़ों की छालों पर चमकते हुए पाया जाता है। *





मानसून का रत्न ज्वेल बग

इसका शरीर धातु की तरह चमकता है। इसे 'मानसून का रत्न' भी कहा जाता है। यह कई रंगों का दिखता है, जिसमें हरा, नीला और सुनहरा रंग मुख्य हैं। खतरे का अहसास होने पर यह अपनी सुरक्षा के लिए एक तीखी गंध छोड़ता है। यह मूल रूप से उष्णकटिबंधीय सदाबहार, पर्णपाती जंगलों और घनी झाड़ियों वाले इलाकों में पाया जाता है। भारत में यह पश्चिमी घाट, पूर्वोत्तर भारत के राज्यों (असम, मेघालय) और हिमालय की निचली पहाड़ियों के नम और हरे-भरे जंगलों में पौधों की पत्तियों के झुरमुट में पाया जाता है। *

जीवित माणिक जैसा रेड वेलवेट माइट (बीर बहूटी)



मखमली गहरे लाल रंग का यह बेहद छोटा कीट दिखने में एक जीवित माणिक जैसा लगता है। इसे 'बारिश की दुल्हन' भी कहा जाता है। यह इंसानों को नुकसान नहीं पहुंचाता और मिट्टी को उपजाऊ बनाने में मदद करता है। यह मुख्य रूप से शुष्क और अर्ध-शुष्क रेतीले क्षेत्रों की मिट्टी में गहराई में पाया जाता है। भारत में यह राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के मैदानी इलाकों में पाया जाता है। *

जादुई रोशनी से रोशन करने वाला जुगनू



मानसून की रातों के अंधकार को जुगनू अपनी जादुई रोशनी से रोशन कर देते हैं। महाराष्ट्र के पश्चिमी घाट के इलाकों में लाखों जुगनू पेड़ों पर एक साथ चमकते हैं, जिससे जादुई नजारा दिखता है। जुगनू अपने साथी को आकर्षित करने के लिए रोशनी पैदा करता है। जुगनू प्रायः अत्यधिक नमी, घने जंगल, नदियों और दलदली किनारों वाले शांत वातावरण में पाए जाते हैं। *

बच्चो, क्या तुमने कभी सोचा है कि भारत में गाड़ियां सड़क के बाईं ओर क्यों चलती हैं, जबकि अमेरिका, फ्रांस सहित कई पश्चिमी देशों में दाईं ओर! क्या यह सिर्फ नियम है या इसके पीछे कोई इतिहास है?

भारत में बाईं, अमेरिका में दाईं तरफ क्यों चलते हैं वाहन

जानकारी
रजनी अरोड़ा



बच्चो, हॉलीवुड फिल्मों में अकसर यह दिखाई देता है कि वहां सड़क की दाईं तरफ कारें चलती हैं। जबकि हमारे देश में सड़क की बाईं तरफ चलने का नियम है। आखिर भारत में बाईं और अमेरिका सहित कई यूरोपीय देशों में दाईं तरफ वाहन क्यों चलते हैं?

बाईं ओर चलने का प्राचीनकालीन नियम: प्राचीन काल में जब कारें नहीं थीं, घोड़े और बग्घियां हुआ करती थीं। तब खासकर रोमन साम्राज्य में लोग सड़क के बाईं ओर चलते या सवारी करते थे। इसके पीछे एक बहुत व्यावहारिक कारण था। चूंकि ज्यादातर लोग दाएं हाथ से काम करते थे, इसलिए वे अपनी तलवार बाईं ओर कमर पर रखते थे ताकि उसे आसानी से दाएं हाथ से निकाला जा सके। सड़क के बाईं ओर चलने से उनका दाहिना हाथ, यानी तलवार वाला हाथ सामने से आने वाले किसी भी संभावित खतरे या दुश्मन की ओर रहता था। इससे आत्मरक्षा करना आसान होता था।



नेपोलियन ने लागू किया दाईं तरफ चलने का नियम: नेपोलियन खुद बाएं हाथ से काम करता था। वह ब्रिटेन एवं अपने अन्य दुश्मन देशों में प्रचलित बाईं ओर चलने वाले नियम को तोड़ना भी चाहता था। 18वीं शताब्दी के अंत में फ्रांसीसी क्रांति के बाद, नेपोलियन ने अपने शासन वाले क्षेत्रों में दाईं ओर चलने का नियम लागू किया। नेपोलियन की दूसरे देशों में विजय हासिल करने के साथ दाईं ओर चलने का नियम फ्रांस, जर्मनी, स्पेन और यूरोप के कई अन्य हिस्सों में लागू हो गया।

दाईं ओर चलने में अमेरिका और फोर्ड की भूमिका: अमेरिका में 18वीं शताब्दी के दौरान बड़े-बड़े मालवाहक वैगनों को घोड़ों की टीम खींचती थी। इन वैगनों में ड्राइवर के लिए सीट नहीं होती थी, वह अकसर पीछे के बाएं घोड़े पर बैठता था ताकि अपने दाहिने हाथ से चाबुक चला सके। इस स्थिति में सड़क के दाईं ओर चलने से उसे सामने से आने वाले ट्रैफिक पर नजर रखने में आसानी होती थी। बाद में जब हेनरी फोर्ड ने अपनी प्रसिद्ध 'मॉडल टी' कार का उत्पादन शुरू किया, तो उन्होंने ड्राइवर की सीट को बाईं ओर रखा, जिससे दाईं ओर की ड्राइविंग के लिए यह सबसे उपयुक्त डिजाइन बन गया।

बाईं ओर चलने का ब्रिटिश-इंडिया कनेक्शन: जब यूरोप के बड़े हिस्से में दाईं ओर चलने का नियम फैल रहा था, ब्रिटेन अपनी बाईं ओर चलने की परंपरा पर कायम रहा। 1835 में ब्रिटिश सरकार ने हाईवे एक्ट के जरिए बाईं ओर चलने को पूरे ब्रिटिश साम्राज्य के लिए एक आधिकारिक कानून बना दिया। चूंकि भारत उस समय एक ब्रिटिश उपनिवेश था, इसलिए यह कानून यहां भी लागू हुआ। आज भी भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका जैसे अन्य पूर्व ब्रिटिश उपनिवेशों में गाड़ियां बाईं ओर चलती हैं। *

कविता / शिवचरण चौहान

मनमानी करते हैं बादल

अरी हवा आओ री आओ।
मनमानी करते हैं बादल
कान पकड़ इनको समझाओ।।
नहीं किसी की ये सुनते हैं।
मनमानी राहें चुनते हैं।
हमको यह दिखते हैं पागल
पागल खाने इन्हें पठाओ।।
अरी हवा आओ री आओ।।
खेत, गांव, घर डूब रहे हैं।
पर ये हंस-गा खूब रहे हैं।
मार थपेड़े दूर इन्हें ले
रेगिस्तानों में बरसाओ।।
कान पकड़ इनको समझाओ।।
अति हर जगह बुरी है होती।
प्रेम मिटा बस नफरत बोती।
अतिवादी हैं मेघ आज के
हवा बहन इनको समझाओ।।
अरी हवा आओ री आओ।।



एआई इनोज

हंसगुल्ले



गप्पू: मेरी बिल्ली अपना नाम खुद बोल सकती है।
पप्पू: अच्छा! क्या नाम है तुम्हारी बिल्ली का?
गप्पू: म्याऊं।
-सचिन, बिलासपुर

राजू, रमन, रोहन एक ही साइकिल पर बैठकर जा रहे थे। एक ट्रैफिक पुलिस वाले अंकल ने रोक लिया।
राजू: सॉरी अंकल सॉरी! साइकिल पर और जगह नहीं है। प्लीज आप किसी और से लिफ्ट ले लें।
-रागिनी, जबलपुर

जीके क्विज-219

1.कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी कौन बनी हैं?
2.भारत के वर्तमान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार कौन हैं?
3.भारत की सर्वाधिक ऊंचाई वाली वन्यजीव सफारी कहां शुरू की जाएगी?
4.चीनी यात्री ह्वेनसांग किसके शासनकाल में भारत आए थे?
5.राष्ट्रीय खेल दिवस कब मनाया जाता है?
6.सौरमंडल में कुल कितने ग्रह हैं?
7.सबसे हल्की धातु कौन-सी है?
8.पानी किस तापमान पर जमकर बर्फ बन जाता है?
9.पृथ्वी का सबसे ठंडा महाद्वीप कौन-सा है?
10.विश्व का सबसे बड़ा द्वीप (आईलैंड) कौन-सा है?



बच्चो, जीके क्विज-219 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-218 का उत्तर : 1.सारनाथ स्थित अशोक स्तंभ से, 2.बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, 3.1857 ई., 4.सुभाष चंद्र बोस, 5.जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि, 6.चंपारण (बिहार), 7.1920 ई., 8.भारत छोड़ो आंदोलन, 9.52 सेकेंड्स, 10.सी. राजगोपालाचारी

जीके क्विज-218 का सही उत्तर देने वाले : रचित-हिसार, कोमल-रायपुर, तान्या-बलौदा बाजार, नवनीत-रोहतक, प्रज्ञा-बिलासपुर, तेजस-महासमुंद



कहानी
समीर गांगुली

उस दिन अन्नू के घर तीन ऐसे अजीबो-गरीब प्राणी आए, जिन्होंने घर के स्टोर में रखा वो कबाड़ खा डाला, जिसे सफाई कराने के लिए पापा से कह-कह कर मम्मी हार गई थीं। इनमें से एक प्राणी ने उस पुराने वीडियो रिकॉर्ड को भी सही कर दिया, जो वर्षों से खराब था। आखिर ये तीनों प्राणी किस ग्रह से आए थे?

तीन अजीबो-गरीब मेहमान



एआई इनोज

काफी देर से अन्नू चूहे के पीछे पड़ा हुआ था। उसकी आंखें चूहे की आंखों से मिलीं तो उसने सोचा, अगर उसे हिप्नोटाइज करना आता तो वह इस पाजी चूहे को आदेश देता, 'चुपचाप चूहेदानी में चले आओ या कान पकड़ कर इस घर से दफा हो जाओ।' तभी कॉलबेल बज उठी, टिक-टिक-टिक। मेहमान के नाम पर जो तीन 'हैलो' कहकर घर के अंदर आ घुसे, उन्हें अन्नू ने कभी देखना तो दूर, उनके बारे में न तो कभी सुना था और न ही वैसे प्राणियों के विषय में कल्पना ही की थी। 'मैं बिल हूं। डेल्टा ग्रह से आया हूं।' एक ने कहा, जिसका रंग गुलाबी था और आंखें हिरण जैसी लंबी-लंबी थीं। 'मैं ली हूं। मैं नीरो ग्रह से आई हूं।' चांदी जैसे चमकीले बालों और चपटे नाक वाली लड़की ने बड़ी ही प्यारी आवाज में अपना परिचय दिया। 'और मैं जेव हूं। ग्लेजो ग्रह मेरा घर है।' तीसरा बोला, जो काफी काला था, उसके कान खरगोश की तरह ऊपर उठे हुए थे। 'हम रास्ता भटक कर यहां आ गए हैं, और सबसे छिपते-छिपाते यहां तक आ पहुंचे हैं।' बिल ने बताया। 'शुक्रिया दोस्त! मैं भूखा हूं, कुछ खाने को दोगे?' सोफे पर पसरते ही जेव बोला। 'हां-हां, क्यों नहीं। फल है, ब्रेड है, फ्रिज में बिरयानी भी है, जो भी खाना चाहो।' अन्नू ने कहा।

'ये सब मेरे मतलब का नहीं दोस्त। क्या तुम्हारे यहां कुछ पुरानी फफूंद लगी लकड़ियां और जंग लगे लोहे के पाइप-पट्टियां वगैरह नहीं हैं?' जेव ने पूछा।

'स्टोर रूम में यही सब तो भरा पड़ा है, जिसको फेंक कर मम्मी स्टोर रूम को खाली करने के लिए पापा को कह-कह कर हार गई है।' यह कहते हुए अन्नू स्टोर रूम की ओर बढ़ा और उसने उसका दरवाजा खोल दिया। हैरत से जेव की तरफ देखने लगा कि वह कैसे इन्हें खाएगा? 'अरे तुम्हारा वीडियो तो खराब पड़ा है। कोई औजार है तो ठीक कर दूं।' बिल ने कहा। घर में कोई औजार नहीं था, इसलिए बिल एक चाकू, एक चिमटे और एक नेलकटर के भरोसे ही वीडियो को खोल कर बैठ गया और पुर्जे-पुर्जे अलग करने लगा।

ली को घर में धमा-चौकड़ी मचाते चूहे और कॉकरोच इतने पसंद आए कि वह पकड़-पकड़ कर उनकी सुंदरता पर भाषण झाड़ने लगी। और जब अन्नू ने उससे कहा कि अगर चाहे तो वह उन्हें साथ ले जा सकती है, तो ली की खुशी का ओर-छोर ही न रहा। ली को पूरा विश्वास था कि उसके ग्रह के लोग इन अजीब जंतुओं को देखकर चौंक ही पड़ेंगे और इन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ टूट पड़ेगी।

चटकारे ले-लेकर लोहा-लक्कड़ खाते जेव ने अन्नू से कहा, 'अगर तुम्हारे स्टोर रूम में रखी उच्च प्रोटीन और विटामिन युक्त चीजें फेंकने के लिए ही हैं तो मैं उन्हें अपने साथ अपने ग्रह में ले जाऊंगा।'

बिल कुछ नहीं बोला। वह चुपचाप वीडियो मरम्मत करने में जुटा रहा। थोड़ी देर बाद जब उसने हाथ झाड़कर वीडियो का बटन दबाया तो अन्नू का चकित हो उठना स्वाभाविक था। इतनी साफ तस्वीर और आवाज तो किसी नए वीडियो में भी अन्नू ने नहीं देखी, सुनी थी। और जब दोपहर ढलने लगी तो वे उससे विदा लेकर, फिर किसी दिन मौका पाकर आने का वादा करके चले गए। अन्नू को उन्होंने यह नहीं बताया कि वे कैसे लौटेंगे? उनके जाने के बाद अन्नू कुछ देर को सो गया। सोकर उठने के बाद उसे भ्रम होने लगा कि कहीं उसने सपना तो नहीं देखा है। इसी बीच मम्मी-पापा भी आ गए। उन्होंने वीडियो को चलता देखा तो बड़े हैरान हुए, क्योंकि वीडियो मैकेनिक तो अभी उन्हें बाजार में मिला था और वह आज न आ पाने का अफसोस प्रकट कर रहा था। मम्मी किचन में घुसीं तो रोज की तरह चूहे-कॉकरोच की भगदड़ न देख वह भी चकराईं। पापा स्टोर रूम खोलते ही चिल्ला उठे, 'अरे अन्नू बेटे, यह सफाई क्या तुमने की है?'

भले, दयालु और समझदार अन्नू के चेहरे पर एक गर्व भरी मुस्कराहट उभर आई और वह सोचने लगा कि क्या उसके मम्मी-पापा इतने बड़े सच पर यकीन भी कर पाएंगे! *

तुम्हारे लिए किताब / विज्ञान भूषण

मनोरंजन के साथ सीख देती कहानियां

बच्चो, कुछ समय पहले दस बाल कहानियों की किताब छपकर आई है-जीतने की शर्त। इसकी लेखिका हैं उषा सोमानी। इन कहानियों में से कुछ तुम्हारा मनोरंजन करेंगी, कुछ सीख देंगी, कुछ गुदगुदाएंगी तो कुछ को पढ़ते हुए तुम कल्पना की दुनिया में पहुंच जाओगे। पहली कहानी 'भूल भुलैया' में तुम पढ़ोगे कि अनुज को अपने दोस्तों रोहित और विनय के साथ भूल-भुलैया घूमने के दौरान कैसे-कैसे रोमांचक अनुभव होते हैं? सबसे अच्छी बात यह होती है कि पुरस्कार मे जीती अपनी राशि से वे, गरीब बच्चों धूलिया और उसके दोस्तों को भूल-भुलैया घूमने के लिए टिकट खरीदकर उन्हें दे देते हैं। शीर्षक कहानी 'जीतने की शर्त' में तुम जुड़वा भाई-बहन प्रांजल और प्रखर की मीठी नोक-झोंक पढ़ोगे। कैसे वे दोनों साइकिल रेसिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हैं, यह पढ़कर तुम्हें मजा आएगा। 'गौरैया का देश' कहानी में तुम पढ़ोगे कैसे व्यापारी रणवीर चौधरी रास्ता भटकर कर गौरैया के देश में पहुंच जाता है? फिर वह ऐसा क्या करता है कि गौरैया की रानी उससे बहुत खुश होकर उसे उसके घर पहुंचा देती है? दो भाइयों आदित्य, विशाल और एक प्यारे से खरगोश की कहानी 'लौटाने की खुशी' में तुम्हें यह सीख मिलेगी कि बिना पूछे किसी की कोई चीज रख लेने से ज्यादा खुशी उसे वापस लौटा देने में मिलती है।



किताब की अन्य कहानियां भी बहुत अच्छी और मनोरंजक हैं। इन्हें पढ़कर तुम्हे मजा भी आएगा। *

किताब: जीतने की शर्त (बालकथा संग्रह), **लेखिका:** उषा सोमानी, **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

अंतर बताओ

बच्चो, यहां फ्लॉवर पॉट में फूल अरेंज कर रही लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में आठ अंतर हैं। तुम पांच मिनट में इन दोनों चित्रों में आठ अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1.लड़की ने अपने बालों में हरे रंग का फूल लगाया हुआ है। 2.लड़की के दाहिने हाथ की गुड़ी बंद है। 3.लड़की के दाएं पैर का जीजा बड़ा है। 4.लड़की के बाएं पैर के जूते में दो लेटेज लगे हुए हैं। 5.टेबल के नीचे तीन पंखुरियां गिरी हुई हैं। 6.टेबल पर रखे फ्लॉवर-पॉट पर बना डिजाइन अलग है। 7.पीछे दाईं तरफ रखे अलमारी में एक ग्लास अधिक लगा हुआ है। 8.अलमारी के ऊपर रखे गमले में पौधा नहीं है।

नाम पूरा करो

बच्चो, यहां दिए गए प्रत्येक चित्र के बगल में अंग्रेजी में उसका नाम भी लिखा गया है। लेकिन प्रत्येक नाम का फर्स्ट लेटर मिसिंग है। तुम हर नाम के नीचे दिए गए सर्कल्स में से सही लेटर चुनकर इन नामों को पूरा करो।



जैकेट के शेष

कृषि विश्वविद्यालय में कीट विज्ञान ..

अधिकारी संजय नैयर ने कहा, 20 अगस्त को आयोजित हुई कीट विज्ञान की परीक्षा सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित की जाएगी। विवि की जांच जारी है।

छग में रोज चाहिए 600 टन शक्कर...

में बेच रहे हैं। चिल्हर कारोबारियों तक पहुंचते इसके दाम 65 रुपए हो जा रहे हैं तो चिल्हर में ज्यादातर स्थानों पर दाम 70 रुपए हैं। लेकिन डूमरतराई से जो कारोबारी 63 रुपए में शक्कर ले जा रहे हैं, वो चिल्हर में जरूर इसको 65 रुपए में बेच रहे हैं।

प्रदेश की शक्कर नहीं आती बाजार में : कारोबारियों के मुताबिक प्रदेश में भले चार शक्कर कारखाने हैं, लेकिन यहां पर उत्पादन कम होता है। ऐसे में प्रदेश के कारखानों की शक्कर बाजार में नहीं आता है। इसकी शक्कर राशन दुकानों में जाती हैं। प्रदेश के कारखानों की शक्कर राशन दुकानों में भी कम पड़ती है।

35 फीसदी सप्लाई प्रभावित ....

में रोज 2 से 3 ट्रक सहित प्रदेश के अलग-अलग बाजारों में शक्कर आती है। कुल मिलाकर प्रदेश में रोज 20 ट्रक शक्कर आती है जो 600 टन होती है। लेकिन इस समय रोज 12 से 13 ट्रक माल ही आ रहा है। ऐसे में रोज 200 टन की आवक कम हो गई है।

कांग्रेस के पूर्व खजांची रामगोपाल...

रिकॉर्ड की जांच की। कार्रवाई किन तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर की गई, इसकी विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने आना बाकी है। बताया गया कि रामगोपाल अग्रवाल का नाम कथित शराब घोटाले की जांच में सामने आया है। ईडी इस मामले में कथित मनी ट्रेल और वित्तीय लेनदेन की पड़ताल कर रही है। जांच का दायरा शराब के अलावा कथित कोल लेवी और कस्टम मिलिंग से जुड़े मामलों तक भी बताया जा रहा है। जांच पूरी होने के बाद ही कार्रवाई से जुड़े तथ्यों की स्थिति स्पष्ट होगी।

रिद्धि-सिद्धि बिल्डर्स से जुड़े हैं नाम : सजल जैन का संबंध रिद्धि-सिद्धि बिल्डर्स से बताया जाता है। वहीं विश्वास गुप्ता भी इसी बिल्डर समूह से जुड़े पार्टनर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक ईडी की कार्रवाई का संबंध कथित तौर पर रियल एस्टेट कारोबार और उससे जुड़े वित्तीय लेन-देन की जांच से हो सकता है। सजल जैन और विश्वास गुप्ता को कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल का करीबी बताया जाता रहा है। सूत्रों के मुताबिक, रामगोपाल अग्रवाल से जुड़े दस्तावेजों और जांच के दौरान सामने आए इनपुट के आधार पर ईडी की कार्रवाई रियल एस्टेट कारोबारियों तक पहुंची है। हालांकि, यह स्पष्ट करना जरूरी है कि ईडी की ओर से इस कार्रवाई के कारणों या जांच के संबंध में फिलहाल कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

कांग्रेस और मुस्लिम लीग...

आज हम समझते हैं कि कांग्रेस और मुस्लिम लीग दोनों में कोई अंतर नहीं रहा। वंदे मातरम् राष्ट्रीय गीत है और यही वह गीत है, जिसे आजादी की लड़ाई में स्वतंत्रता सेनानियों ने गाकर हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया। इतनी ताकत इस राष्ट्रीय गीत में है, इसका सम्मान होना चाहिए।

आबकारी के 3 सब इंस्पेक्टर...

को आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत उप निरीक्षक संतोष नारंग के विरुद्ध एसीबी में प्रकरण दर्ज है। नारंग को खरसिया एवं धरमजयगढ़ में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 यथासंशोधित अधिनियम 2018 के विरुद्ध प्रकरण के विवेचना पूर्ण होने के बाद उसके विरुद्ध अभियोग पत्र तैयार कर 19 जून 2026 को विशेष न्यायालय रायगढ़ में पेश किया था। इस तरह एसीबी के समक्ष प्रकरण दर्ज होने के कारण विभाग ने अब इस मामले में एक्शन लेते हुए नारंग को निलंबित कर दिया है। निलंबन काल में वे संभागीय उड़नदस्ता सरगुजा कार्यालय में रहेंगे।

ओवर रेट पर शराब बिक्री मामले में ...

प्रकार पी. माधव राव आबकारी उपनिरीक्षक तत्कालीन कार्यालय जिला बलौदाबाजार के विरुद्ध देशी कम्पोजिट रोहासी की विदेशी मदिरा दुकान के काउंटर पर अधिक दर पर मदिरा विक्रय की शिकायत विभाग को मिली थी। इस कारण उन्हें भी शो-काज नोटिस जारी कर 7 दिवस के भीतर जवाब-दावा प्रस्तुत करने को कहा गया है।

टीचर की डांट और फिर चांटा, चली ...

माता-पिता अपने मासूम बेटे की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।यह घटना विशाखापट्टनम के लिटिल गार्डन स्कूल की बताई जा रही है। सामने आए सीसीटीवी फुटेज में बच्चा कक्षा में अन्य छात्रों के साथ लाइन में खड़ा दिखाई दे रहा है। फुटेज के मुताबिक, बच्चा डरा हुआ नजर आता है। इसके बाद शिक्षक उसके यूनिफॉर्म को ठीक करते दिखाई देते हैं। इसी दौरान बच्चा रोने लगता है और शिक्षक उसे कथित तौर पर एक थप्पड़ मारते हैं। थप्पड़ लगने के तुरंत बाद बच्चा शिक्षक के ऊपर गिर जाता है। घटना के बाद स्कूल में अचानक अफरा-तफरी मच गई। बच्चे को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने मामले में जांच शुरू की : विशाखापत्तनम पुलिस ने स्कूल के बच्चे की मौत की वजह की जांच शुरू कर दी है। वे फुटेज और हालात की जांच कर रहे हैं, जिसमें यह भी देखा जा रहा है कि क्या लड़के को पहले से कोई बीमारी थी। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही और जानकारी मिल पाएगी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जांच पूरी होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही आगे की जानकारी दी जाएगी।

पेज एक के शेष

सरकारी बैंक खातों में निजी...

की पूर्व अनुमति के बिना कोई भी विभाग, कार्यालय या आहरण एवं संवितरण अधिकारी नया शासकीय बैंक खाता नहीं खोल सकेगा। वित्त विभाग ने इस संबंध में स्थायी वित्त निर्देश जारी किया है। नई व्यवस्था के संबंध में राज्य सरकार के सभी विभागों, राजस्व मंडल, सभी कमिश्नर, सभी कलेक्टर और जिला पंचायतों के सीईओ को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा है और स्पष्ट किया है कि नियमों की अनदेखी या किसी भी तरह की शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जाएगी।

निजी ईमेल आईडी से सामने...

सामने आई हैं। जांच में ऐसे मामले भी मिले, जहां सरकारी बैंक खातों में आधिकारिक सरकारी डोमेन की ईमेल आईडी के बजाय निजी ईमेल आईडी दर्ज थीं। इसी को देखते हुए राज्य के सभी शासकीय खातों की संपर्क जानकारी की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन खातों में निजी या गैर-आधिकारिक ईमेल आईडी दर्ज है, उन्हें तत्काल हटाकर अधिकृत सरकारी ईमेल आईडी दर्ज करनी होगी।

ईमेल और मोबाइल नंबर का...

सुनिश्चित हो सके कि बैंक के रिकॉर्ड में दर्ज संपर्क विवरण सही और अधिकृत व्यक्ति या कार्यालय से जुड़े हैं। किसी खाते के संपर्क विवरण में बदलाव का अनुरोध आने पर भी बैंक को सीधे बदलाव करने के बजाय निर्धारित आंतरिक सत्यापन प्रक्रिया का पालन करना होगा। इसका मकसद बैंक खाते से जुड़ी जानकारी में किसी अनधिकृत व्यक्ति के जरिए बदलाव की संभावना को कम करना है।

बिना अनुमति नया सरकारी...

वाणिज्यिक बैंक में चालू, बचत या किसी अन्य प्रकार का शासकीय बैंक खाता खोलने की अनुमति नहीं होगी। नया खाता खोलते समय वित्त विभाग की सहमति का प्रमाण-पत्र संबंधित बैंक में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही नए और पहले से खोले गए सभी सरकारी बैंक खातों की जानकारी ई-कोष ऑनलाइन सॉफ्टवेयर में दर्ज करना जरूरी होगा।

केवल अधिकृत बैंकों में...

क्रमांक दर्ज करना अनिवार्य होगा। इससे किसी खाते के उद्देश्य और उसके संचालन की जिम्मेदारी का पता आसानी से लगाया जा सकेगा।

जंतर-मंतर प्रदर्शन : पैलेट गन...

समेत अत्यधिक बल प्रयोग के आरोपों की जांच करे। साथ ही, समिति को प्रदर्शनकारियों द्वारा पुलिस अधिकारियों और अन्य सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ कथित हिंसा की भी जांच करने को कहा गया है। पीठ ने कहा, इस एचपीईसी (उच्चाधिकार प्राप्त जांच समिति) का गठन कई तरह के पहलुओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है जिनमें समिति के हर सदस्य की अपनी विशेषज्ञता और अनुभव के साथ-साथ समिति की विविधता और अन्य कारक भी शामिल हैं।

जंगल में अब भी बारूद...

विस्फोटक, हथियार और नकदी बरामद कर नक्सल गतिविधियों को बड़ा झटका दिया गया है। कांकेर पुलिस के अनुसार आठ माह के दौरान बरामद किए गए 43 डंप से कुल 96 आईईडी, 130 हथियार तथा 5 लाख रुपए नकद बरामद हुए हैं। जंगलों और दुर्गम इलाकों में नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने तथा अपनी गतिविधियों को संचालित करने के उद्देश्य से इन सामग्रियों को छिपाकर रखा गया था। पुलिस का कहना है कि नक्सलियों के समर्पण के बाद उनसे प्राप्त सूचनाएं सुरक्षा बलों के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित हो रही हैं। इन सूचनाओं के आधार पर संभावित डंप और नक्सलियों के ठिकानों की पहचान कर सघन सर्चिंग की जा रही है। इसके चलते नक्सलियों द्वारा लंबे समय से छिपाकर रखे गए हथियार और विस्फोटक लगातार बरामद हो रहे हैं।

बारूद डंप नष्ट करते...

हादसे में डीआरजी इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, आरक्षक कृष्णा कोमरा और आरक्षक संजय गढ़पाले मौके पर शहीद हो गए। घायल आरक्षक परमानंद कोमरा को रायपुर एयरलिफ्ट किया गया, जहां उपचार के दौरान उनका भी निधन हो गया। डंप निकालते समय अंदरूनी इलाको में आईडी फटने की भी घटना हुई थी।

भू- संपदा अपीलीय अभिकरण ...

से चर्चा में कही। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर हाईकोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रजनी दुबे को पिछले दिनों अभिकरण में अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा है कि अभिकरण में अपील के वे मामले आते हैं जिसमें रेरा के निर्णय से असंतुष्ट प्रमोटर बिल्डर अपील करते हैं। उन्होंने ये भी कहा है कि प्रमोटर बिल्डर, डेवलपर अपने ब्रोशर में ग्राहकों के लिए जो सुविधाएं घोषित करते हैं उसका पूरी तरह पालन किया जाना चाहिए। अगर हितग्राहियों को संतुष्टि नहीं होती है तभी वे रेरा में शिकायत लेकर जाते हैं। इसलिए ये आवश्यक है कि हितग्राहियों के हितों का ख्याल रखा जाना चाहिए।**प्रकरणों के निपटारे की कार्यप्रणाली** : अपील प्रस्तुत करना- रेरा प्राधिकरण के फैसले की तिथि से निर्धारित समय-सीमा (आमतौर पर 45 दिनों के भीतर) के अंदर अधिकरण के समक्ष निर्धारित प्रारूप में अपील दर्ज करनी होती है। इसके साथ ही, प्रमोटरों द्वारा अपील दायर करने के लिए अधिनियम के नियमों के अनुसार एक निश्चित वित्तीय राशि (पेनल्टी या हर्जाने का एक तय प्रतिशत) भी जमा करनी होती है। अधिकरण दोनों पक्षों (अपीलार्थी और प्रतिवादी) को अपना पक्ष, दस्तावेज और तर्क रखने का पूरा अवसर देता है। सुनवाई पूरी होने के बाद अधिकरण अपना लिखित निर्णय सुनाता है, जो दोनों पक्षों पर कानूनी रूप से बाध्यकारी होता है। यदि कोई पक्ष अपीलीय अधिकरण के फैसले से भी संतुष्ट नहीं होता है, तो वह आगे उच्च न्यायालय में अपील कर सकता है।

भू-संपदा अपीलीय...

किसी भी आदेश, निर्देश या निर्णय के खिलाफ अपील सुनता है। अधिकरण को सिविल कोर्ट की तरह मामलों की सुनवाई के दौरान गवाहों को समन भेजने, उनकी गवाही लेने, और आवश्यक दस्तावेज मंगवाने का अधिकार होता है। अधिनियम के अनुसार, अधिकरण का प्रयास यह होता है कि उसके पास आने वाली अपीलों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर (सामान्यतः 60 दिनों के भीतर) किया जाए।

तकनीक के साथ उद्योग एवं व्यापार...

विचार रखेंगे। विशेष रूप से आमंत्रित अतिथि एआई ट्रेनर लक्षित सेठिया और बिजनेस कोच अखिल एम बस्तर के व्यापारियों को आधुनिक तकनीक से किस तरह व्यापार को 100 प्रतिशत तक बढाया जा सकता है, यह बताएंगे। चेम्बर अध्यक्ष श्याम सोमानी ने बताया कि प्रातः 10 बजे दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम शुरू होगा जो शाम 6 बजे तक चलेगा। प्रश्नोत्तर कार्यक्रम भी होगा जिसमें स्थानीय व्यापारियों को महत्वपूर्ण टिप्स मिलेंगे और शंकाओं का समाधान हो सकेगा।

'दक्षिण को हक दो, हम भारत का भविष्य देंगे : शिवकुमार

बेंगलुरू। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने परिसीमन को लेकर बड़ी मांग रखी है। तमिलनाडु के महाबलीपुरम में हुई 31वीं दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में उन्होंने कहा कि लोकसभा की 543 सीटों की संख्या अगले 25 साल तक बरकरार रखी जानी चाहिए। इसके लिए 1971 की जनगणना को आधार बनाए रखने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि 'हमारे साथ चलें. हमें सही तरीके से फंड दें, और साउथ को उसका हक दें. हम इंडिया को उसका फ्यूचर देते रहेंगे।' कर्नाटक ने यह भी कहा है कि महिलाओं के लिए आरक्षण लागू किया जाए, लेकिन इसके लिए लोकसभा की कुल सीटों की संख्या बढ़ाने की जरूरत न पड़े. यानी महिलाओं का आरक्षण मौजूदा 543 सीटों के भीतर ही दिया जाए। शिवकुमार ने कहा कि कर्नाटक किसी शिकायत के साथ नहीं आया है।

राशिफल

मेष परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

वृष कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

मिथुन लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

कर्क सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

सिंह कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

कन्या आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

तुला व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

वृश्चिक पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

धनु जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

मकर व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कुंभ नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

मीन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

कार्यालय, नगर पालिक निगम राजनांदगांव (छ.ग.)

// ई-निविदा सूचना //

क्रमांक/925/ ई-टेण्डर/ लोक-11 / 2026-27 राजनांदगांव, दिनांक 19.08.2026

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न कार्य हेतु आन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:

स. क्र	सिस्टम टेंडर नं.	कार्य का नाम	लागत राशि लाख रू.में	निविदा आनलाईन भरने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
1	197907	CONSTRUCTION OF RCC NALLAH FROM REWADIH CHOWK TO GOKUL NAGAR AT - RAJNANDGAON	250.00	10.09.2026
2	197466	CONSTRUCTION OF RCC NALLAH FROM LAKHOLI KANHARPURI TO MOHARA BYPASS AT - RAJNANDGAON	208.32	10.09.2026

उपरोक्त कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोक कर्म शाखा) एवं वेबसाईड www.mcrjn.com & https://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेडमेन्ट हेतु पृथक से विज्ञापन जारी नही किया जावेगा। वेबसाईड में ही प्रकाशित किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम राजनांदगांव

।। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला-दुर्ग ।।

ईश्तहार

रा.प्र.क./ 202608104700022/अ-6/2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अभितेश सिंह पिता राजेश सिंह उम्र-44 वर्ष निवासी प्लॉट नंबर 01. पुष्पक नगर, भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ०ग० के द्वारा स्थित भूमि मौजा जुनवानी प०ह०नं0 43, रा०नि०मं०- जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ०ग० में स्थित भूमि खसरा नंबर- 20/1 रकबा 0.0126 हे. 1365 वर्गफीट भूमि को विक्रेता बी.एण्ड.एस. रियेल्टर्स प्रा.लि.हेड ऑफिस न्यू दिल्ली डायरेक्टर हरबक्श सिंह बत्रा पिता स्व. गुरुबक्श सिंह बत्रा निवासी सिविल लाईन गोविन्द धाम रायपुर तहसील व जिला दुर्ग से रजिष्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 11/12/2023 को क्रय किया। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा हो तो वह नियत दिनांक 03/09/2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है । समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 18/08/26 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

जारी दिनांक- 18/08/2026
सुनवाई दिनांक- 03/09/2026

अति तहसीलदार
दुर्ग-01

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email Id: birgaonmcp@gmail.com http://www.nagarnigambirgaon.com

क्रं./2532/ न.पा.नि./लो.नि.शाखा/2026 बीरगांव, दिनांक 18/08/2026

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

e-Procurement Tender Notice (2nd Call)

नगर पालिक निगम बीरगांव द्वारा स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अन्तर्गत वार्ड क्रं. 06 अछोली वार्ड कार्यालय भवन के पास आकांक्षीय शौचालय निर्माण कार्य निविदा राशि रू. 24.20 लाख के लिए System Tender No. 197840 अनुसार लोक निर्माण विभाग में [Following work as per schedule of rates for Building works issued by Engineer-In-Chief PWD Raipur in force from 10.06.2026 And Building S.O.R. in force from 10.06.2026 amendments applicable upto date of issue of NIT.] से निविदा प्रपत्र "F" में लमसम दर पर (System Tender No. 197840, Bid Start Date 18.08.2026, Bid Due date. 03.09.2026, Physical Submission Last Date 09.09.2026, Open Date 10.09.2026) तक ई- निविदा आमंत्रित है। इच्छुक सक्षम पात्र निविदाकार, निविदा प्रपत्र, अनुमानित लागत राशि, नियम एवं शर्तें, धरोहर राशि, Key Date एवं विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निकाय कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे । साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com व संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी उपलब्ध है। इसे https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड/ प्राप्त कर ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा भरने की कार्यवाही कर सकते है।

"जय भारत जय छत्तीसगढ़" "Say No To Plastic Bags, Save Earth "जल है तो कल है" "Use e-mail Save Tree"

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पंचायत गुरूर जिला - बालोद (छ.ग.)

Email : nagarpanchayatgurur@gmail.com, Phone No: 07749-299800

ई-प्रोक्युरमेन्ट निविदा आमंत्रण तृतीय सूचना

Main Portal : http//eproc.cgstate.gov.in

क्र/640/लो.नि.वि. / ई - निविदा /न.पं./ 2026-27 गुरूर, दिनांक 20/08/2026

नगर पंचायत गुरूर क्षेत्रांतर्गत स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन घटक तहत निम्नानुसार कार्य के लिये छ.ग. के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग, छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा जारी प्रभावशील दर अनुसूची अनुसार प्रतिशत दर पर कार्य संपादन हेतु दिनांक 02/09/2026 तक ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	कार्य का नाम	टेण्डर सिस्टम नंबर	अनु. लागत (लाख में)	अमानत राशि (लाख में)	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि	प्रभावशील दर अनुसूची
01	02	03	04	05	06	07	08
01	Revamping of material Recovery Facility (MRF) including installation machinery and construction of compost plant municipal areas of Gurur chhattisgarh	197152	20.92	10500.00	द एवं उच्च वर्ग	06 माह	यथा संबंधित छ.ग. लो.नि.वि. के भवन एस.ओ.आर. 2015, रोड एस.ओ.आर. 2025 E &M एस.ओ.आर. 2020 (अद्यतन संशोधित) अनुसार पी.एच.ई. एस. ओ आर 2020

उपरोक्त कार्य का निर्धारित अमानत राशि, निविदा की सामान्य शर्तें, निविदा दस्तावेज व कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में नगर पंचायत गुरूर कार्यालय के लोक कर्म शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल Main portal:eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत गुरूर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भाटापारा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./अ-6 अ/वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) कार्यालय, डी.आर.एम. काम्पलेक्स, डब्ल्यू.आर.एस. कॉलोनी, रायपुर छ.ग. के पत्र क्रमांक दपूमरे/रा./इंजी/3एल.एस./274/नामांतरण/भाटापारा दिनांक 05.08.2026 में रेलवे की अधिग्रहित भूमि के संबंधित रिकार्ड, "दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल" के पक्ष में अभिलेख अद्यतन करने हेतु तहसील- भाटापारा के निम्नलिखित ग्रामों में स्थित शासकीय भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेखों में निम्नानुसार दर्ज है:-

क्र.	ग्राम	प.ह. नं.	ख.न.	रकबा हे. में	पांच साला अभिलेख क्षेत्रफल कॉलम 2 के अनुसार	पांच साला अभिलेख कैफियत कॉलम के अनुसार	खसरा पॉच साला खण्ड- (भूमि स्वामी का विवरण) के कॉलम 3 में कब्जेदार का विवरण में नाम उल्लेखित	दुरूस्ती अनुसार फार्म पी के कॉलम 3 कब्जेदार (नाम)
1.	कड़ार	07	1422 1423 1424	6.5480	सड़क रास्ता रेलवे लाईन	सड़क रास्ता रेलवे लाईन	शासकीय भूमि	दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल
2.	टेंहका	04	418	7.222	रेलवे सड़क	बी.एन.आर.	शासकीय भूमि	
3.	टेंहका	04	178	2.663	रेलवे सड़क	मिलकियत सड़क सरकार रेलवे	शासकीय भूमि	
4.	परसवानी	08	193	8.846	रेलवे सड़क	बंगाल नागपुर रेलवे	शासकीय भूमि	
5.	अकलतरा	08	264	12.862	रेलवे सड़क	रेलवे सड़क	शासकीय भूमि	

उपरोक्तानुसार तहसील भाटापारा अंतर्गत आने वाले उपरोक्त ग्राम में रेलवे की भूमि संबंधित ग्राम में रेलवे की भूमि से संबंधित ग्राम के पी-2 पांच साला अभिलेख, खसरा पांच साला खण्ड-1 भूमि स्वामी विवरण की प्रति के साथ रेलवे से संबंधित उक्तानुसार ग्राम के वर्तमान खसरे की भूमि स्वामी अभिलेख अद्यतन उपरोक्त फार्म पी-2 खसरा के कॉलम के अनुसार कॉलम में "दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल" में संशोधन किये जाने हेतु पत्र प्राप्त हुआ है । जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 07.09.2026 को सुनवाई हेतु नियत है ।

उक्त भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना है तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 07.09.2026 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त/दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया ।

अतिरिक्त तहसीलदार, भाटापारा
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

पीआर/आर/इंजी./(भूमि खंड)/एएन/183

कार्यालय नगर पंचायत टुण्डरा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

E-mail Id- nagarpanchayattundra@gmail.com

-: मैनुअल पद्धति से प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना :-

क्र./797/न.पं./लो.नि.शा./2026-27 टुण्डरा, दिनांक 20/08/2026

नगर पंचायत टुण्डरा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा 15वें वित्त आयोग अंतर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से त्रि-लिफाफा पद्धति से रजिस्टर्ड / पंजीकृत डॉक के माध्यम से निविदा प्रपत्र "A" अंतर्गत प्रचलित निम्न कार्य हेतु पी.डब्लू.डी. बिल्डिंग एस.ओ.आर. 10.06.2026 एवं रोड एस.ओ.आर. 15.06.2026, इलेक्ट्रिकल एस ओ आर 10.06.2026, पी एच ई एस ओर आर 2020 से प्रभावशील के प्रतिशत दर पर निविदा प्रपत्र वेबसाईट से डाउनलोड कर मुहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रारूप में पंजीकृत डॉक से निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि- 11/09/2026 दोप. 03:00 बजे तक
2. प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि- 11/09/2026 शाम 04:00 बजे से

क्र.	कार्य का विवरण	राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	एस.ओ.आर.	ठेकेदार की श्रेणी	प्रपत्र	कार्य पूर्ण करने की समयावधि
01	वार्ड क्रमांक 12 में पटेल धर्मशाला से पानी टंकी के सामने शक्ति तालाब रोड तक सी सी सड़क निर्माण कार्य	6.68	5050.0	750.00	PWD Road SOR 15.06.2026 Building SOR 10.06.2026	D & Above	"A"	04 माह
02	वार्ड क्रं. 15 में सुनाराम साहू घर से कीर्तन मंडली तक आर सी सी नाली निर्माण कार्य	2.99	3000.0	750.00	PWD Road SOR 15.06.2026 Building SOR 10.06.2026	D & Above	"A"	04 माह
03	वार्ड क्रं. 01 अवधराम के घर के सामने से तालाब तक सी सी रोड एवं आर सी सी कलवर्ट निर्माण कार्य।	3.24	3250.0	750.00	PWD Road SOR 15.06.2026 Building SOR 10.06.2026	D & Above	"A"	06 माह
04	वार्ड क्रमांक 03 में सी.सी. रोड टाप कार्य (बंशी पटेल घर से नरेन्द्र दास घर तक एवं पनित केंवट घर से जगमोहन देवांगन घर तक)	4.14	4150.0	750.00	PWD Road SOR 15.06.2026 Building SOR 10.06.2026	D & Above	"A"	04 माह
05	वार्ड क्रमांक 02 में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य सोहन देवांगन क्रासिंग पुलिया तक (बरपाली रोड)	6.31	5000.0	750.00	PWD Building SOR 10.06.2026	D & Above	"A"	04 माह
06	वार्ड क्रमांक 06 में गंगाराम घर के पास कलवर्ट एवं सी सी सड़क निर्माण कार्य	2.99	3000.0	750.00	PWD Road SOR 15.06.2026 Building SOR 10.06.2026	D & Above	"A"	04 माह
07	वार्ड क्रमांक 04 में भागीरथी पटेल से धनीराम देवांगन नहर तक आर सी सी नाली निर्माण कार्य	4.17	4200.0	750.00	PWD Building SOR 10.06.2026	D & Above	"A"	04 माह
08	वार्ड क्रमांक 02 मुरली देवांगन से गांधी रोड पुल तक सी सी रोड निर्माण कार्य	3.72	3750.0	750.00	PWD Road SOR 15.06.2026 Building SOR 10.06.2026	D & Above	"A"	04 माह
09	वार्ड 01/14 मेनरोड के किनारे सी सी रोड निर्माण कार्य (दोनो ओर)	6.35	5000.0	750.00	PWD Road SOR 15.06.2026 Building SOR 10.06.2026	D & Above	"A"	04 माह
10	वार्ड 15 दौलत राम पटेल घर से शिवराम पटेल तक सी सी रोड नि

बीआईटी रायपुर और अदाणी सीमेंट की साझेदारी से छात्रों के लिए खुलेंगे करियर के नए द्वार



रायपुर। भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) रायपुर और अदाणी सीमेंट फ्यूचर एक्स के बीच विद्यार्थियों को उद्योग से जोड़ने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे। एमओयू के तहत विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण, विशेषज्ञ व्याख्यान, इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के क्षेत्र में सहयोग किया जाएगा। इस साझेदारी से विद्यार्थियों को उद्योग जगत की कार्यप्रणाली को करीब से समझने, व्यावहारिक अनुभव हासिल करने और रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम में बीआईटी ट्रस्ट के सदस्य सचिव आई.पी. मिश्रा, प्राचार्य डॉ. आर.के. मिश्रा सहित वरिष्ठ शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। अदाणी सीमेंट की ओर से क्षेत्रीय प्रमुख एवं तकनीकी सेवाएं अरुण चतुर्वेदी ने सहभागिता की। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने इस साझेदारी को संस्थान एवं विद्यार्थियों दोनों के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी बताया।

बेहतर करियर के अवसर मिलेंगे

मिश्रा ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सहयोग आने वाले समय में शिक्षा जगत और उद्योग जगत के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य करेगा तथा विद्यार्थियों के लिए उद्योग-उन्मुख शिक्षा एवं बेहतर करियर अवसरों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

रायपुर में 22-23 अगस्त को सजेगा सोलर महाकुंभ 'संवाद 2026'



रायपुर। छत्तीसगढ़ सोलर वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से 22 और 23 अगस्त को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सोलर एवं रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र का बड़ा आयोजन 'संवाद 2026' होगा।

'वन विजन, वन प्लेटफॉर्म, एन्डलेस ऑपर्च्यूनिटीज' और 'संवाद से समाधान' की थीम पर होने वाले इस आयोजन में प्रदेशभर से 1,500 से अधिक उद्योग प्रतिनिधियों के जुटने की संभावना है। 22 अगस्त को उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे सहित क्रेडा, सीएसपीडीसीएल और चैंबर ऑफ कॉमर्स के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। वहीं 23 अगस्त को समापन एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह होंगे। अध्यक्ष संतोष मिश्रा ने बताया कि आयोजन में 45 से अधिक स्टॉल्स वाला ग्रैंड सोलर एग्जीबिशन आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसमें सोलर मॉड्यूल, इनवर्टर, बैटरी व एनर्जी स्टोरेज सिस्टम, माउंटिंग स्ट्रक्चर, केबल्स, बीओएस कंपोनेंट्स और ईवी चार्जिंग सॉल्यूशन प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके साथ तकनीकी सेमिनार, पैनल डिस्कशन, प्रोडक्ट डेमॉन्स्ट्रेशन और बी2बी नेटवर्किंग के जरिए उद्योग से जुड़े मुद्दों और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा होगी। प्रेसवार्ता में अध्यक्ष संतोष मिश्रा, उपाध्यक्ष पीतांबर गुप्ता, सचिव रितेश कुमार खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष लतीश जुमनानी, इवेंट ऑर्गेनाइजर हेड रितिक अग्रवाल एवं रोहन लूथरा, मेंबरशिप कमेटी हेड रविंद्र मिश्रा और डायरेक्टरी हेड सुयश तिवारी उपस्थित थे।

मॉडर्ना की कैंसर वैक्सीन की धूम शेयर एक ही दिन में 135% उछला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बायोटेक्नोलॉजी कंपनी मॉडर्ना के शेयर में इंट्रा-डे के दौरान चौंकाने वाली तेजी आई है। इस शेयर में बुधवार को 135 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। इस जबरदस्त उछाल के कारण मॉडर्ना के शेयर 149.63 डॉलर तक पहुंच गए। बता दें कि पिछले कारोबारी सत्र में शेयर 62.96 डॉलर पर बंद हुआ था। यदि किसी निवेशक ने एक लाख रुपए निवेश किए वह 2,77,000 रुपए हो गए। शेयर में इस जोरदार तेजी की वजह मॉडर्ना और मर्क द्वारा विकसित की जा रही एक पर्सनलाइज्ड mRNA कैंसर वैक्सीन के उत्साहजनक क्लिनिकल ट्रायल नतीजे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, वैक्सीन ने त्वचा के कैंसर यानी मेलानोमा के दोबारा होने और शरीर के दूसरे हिस्सों में फैलने के जोखिम को कम करने में सफलता हासिल की है। शेयर में भी तगड़ा उछाल आया और यह करीब 11 फीसदी की तेजी के साथ लगभग 150.14 डॉलर तक पहुंच गया।



मॉडर्ना के फाउंडर की दौलत में उछाल

मॉडर्ना के शेयर में आई जबरदस्त तेजी की वजह से कंपनी के को-फाउंडर रॉबर्ट लैंगर फिर से अरबपति बन गए हैं। जानकारी के मुताबिक रॉबर्ट लैंगर की मॉडर्ना में लगभग 3 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कीमत बढ़कर लगभग 1.7 अरब डॉलर हो गई जबकि एक दिन पहले यह लगभग 730 मिलियन डॉलर थी। 2 जनवरी को जब मॉडर्ना के शेयर 29.81 डॉलर के निचले स्तर पर थे तब उनकी हिस्सेदारी की कीमत लगभग 343 मिलियन डॉलर थी।

दूसरे को-फाउंडर नौबार की संपत्ति 2.1 बिलियन डॉलर हुई:

शेयर में ताजा उछाल के कारण मॉडर्ना के एक अन्य सह-संस्थापक नौबार अफेयन की अनुमानित संपत्ति लगभग 184 मिलियन डॉलर बढ़कर 2.1 बिलियन डॉलर हो गई। मॉडर्ना के मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्टीफन बैंसल की संपत्ति लगभग 2.5 बिलियन डॉलर बढ़कर 4.8 बिलियन डॉलर हो गई।

परीक्षण 'कीटूडा' नाम की दवा के साथ

मॉडर्ना की वैक्सीन का परीक्षण 'कीटूडा' नाम की कैंसर दवा के साथ किया गया। इसे **mRNA** कैंसर वैक्सीन का पहला सफल लेट-स्टेज ट्रायल माना जा रहा है। इस अध्ययन में कुल 1,137 हाई-रिस्क मरीजों को शामिल किया गया था। इनमें स्टेज **IIB** से स्टेज **IV** तक के मेलानोमा मरीज थे, जिनकी सर्जरी हो चुकी थी। कंपनियों ने कहा कि ट्रायल के दौरान कोई नई सुरक्षा संबंधी बड़ी चिंता सामने नहीं आई है। मर्क के रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रमुख डेन ली के मुताबिक, कंपनियां आने वाले कुछ महीनों में नियामकीय मंजूरी को लेकर अधिकारियों के साथ बातचीत शुरू करने की उम्मीद कर रही हैं। हालांकि, मॉडर्ना ने अभी इस उपचार की कीमत तय नहीं की है।

शेयर बाजार में तेजी सेंसेक्स 628 अंक चढ़ा

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 628 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी सात दिन से जारी गिरावट से उबरते हुए 153 अंक के लाभ में रहा। वैश्विक बांड प्रतिफल में नरमी के साथ जोखिम लेने की धारणा मजबूत होने से दुनिया के लगभग सभी प्रमुख बाजारों में तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 628.04 अंक की बढ़त के साथ 77,537.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 701.43 अंक बढ़कर 77,611.11 अंक तक पहुंच गया था।

निफ्टी भी सात दिन की गिरावट से उबरते हुए 153.55 अंक की बढ़त के साथ 24,231.85 अंक पर बंद हुआ। अमेरिकी वित्त विभाग के वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल में तेजी को नियंत्रित करने के कदम से बाजार को राहत मिली। और घरेलू बाजार में एक सप्ताह से जारी गिरावट पर विराम लगा। उन्होंने कहा, ''इस हस्तक्षेप से डॉलर की विनिमय दर में गिरावट आई। साथ ही रुपये में मजबूती और बॉन्ड प्रतिफल में नरमी से उभरते बाजारों में निवेश की आकर्षण क्षमता बढ़ी है।''

सोना तीन माह के उच्च स्तर पर चांदी में 10,000 रुपए का उछाल

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में जबरदस्त तेजी आई। कमजोर अमेरिकी डॉलर के बीच निवेशकों के बहुमूल्य धातुओं की ओर रुख करने से सोना 4,300 रुपये बढ़कर तीन महीने के उच्चतम स्तर 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, और चांदी में 10,000 रुपये का उछाल आया। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 4,300 रुपये बढ़कर 1,62,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई।

बुधवार को यह 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। यह कीमती धातु 26 मई को इसी स्तर के आसपास रही थी, जब इसकी कीमत 1,62,400 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चांदी में भी इसी तरह की तेजी देखी गई और यह पहले के 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर सात सप्ताह के उच्चतम स्तर 2,45,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। चांदी का कारोबार तीन जुलाई को भी इसी स्तर के आसपास हुआ था, जब इसकी कीमत 2,45,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, ''अमेरिकी डॉलर और बांड प्रतिफल में भारी गिरावट के कारण बृहस्पतिवार को सोना दो महीने से अधिक समय के अपने उच्चतम स्तर के आसपास बना रहा।''

बिजनेस साइट

बीबीए प्लेसमेंट में गलगोटियाज की बड़ी छलांग, देश में दूसरे स्थान पर



ग्रेटर नोएडा। गलगोटियाज विश्व-विद्यालय ने टाइम्स ऑफ इंडिया में प्रकाशित टाइम्स बीबीए एजुकेशन रैंकिंग सर्वे 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए बीबीए प्लेसमेंट के मामले में देश में दूसरा स्थान हासिल किया है। विश्वविद्यालय पिछले साल छठे स्थान पर था। टॉप 70 बीबीए संस्थानों की सूची में भी विश्वविद्यालय नौवें से आठवें स्थान पर पहुंचा है, जबकि निजी बीबीए विश्वविद्यालयों में पांचवां स्थान हासिल किया है।

विश्वविद्यालय के अनुसार, 2026 के प्लेसमेंट अभियान में 1,250 से अधिक कंपनियों ने हिस्सा लिया और छात्रों को 5,500 से ज्यादा जॉब ऑफर मिले। अधिकतम पैकेज 60 लाख रुपए सालाना रहा, जबकि औसत पैकेज 5.4 लाख रुपए सालाना दर्ज किया गया। शीर्ष इंटर्नशिप में छात्रों को 1.25 लाख रुपए प्रतिमाह तक का स्टाइपेंड मिला। भर्ती करने वाली प्रमुख कंपनियों में इंफोसिस, कैपजेमिनी, कॉग्निजेंट, सिटी यूनियन बैंक, एक्सेंचर और ईवाई शामिल रहीं। विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने कहा कि यह उपलब्धि व्यावहारिक शिक्षा, इंडस्ट्री से जुड़ाव और छात्रों के वर्कप्लेस स्किल्स पर लगातार किए जा रहे प्रयासों का परिणाम है।

आदित्य बिड़ला कैपिटल स्वर्ण ऋण कारोबार में उतरी

मुंबई। आदित्य बिड़ला कैपिटल ने स्वर्ण ऋण कारोबार में कदम रखा है। इसके साथ ही कंपनी तेजी से बढ़ते स्वर्ण ऋण बाजार में अपनी मौजूदगी बढ़ाने वाले गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों की सूची में शामिल हो गई है। अन्य कंपनियों की तरह बिड़ला समूह ने इस कारोबार मे उतरने के लिए अधिग्रहण का रास्ता नहीं चुना है।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,वृत्त-बिलासपुर
निविदा आमंत्रण सूचना
विज्ञापन क्र. 45

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल वृत्त- बिलासपुर अन्तर्गत संभाग कोरबा में निक्षेप कार्य के तहत जिला कोरबा में (1) प्रस्तावित मॉडल उप पंजीयक कार्यालय कटघोरा का निर्माण कार्य का प्रथम (2) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उतरदा, ब्लॉक पाली में आवासीय भवन का शेष निर्माण कार्य का चतुर्थ (3) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रंजना, ब्लॉक कटघोरा में आवासीय भवन का शेष निर्माण कार्य का चतुर्थ ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित विस्तृत विवरण मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग कोरबा के मो.नं. 9907285405 पर संपर्क करें।
S-48819/1 उपायुक्त

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR Zone-10
Email:- rmczone10@gmail.com
e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in [1st Call]

NIT NO: 23 RAIPUR DATED: 20.08.2026

Online bids are invited for the following works up to **10.09.2026** at 17:30 hours.

Sr. No.	System Tender No.	Name of work/Description of work	Probable amount of contract
1	197481	रानी दुर्गावती वार्ड क्र.50 (नवीन वार्ड क्र.49) अंतर्गत राम मंदिर के पास नाला निर्माण कार्य फेस-02 हेतु अतिरिक्त राशि (अधोसंरचना मद)	93.10 Lakh

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** in from **20.08.2026** 17.30 **Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal. NIT Details and other document.

NOTE: - 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal., 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

ZONE COMMISSIONER
ZONE- 10 MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

टीचर
आवश्यकता है- शिक्षक/शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। विषय लेखा शास्त्र एंव संस्कृत का **नया सबेरा उ.मा.गोकुल नगर (राम नगर) रायपुर (36 गढ़) मों. - 9993453324.**(आरो-825)

सिक्योरिटीगार्ड
अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 20000 फील्ड अधिकारी 18000 कंप्यूटर ऑपरेटर 15000 -20000 टेंडर कार्य, मेस सुविधा ,आवास फ्री **संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016.**(आरो-815)

आवश्यकता है- सुरक्षागार्ड गनमैन, फिल्ड ऑफिसर, सिक्युरिटी सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई। वेतन 8000-20000 **पता- साईं सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 9893041578, 8085233213, 7223821623, 7440981254.**(आरो-41602)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

मार्केटिंग
आवश्यकता है- रियल स्टेट हेतु मार्केटिंग कार्य के लिए लड़को(उम्र 18 से 35) की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार + कमीशन, **पता - शंकरनगर, चौपाटी रायपुर (मिले - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक) 9098334681.**(आरो-209)

रिसेप्शनिस्ट/मैनेजर
आवश्यकता है- होटल रिसेप्शन के लिए 12 वीं पास लड़की की जरूरत है। रूम सर्विस के लड़के की जरूरत है रहने, खाने की व्यवस्था होटल मैनेजर अनुभवी **जानकी विहार भाटागांव संपर्क :- 8719082151.**(आरो-827)

ड्रायवर
आवश्यकता है- शंकरनगर ऑफिस में - (1)कार चलाने हेतु अनुभवी , कुशल ड्राईवर (2)ऑफिस बॉय की आवश्यकता है जो ऑफिस की साफ-सफाई व अन्य कार्यों में सहायता करें। बायोडाटा सहित **संपर्क करें:-** 9993011757 / 8878228031. (आरो-419)

शीघ्र आवश्यकता है- भिलाई 3 चरोदा के लिये एक ड्राइवर कि आवश्यकत है जो इनोवा कार चला सके कम से कम 3साल का अनुभव हो..वेतन 12000 से 15000 तक इस नंबर पर **संपर्क करें -** 7987160208.(आरो-4165)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

हाऊस कीपिंग
आवश्यकता है- हाउस कीपिंग – पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने हेतु), ऑफिस बॉय – **केवल रायपुर लोकल उम्मीदवार एवं कंसल्टेंसी वाले संपर्क करें :- मो.6232022676.** (आरो-309)

टेलीकॉलर
आवश्यकता है- 20 अनुभवी टारगेट ओरिएंटेड फीमेल टेलीकॉलर की वाहन बीमा हेतु वेतन 10000 + इन्सेंटिव। **सुंदर नगर चौक ऑर्बिट टॉवर रायपुर** SCI **इन्सुरेंस मोबा. नं. 9617788009.**(आरो-0163)

एकाउन्टेंट
आवश्यकता है- एकाउन्टेंट चाहिए न्यूनतम 10 वर्ष का रिटेलइंडस्ट्री में TALLY का अनुभव **जगदम्बा फर्नीशिंग जवाहर मार्केट पावर हाऊस भिलाई फोन.- 83198-62525.**(आरो न.-4167)

घरेलु कार्य /आया
आवश्यकता है- जनता कॉलोनी, देवेन्द्र नगर रायपुर में घरेलू कार्य हेतु फुल टाइम घर में ही रहकर काम वाली एक महिला तथा बच्चों की देखरेख हेतु एक आया की आवश्यकता है। दोनों की रहने, खाने की उत्तम व्यवस्था। **सम्पर्क करें-** 9039100784.(आरो-41673)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

मैनेजर
आवश्यकता है- नौकरी की जगह खाली है पदः 10-15 ट्रकों के लिए फ्लीट/ट्रक मैनेजर जगहः तहसील आरंग, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ सैलरीः अनुभव के आधार पर 25,000 या उससे ज़्यादा WhatsApp : 9948417000.(आरो-829)

केयर टेकर
आवश्यकता है- आसीरवाद मातृछाया होमकेयर को ऑपरेशनल मैनेजर की आवश्यकता है। बेबीकेयर होमकेयर कृटीकल पेसेंट के लिए लेडिस केयर टेकर की आवश्यकता है। रहने, खाने की सुविधा, शैक्षणिक योग्यता 10 th to 12 th **संपर्क 7509191133, 9630757513.**(आरो-4797)

टेक्निशियन
आवश्यकता है- बजाज इलेक्ट्रिकल्स के ऑथराइज्ड सर्विस सेंटर रायपुर में कार्य हेतु टेक्निशियन की, जिन्हें पंखा, कूलर, इंडक्शन, प्रेस, गीजर आदि बनाना आता हो, एवं यूरेका फोर्ब्स के आरओ बनने हेतु टेक्नीशियन की सैलरी योग्यतानुसार +मोबाईल रिचार्ज **संपर्कः- 7354913595.** (आरो-059)

सेल्सगर्ल
आवश्यकता है- एक सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता है वेतन 10000 से स्टार्ट ओम ज्वैलर्स शॉप नंबर 64 बी प्रिया सिंगार सदन के सामने इंदिरा मार्केट दुर्ग (आरो-4164)

हरिभूमि क्लासीफाईड

दुकान कार्य
आवश्यकता है- किराने के दुकान में कार्य करने के लिए लड़के- लड़कियों की आवश्यकता है **पता- वर्षा प्रोविज़न स्टोर, महावीर स्वीट्स के बाजू में, भाटागांव, रायपुर संपर्कः- 9329880007.**(आरो-056)

Property प्रापर्टी
बेचना है- टाटीबंध रायपुर प्राइम लोकेशन में 41,000 वर्गफीट प्रॉपर्टी बिक्री हेतु बाउंड्री वॉल, गेट, दो रोड फ्रंट, वेस्ट फेसिंग, टाटीबंध चौक लोकेशन में इस्कॉन मंदिर के मेनरोड पर GE Road से डायरेक्ट कनेक्टिविटी, शोरूम, वेयरहाउस, ऑफिस, एवं अन्य कमर्शियल उपयोग के लिए उपयुक्त **संपर्कः- श्री बालाजी प्रॉपर्टीज, रायपुर** Roshan Agrawal **8878008500.**(आरो-058)

प्लाट
प्लॉट बेचना है - आदिवासी डायवर्टेड प्लॉट 40 x 60 दो तरफ रोड अम्बेडकर नगर वार्ड 58 उरला दुर्ग (छ.ग.) **संपर्क मों. नं.- 91797-81134.**(आरो-327)

बेचना है- टाटीबंध में प्राइम कमर्शियल प्रॉपर्टी बिक्री हेतु 10,000 वर्गफीट का विशाल पूर्वमुखी प्लॉट 210 फीट फ्रंट एवं 48 फीट डेप्थ, बिजनेस के लिए प्राइम लोकेशन में शानदार अवसर यूनियन बैंक के पीछे, शिवनाथ Hyundai के पास, SHOWROOM, OFFICE, WARE-HOUSE, COMMERCIAL USE हेतु **संपर्कः- श्री बालाजी प्रॉपर्टीज,** रायपुर Roshan Agrawal **8878008500.**(आरो-057)

Finance फायनेंस
फाइनेंस - रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर - (50,000/- से 25 लाख तक)(1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिज़नेस, दुकानदारी, ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, **संपर्क -** 9311830460.(आरो-4200)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ



ASTROLOGY ज्योतिष

ज्योतिष तांत्रिक विशेषज्ञ
पति-पत्नि में अनबन, प्रेम विवाह, राजयोग, धनयोग, विवाह योग, संतान योग, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष प्रश्नोता, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा अन्य प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
चुनाव विजय हेतु संपर्क करें।
तांत्रिक सम्राट
डॉ. जे.पी. दुबे
एम.पी.एच.डी. (गोल्ड मेडलिस्ट)
गली नंबर-3, शुभकामना हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर
96302-33918, 9238384295
नोट: भूत, भविष्य, वर्तमान की जानकारी प्राप्त करें।
स्वामी जी प्रत्येक दिन रायपुर में मिलेंगे।
आने से पूर्व एपाइंटमेंट अवश्य लें।

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी बात-चीत पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेने व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के फलीभूत और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
हरिभूमि क्लासीफाईड

RAIPUR SMART BUSINESS
GST ITR फाइल बनवाएं मात्र 500/-
25 वर्ष का अनुभव
• CMA Data • Balance Sheet • प्रोजेक्ट रिपोर्ट • फूड लाइसेंस • Income Tax Audit • TDS रिफंड
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार हैं।
संपर्क: शेखर गुप्ता RIFCO Tax Consultants
C-74, सेक्टर- 1 आदर्श विद्यालय के पीछे, देवेन्द्र नगर, रायपुर
Whatsaap पर बनवाएं 9300755544, 8878655544

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हॉकी विश्व कप : मैच भारतीय समयानुसार रात 9.30 से

भारतीय टीम के लिए 'नॉकआउट' की तरह ही होगा दूसरा दौर, पहला मुकाबला नीदरलैंड से!

एजेंसी ▶▶ एम्सटेलवीन

हॉकी विश्व कप के आखिरी पूल मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराकर दूसरे दौर पहुंची भारतीय पुरूष हॉकी टीम की राह अब आसान नहीं होगी और पहले ही मैच में शुक्रवार को उसका सामना पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीदरलैंड से हो सकता है जिसमें गलती की कोई गुंजाइश नहीं होगी।

पाकिस्तान के खिलाफ 3-0 और 4-1 से बढत बनाने के बाद जिस तरह से भारत ने पकड़ ढीली की, वह नीदरलैंड जैसी टीमों के खिलाफ भारी पड़ सकती है। भारत ने पूल डी में वेल्स को 3 -1 से और पाकिस्तान को 5-3 से हराया जबकि इंग्लैंड से 2 -4 से हार गई। मैच भारतीय समयानुसार रात 9.30 से शुरू होगा।



नए प्रारूप के अनुसार ऐसे खेले जाएंगे मैच

नये प्रारूप के तहत पूल डी की दोनों शीर्ष टीमें और पूल ए की दो शीर्ष टीमों से पूल ई बना है जिसमें से पहली दो टीमें सेमीफाइनल में जायेंगी। वहीं पूल बी और सी की शीर्ष दो टीमें पूल एफ में एक दूसरे से खेलेंगी और पहले दो स्थान की टीमें अंतिम चार में पहुंचेंगी। पहले चरण में इंग्लैंड से हारने के कारण भारतीय टीम दूसरे दौर में उसके खिलाफ नहीं खेलेगी जबकि इंग्लैंड पहले दौर के तीन अंक लेकर इस दौर में पहुंची है। इसके मायने हैं कि भारत को बाकी दोनों टीमों से जीतना ही होगा।

हमें डिफेंस में सुधार करने की जरूरत है : कप्तान हरमनप्रीत

पाकिस्तान पर जीत के बावजूद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने स्वीकार किया था कि उन्हें डिफेंस में सुधार करने की जरूरत है । उन्होंने कहा था ,"हमें आगे के कठिन मैचों में लिये डीप डिफेंस बेहतर करना होगा । अगर 25 मीटर के भीतर गेंद मिल रही है तो उसे अपने पास रखना होगा। हमने बेवकूफाना गलतियां की जिस पर पाकिस्तान को गोल करने का मौका मिल गया। हमें इनसे सबक लेकर आगे बेहतर प्रदर्शन करना होगा।" अच्छी शुरूआत के बाद तीसरे या चौथे क्वार्टर में ढिलाई बरतने की कमजोरी इंग्लैंड और पाकिस्तान दोनों के खिलाफ नजर आई।

नीदरलैंड को 3-2 से मात दे चुका है भारत

भारतीय टीम के लिये अच्छी बात यह है कि उसने जून में रोटरडम में एफआईएच प्रो लीग के 2025-26 सत्र के आखिरी मैच में नीदरलैंड को 3 -2 से हराया था । पहला मैच इसी अंतर से हारने के बाद भारत ने ज़ुगराज सिंह, अभिषेक और राजिंदर सिंह जैसे युवा खिलाड़ियों के गोल के दम पर जीत दर्ज की थी । ये तीनों खिलाड़ी टीम का हिस्सा हैं और खासकर अभिषेक शानदार फॉर्म में हैं जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ दो बेहतरीन फील्ड गोल भी किये थे। वहीं कप्तान हरमनप्रीत अभी तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक पांच गोल कर चुके हैं और एक बार फिर उन पर बड़ा दारोमदार होगा जबकि 420 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह और 291 मैच खेल चुके फॉरवर्ड मनदीप सिंह से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

पूल ए में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम नीदरलैंड

पूल ए में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम नीदरलैंड फिलहाल शीर्ष पर है जिसे बृहस्पतिवार को जापान से आखिरी ग्रुप मैच खेलना है। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए नीदरलैंड का जीतना लगभग तय है क्योंकि जापान पहले दोनों मैच हारकर दौड़ से पहले ही बाहर हो चुका है। वहीं दूसरे मैच में विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज अर्जेंटीना का सामना 11 वीं रैंकिंग वाली न्यूजीलैंड से होगा जिसमें दूसरे दौर में जाने वाली एक और टीम का निर्धारण होगा। अर्जेंटीना और न्यूजीलैंड दोनों के नीदरलैंड से हारने के बाद तीन तीन अंक हैं लेकिन गोल औसत के आधार पर फिलहाल अर्जेंटीना दूसरे स्थान पर है। तीन ओलंपिक और तीन विश्व कप जीत चुकी नीदरलैंड को उसके गढ में हराने की चुनौती भारत के लिये आसान नहीं होगी। इसी मैदान पर 1973 में पहली बार विश्व कप जीतने वाली नीदरलैंड ने 1990 और 1998 में फिर खिताब जीता जबकि पिछले चार विश्व कप में भी वह दो बार रजत और दो बार कांस्य पदक जीत चुकी है।

बैडमिंटन : त्रीसा-गायत्री की जोड़ी विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने बृहस्पतिवार को जापान की सातवीं वरीयता प्राप्त रिन इवानागा और की नाकानिशी को सीधे गेम में हराकर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारत की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एकतरफा मुकाबले में रिन और नाकानिशी की विश्व में सातवें नंबर की जोड़ी को 21-16 21-12 से हराया।

शुरू से ही दोनों ने किया अच्छा प्रदर्शन

हाल में अर्जुन पुरस्कार पाने वाली त्रीसा और गायत्री ने शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया और अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम को कोई मौका नहीं दिया। यह भारतीय जोड़ी 2022 और 2023 में लगातार दो वर्ष ऑल इंग्लैंड ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची थीं। इस साल की शुरुआत में त्रीसा के टखने में चोट लगने के कारण यह जोड़ी कुछ टूर्नामेंट में नहीं खेल पाई थी।

सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में, सिंधू-आयुष हारे

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर विश्व चैंपियनशिप में तीसरा पदक जीतने की ओर एक कदम बढ़ाया लेकिन पीवी सिंधू और आयुष शेट्टी के एकल मुकाबलों से बाहर होने के कारण भारत को बड़ा झटका लगा। वर्ष 2022 और 2025 में दो कांस्य पदक जीत चुके सात्विक और चिराग ने प्री क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की दुनिया की 19वें नंबर की जोड़ी जुनैदी आरिफ और याप रॉय किंग को कड़े मुकाबले में 21-23, 21-19, 21-17 से हराया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का विश्व चैंपियनशिप में रिकॉर्ड छठा पदक जीतने का सपना टूट गया। उन्हें महिला एकल में चीन की दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झी यी के खिलाफ कड़े मुकाबले में 11-21, 21-15, 17-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

इंग्लैंड से ड्रॉ, भारतीय महिला टीम विश्व कप के दूसरे दौर में

एम्सटेलवीन। भारतीय महिला हॉकी टीम ने यहां अपने अंतिम पूल डी मुकाबले में इंग्लैंड के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेलकर महिला हॉकी विश्व कप के दूसरे दौर में जगह बना ली। इस ड्रॉ से भारत को एक अंक मिला जिससे उसके कुल पांच अंक हो गए। भारत पूल में चीन के बाद दूसरे स्थान पर रहा और अगले दौर के लिए क्वालीफाई किया। भारत ने विश्व कप अभियान की शुरुआत चीन के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ के साथ की थी। इसके बाद उसने दक्षिण अफ्रीका को 6-1 से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। चीन दो जीत और एक ड्रॉ के साथ सात अंक हासिल कर पूल में शीर्ष पर रहा। भारत के लिए अगले दौर में पहुंचने के लिए ड्रॉ ही पर्याप्त था। इंग्लैंड को कुल 11 पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन वह इनमें से किसी को भी गोल में नहीं बदल सका।

ओली-टंग ने लिए 5 विकेट हॉल, आधी-आधी बांटी गेंद

एजेंसी ▶▶ हेडिंग्ले

टेस्ट क्रिकेट में अमूमन जब कोई गेंदबाज 5 विकेट हॉल या उससे बेहतर प्रदर्शन करता है तो उस गेंद को अपने पास रख लेता है। हालांकि, पाकिस्तान और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच हुए मैच में दिलचस्प घटना घटी। दरअसल, हेडिंग्ले टेस्ट में इंग्लिश तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन और जोश टंग ने पाकिस्तान की पहली पारी में 5-5 विकेट लिए। इसके बाद दोनों गेंदबाजों ने गेंद को आधी-आधी बांट ली।



दोनों ने आधी-आधी गेंद को बताया यादगार उपहार

टंग ने 'टेस्ट मैच स्पेशल' से कहा, रोबो (रॉबिन्सन) ने कहा कि हम गेंद को आधा कर सकते हैं। ग्राउंडस्टाफ ने ऐसा कर दिया। मैंने ऐसा होते हुए पहली बार देखा है। मुझे यकीन है कि मैं इसे कहीं न कहीं जरूर लगाऊंगा। रॉबिन्सन ने कहा कि मैदान से लौटते समय यह आइडिया आया। टीम मैनेजर ने गेंद ग्राउंडस्टाफ के पास भेजी और 5 मिनट में आधी काट दी गई। दोनों गेंदबाजों ने इसे यादगार उपहार बताया।

ऐसी रही रॉबिन्सन और टंग की गेंदबाजी

रॉबिन्सन ने 18 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 51 रन देते हुए कुल 5 विकेट लिए। यह उनका कुल 5वां और पाकिस्तान के खिलाफ पहला 5 विकेट हॉल रहा। वहीं, टंग ने 9.1 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 46 रन देते हुए 5 सफलताएं हासिल की। यह उनके टेस्ट करियर का चौथा और पाकिस्तान के खिलाफ पहला 5 विकेट हॉल रहा। रॉबिन्सन-टंग पाकिस्तान के खिलाफ एक ही पारी में 5-5 विकेट लेने वाली इंग्लैंड की पहली तेज गेंदबाजों की जोड़ी बन गई।

ईस्ट बंगाल महिला टीम ने क्लब फुटबॉल में रचा इतिहास

गुआम की रोवर्स एफसी को 12-0 से हराकर



एजेंसी ▶▶ कोटा किनाबालू (मलेशिया)

ईस्ट बंगाल एफसी ने बृहस्पतिवार को एएफसी महिला चैंपियंस लीग 2026-27 के शुरूआती चरण में गुआम की रोवर्स एफसी को 12-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारत की टीम ने इतिहास रच दिया।

यह किसी भारतीय क्लब की एशियाई प्रतियोगिता (पुरुषों और महिलाओं के वर्ग) में सबसे बड़ी जीत है। ईस्ट बंगाल की पुरुष टीम ने 1985-86 एशियाई क्लब चैंपियनशिप में मालदीव के क्लब वेलेंसिया को 9-0 से हराया था जिसे ईस्ट बंगाल की महिला टीम ने पीछे छोड़ दिया गया है। इस जीत के साथ ईस्ट बंगाल ग्रुप चरण में पहुंचने से सिर्फ एक जीत दूर है। रविवार को उसका मुकाबला मलेशिया की सबाह एफए से होगा। ईस्ट बंगाल ने इस मुकाबले में भी शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा।

मोहन बागान डूरंड कप के फाइनल में, रविवार को फाइनल

शिलांग। विशाल कैथ एक बार फिर नायक बने, उन्होंने पेनल्टी शूटआउट में दो शानदार बचाव किए जिससे मोहन बागान सुपर जायंट ने डूरंड कप के दूसरे सेमीफाइनल में मौजूदा चैंपियन नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को 4-3 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। निर्धारित 90 मिनट तक दोनों टीमें 0-0 से बराबरी पर रहीं। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में मोहन बागान ने बाजी मार ली। अब मोहन बागान सुपर जायंट का सामना रविवार को फाइनल में अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल एफसी से होगा।

छग, झारखंड, हरियाणा व मप्र सेमीफाइनल में

पुणे। झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा और मध्य प्रदेश ने बृहस्पतिवार को यहां जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के डिविजन ए के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। झारखंड ने ओडिशा के खिलाफ निर्धारित समय में 1-1 से बराबरी के बाद शूटआउट में 4-3 से रोमांचक जीत दर्ज की। दूसरे क्वार्टर फाइनल में हरियाणा ने चंडीगढ़ को 3-1 से हराया। छत्तीसगढ़ ने उत्तर प्रदेश को 5-2 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश ने मणिपुर को 3-1 से हराया। सेमीफाइनल में झारखंड का सामना मध्य प्रदेश से जबकि हरियाणा की भिड़ंत छत्तीसगढ़ से होगी।

OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice

Main Portal : http://eproc. cgstate.gov.in

(3rd Call)

NIT NO: 143/15FC/RMC/2026 **RAIPUR DATED : 18/08/2026**

Online bids are invited for the following works of works up to 31/08/2026 at 17:30 hours.

System Tender No.	Name of Work	Amount of the Estimate	Cost of Tender form	Earnest Money Deposit	Time allowed for Completion
197940	Supply, Installaction, Testing Commissioning of 3 Nos. EV Charging Stations Identified Location of Raipur City (FY 2024-25)	90.01 Lakh	5,000/-	68,000/-	06 Monts

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh. e-Procurement Portal https: //eproc.cgstate.gov.in from 18/08/2026, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal.

Note:- (1) All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal (2) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. ***Help Desk at Toll Free No. 18004199140*** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in (3) For More Details please download NIT detaills. (4) Contacr Number- 7011421397

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

SUPERINTNDING ENGINEER
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा

ई-प्रोक्युरमेंट सूचना

ई० निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RDD/SD/SIMDEGA/03/2026-27

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

ग्रुप सं०	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	सिमडेगा जिला के बानो प्रखण्ड अन्तर्गत बिन्तुका पंचायत में जामुरसोया झरिया नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण।	344.51146	690000.00	10000.00	18 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **22.08.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में।**
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–**दिनांक 24.08.2026 से दिनांक 25.09.2026 को अपराह्न 3:00बजे तक**
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – **कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।**
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **26.09.2026 पूर्वाहन 11:00 बजे**
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– **कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा।**
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – **8083010040 (कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)**
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
सिमडेगा

PR 388021 Simdega (26-27)_D

कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर - 492018
फोन - 0771-2990592, Email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र. / बी-6/ मंडी जयरामनगर / 47-01 / 2026-27/ 2938 रायपुर, दिनांक 20/08/2026,

-:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::-

Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

कृषि उपज मंडी समिति जयरामनगर जिला बिलासपुर क्षेत्रांतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 15.09.2026, फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 22.09.2026

क्रं	कार्य का नाम / स्थल	निविदा राशि (लाख में)	एस.ओ.आर विवरण
1	**जिला बिलासपुर, कृषि उपज मंडी जयरामनगर क्षेत्रांतर्गतः**- ग्राम पंचायत नरगोड़ा (आवास पारा में), **सुकुलकारी** (गुड़ी चौक ग्राम लोहराबोर), **सोठी** (परसापाली मोहल्ला), **कुकदा** (देवराहा पारा), ग्राम पंचायत जोंधरा (संजय नगर), **गतौरा** (राठौर भवन स्कूल के पास), **बकरकुदा** (परमेश्वर मानिकपुरी के घर के पास), उडांगी, में **सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य** तथा ग्राम पंचायत **टिकारी** (जय स्तंभ चौक बाजार मोहल्ला के पास), **खपरी-ओ** (ट्रांसफार्मर के बगल में सूर्यवंशी मोहल्ला के पास), **बिनौरी** (सतनाम चौक पनखत्ती तालाब चबुतरा के पास), **केवटाडीह-टा** (स्कूल मोहल्ला), **रहटाटोर** (सतनामी मोहल्ला के पास), **किरारी** (सूर्यवंशी पारा बक्लीभाठा के पास), **सुकुलकारी** (पूर्व मा. शाला-आगनबाड़ी के पास), **भरारी** (सिद्ध बाबा मंदिर के पास मानिकपुरी मोहल्ला), **नवागांव-ह** (बाजार चौक), **जोंधरा** (अटल चौक नया बाजार के पास) में **सामुदायिक भवन निर्माण कार्य**।	196.36	लो.नि.वि. भवन कार्य दिनांक 01.01.2015 एवं विद्युत कार्य दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

सही/-सचिव
कृषि उपज मंडी समिति जयरामनगर
जिला बिलासपुर

सही/-
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति जयरामनगर
जिला बिलासपुर

S-48826/2

UCO BANK (A Govt. of India Undertaking) Honours Your Trust

अंचल कार्यालय, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल : Email: zoraipur.rec@uco.bank.in

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **भौतिक/सांकेतिक कब्जा** प्रतिभूत लेनदार यूको बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **11/09/2026** को **11.00 बजे** से दोपहर **5.00** बजे तक बकाया राशि की वसूली के लिए बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अन्य विवरण नीचे दिए गए हैं। **बयाना राशि** प्रस्तुत करने की अंतिम समय नीलामी **11/09/2026, 3.00 बजे** के पूर्व सुनिश्चित की गई है। **ई-नीलामी की तिथि व समय-** 11/09/2026 को सुबह 11.00 **बजे** से उपरान्ह **5.00 बजे** तक प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ।

संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 07/09/2026 एवं ई-नीलामी की तिथि: 11/09/2026

क्र. सं.	शाखा का नाम/ संपर्क विवरण	ऋणी एवं गारंटर का नाम	बकाया राशि / कब्जा का प्रकार	मांग सूचना/ कब्जा सूचना तिथि	संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य व बयाना राशि
01	Mangla Mr. Rohit Kumar Mob- 9770413913	श्री दुर्गेश्वर प्रसाद शर्मा	₹ 16.21 Lakh + ब्याज / सांकेतिक कब्जा	11/05/2025 / 11/08/2025	**संपत्ति के मालिक- श्री दुर्गेशवर प्रसाद शर्मा, संपत्ति का विवरण-** अमेरी प.ह.नं. 43 तहसील-तखतपुर, जिला- बिलासपुर डी-216 यदुनंदन नगर, तिफरा, बिलासपुर, प्लॉट एरिया- 960 वर्ग फुट प्लिंथ एरिया- 840 वर्ग फुट में स्थित भूमि व भवन।	18,71,000/- / 1,87,100/- / 25000/-
02		श्री ज्योतिर्मय रॉय अनिता रॉय एवं टोनिमो घोष	₹ 55.62 Lakh + ब्याज / सांकेतिक कब्जा	23/09/2025 / 09/12/2025	**संपत्ति-1, संपत्ति के मालिक- ज्योतिर्मय रॉय पुत्र स्व. तोमेश चंद रॉय,** फ्लैट नं.-101 प्रथम मंजिल जे.पी रेजिडेंसी, मौजा- तोरवा, शहीद हेमू नगर, वार्ड नं. 42, बिलासपुर तहसील व जिला-बिलासपुर, फ्लैट एरिया- 1023.66 वर्ग फुट।	Property-1 38,15,000/- / 3,81,500/- / 25000/-
	प्रॉपर्टी का प्रकार- जे.पी रेजिडेंसी में फ्लैट।				**संपत्ति-2, संपत्ति के मालिक- ज्योतिर्मय रॉय पुत्र स्व. तोमेश चंद रॉय** एवं **अनीता रॉय पत्नी- स्व. तोमेश चंद रॉय,** ख.नं. 122/15, प.ह.नं. 43, डोमुहानी, बिलासपुर, सफेद खदान रोड, नगीना स्कूल के बगल में, तहसील व जिला- बिलासपुर, प्लॉट एरिया- 2766 वर्ग फुट निर्मित क्षेत्र- 2732 वर्ग फुट में स्थित भूमि व भवन। प्रॉपर्टी का प्रकार- (G+2) मंजिला भवन।	Property-2 49,29,000/- / 4,92,900/- / 25000/-
03	Bhilai Sector-I Mr. Shubhash 9805510068	श्रीमती नेहा मिश्रा एवं स्वप्निल मिश्रा	₹ 17.46 Lakh + उस पर लागू ब्याज / भौतिक कब्जा	25.05.2024 / 07/08/2025	**स्वामित्व- नेहा मिश्रा पत्नी स्वप्निल मिश्रा,** ख.नं. 9296, प.ह.नं. 14/19, सोनिया रेसिडेंसी, रामनगर, अम्बेडकर नगर वार्ड, कोहका, भिलाई, तहसील व जिला- दुर्ग, फ्लैट नं. 204 द्वितीय तल) में स्थित आवासीय फ्लैट। **क्षेत्रफल- 598 वर्गफीट**	16,64,000/- / 1,66,400/- / 25,000/-
04	Civic Centre Bhilai (0298) Mr. Abhilash Tondon 9230500298	मेसर्स श्री शंकर इंटरप्राईजेस प्रोप. अंजना बसु पति श्री बिशाख बसु	₹ 12.57 लाख / भौतिक कब्जा	20.05.2022 / 28.07.2023	संपत्ति के मालिकः **श्री बिशाख बसु पिता- स्व. बी.एस.बसु, संपत्ति का विवरणः** फ्लैटः- एलआईजी 176, प्रथम तल, सेल्फ फायनेंस योजना के अंतर्गत प्लॉट नं. 372 मे निर्मित भवन, जुनवानी, दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छग) **क्षेत्रफल- 487 वर्गफीट.**	7,01,000/- / 70,100/- / 25000/-
05	Kohka Mr. Bijay Kumar Pradhan 7873007423	लक्ष्मी देवी सोनकर एवं राजेश सोनकर	₹ 10.60 Lakh / सांकेतिक कब्जा	10/10/2024 / 07/01/2025	**संपत्ति के मालिक- लक्ष्मी देवी सोनकरः** प्लॉट नंबर 37 एवं 38, कृपाल नगर, वार्ड नं. -9, कोहका पुरानी बस्ती, भिलाई, प.ह.नं. 14/19, ख. नं.-7273/35, तहसील व जिला दुर्ग, प्लॉट क्षेत्रफल- 480 वर्गफीट में स्थित आवासीय भवन।	18,11,000/- / 1,81,100/- / 25,000/-
06	Tri Junction Branch (1005) Mr. Amit Kumar Sahu 9230501005	जसबीर कौर	₹ 9.03 Lakh / भौतिक कब्जा	06/08/2018 / 12/02/2021	**संपत्ति के मालिकः श्रीमती जसबीर कौर के संपत्ति का विवरण-** एलआईजी- 90, प्रथम तल, दीनदयाल आवास योजना, मौजा- जुनवानी, दुर्ग, जिला- दुर्ग (छ.ग.) **क्षेत्रफल- 487 वर्गफीट**	6,30,000/- / 63,000/- / 25000/-
07		श्री खुर्शीद अहमद	₹ 4.79 Lakh / सांकेतिक कब्जा	27/08/2021 / 08/11/2021	**संपत्ति के मालिकः श्रीमती अख्तरी खातुन के संपत्ति का विवरण-** प्लॉट एन. 07, ब्लॉक नं. बी-2, लक्ष्मी नगर, सब्जी मंदिर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में एक मंजिला वाणिज्यिक भवन।	4,00,000/- / 40,000/- / 25000/-
08	MID CORPORATE Mr. Satish Kumr 09816087587	श्री चन्देश रायचुरा एवं भारती रायचुरा	₹ 24.01 लाख + ब्याज / सांकेतिक कब्जा	01/07/2025 / 29/09/2025	**संपत्ति के स्वामी- चंद्रेश रायचुरा** एवं **भारती रायचुरा,** चौथी मंजिल, मल्टी स्टोरी भवन, अशोका रतन, शंकर नगर, डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड नं. 27, रायपुर छ.ग. में स्थित संपत्ति फ्लैट नं. 402.	43,88,000/- / 4,38,800/- / 25000/-
09	Parsada Branch Mr. Arjun Ghosh 99932 56355	जफर खान मोती	₹ 27.67 लाख + ब्याज / सांकेतिक कब्जा	10/01/2025 / 28/03/2025	**संपत्ति के स्वामी- जफर खान मोती के संपत्ति का विवरण-** ख.नं. 655/23, प.ह.नं. 40, बिलासपुर, मौजा- तिफरा, रा.नि.मं.- सिरगिट्टी, विकासखंड-बिल्हा, भारतीय नगर, तैयबा मस्जिद के पीछे, बिलासपुर क्षेत्रफल- 1200 वर्गफीट, निर्मित क्षेत्रफल-770 वर्गफीट में स्थित आवासीय भवन।	47,70,000/- / 4,77,000/- / 25000/-
10	Jagdalpur Branch Mr. Jagjiban Nayak 94393 47578	सत्य प्रसाद रथ एवं उषा रानी रथ	₹ 20.93 लाख + ब्याज / सांकेतिक कब्जा	10/01/2025 / 28/03/2025	**संपत्ति के स्वामी- उषा रानी रथ के संपत्ति का विवरण-** प्रथम तल छ.ग. हाऊसिंग बोर्ड, अघनपुर, जगदलपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल- 716.93 वगफीट में स्थित फ्लैट नं. एमआईजी-33.	23,23,000/- / 2,32,300/- / 25000/-
11	MID CORPORATE Mr. Satish Kumar 09816087587	मेसर्स अग्रवाल आयरन एंड इंडस्ट्रीज	₹ 775.46 Lakh + ब्याज / सांकेतिक कब्जा	25/11/2025 / 06/02/2026	**संपत्ति- 1: संपत्ति के स्वामी- मेसर्स अग्रवाल आयरन इंडस्ट्रीज,** खसरा नं. 183, 184, 219, 220, 221, 224, 226, 228, 229, प.ह.नं. 74/13, बिलोरी, तहसील- जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ.ग.), कुल क्षेत्रफल 8.92 एकड़ में स्थित बाउंड्री वाली भूमि एवं शेड व प्लांट एवं मशीनरी।	Property-1 18,92,40,000/- / 1,89,24,000/- / 1,00,000/-
	संपत्ति- 2: संपत्ति के स्वामी- मेसर्स सिद्धांत इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि., खसरा नं. 221/2, पीसी नं. 105/59, चंगोराभाटा, डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड, रायपुर, छ.ग.। दस्तावेज नं. 3201(ग), दिनांक 30.03.2002, बुक नं. ए1, ग्रंथ नं. 26524, पेज नं. 32-49, क्षेत्रफल 15876 वर्ग फुट में स्थित बाउंड्री वॉल और उस पर बने कमरे के साथ भूमि।			Property-2 2,93,04,000/- / 29,30,400/- / 1,00,000/-

ई-नीलामी की तिथि एवं समयः 11/09/2026, सुबह 11:00 बजे से शाम 5.00 बजे तक एवं **संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समयः 07/09/2026, दोपहर 1:00 बजे से शाम 4:00 बजे** तक। बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए, कृपया **https://baanknet.com** पर दिए गए लिंक को देखें। इसके अलावा, संभावित बोलीदाता अधिक जानकारी के लिए ऊपर बताए गए शाखा प्रमुख से संपर्क कर सकते हैं। बैंक बिना कोई कारण बताए नीलामी प्रक्रिया को स्वीकार/अस्वीकार/रद्द करने का पूरा अधिकार सुरक्षित रखता है और इस संबंध में किसी भी प्रश्न पर विचार नहीं किया जाएगा।

यह प्रकाशन उपर्युक्त उधारकर्ताओं/गारंटीकर्ताओं/बंधककर्ताओं को 15 दिनों की नोटिस भी है।

दिनांक : 20.08.2026 स्थान : रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/यूको बैंक, रायपुर (छ.ग.)



चीन की बुलेट ट्रेन ने 5 सेकंड में पकड़ी 800 किमी की रफ्तार, बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

बीजिंग। चीन में एक एक्सपेरिमेंटल बुलेट ट्रेन ने एक्सीलरेशन (तेजी से रफ्तार पकड़ने) का अपना ही वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इस ट्रेन ने पांच सेकंड में जीरो से 800 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ी है। इससे अल्ट्रा-हाई-स्पीड ट्रांसपोर्टेशन का रास्ता खुल सकता है। चीन की ये कामयाबी अहम है, क्यों वह मेग्लेव के जरिए ना सिर्फ भारत की वंदे भारत जैसी ट्रेन से बहुत आगे निकल गया है, बल्कि विकसित देशों को भी पछाड़ रहा है। इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक, भारी-भरकम मैग्लेव ट्रेन हुबेई प्रांत में डोंगु लेबोरेटरी में एक किमी के टेस्ट-ट्रैक पर सिर्फ 5.3 सेकंड में 800 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती है। भारत में चीन के राजदूत जू फेइहोंग ने चीन के मैगलेव ट्रेन के लिए इसे एक बड़ी उपलब्धि कहा है।

मैग्लेव तकनीक से कमाल

मैग्लेव (मैग्नेटिक लेविटेशन) ट्रेन जमीन पर चलने वाली एक एडवांस्ड गाड़ी है। मैग्लेव ट्रेनें मैग्नेटिक फोर्स का इस्तेमाल करके पूरी ट्रेन को ट्रैक से थोड़ा ऊपर उठाती है। इससे वह फ्रिक्शन हट जाता है, जो शक्तिशाली इलेक्ट्रोमैग्नेट की मदद से गाइडवे के ऊपर तैरती है। पहिए और पटरी के बीच संपर्क ना होने से घर्षण (फ्रिक्शन) खत्म हो जाता है और ट्रैक के चारों ओर कॉइल से पैदा हुई मैग्नेटिक वेव गाड़ी को बढ़ाती है। इससे तेज रफ्तार बनती है। चीन ने दिखाया कि ट्रेन ना सिर्फ बहुत तेज स्पीड पकड़ती है, बल्कि अपने ब्रेकिंग सिस्टम से कंट्रोल होकर रुकती भी है।

तेज रफ्तार ट्रेन बनाने में चीन ने की है काफी तरक्की



कैसे रुकती है ये ट्रेन

चीन के इस ताजा परीक्षण में जीरो से 800 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ने के बाद ट्रेन करीब 200 मीटर के दायरे में धीरे-धीरे आराम से रुक गई। छह महीने में यह तीसरी बार था, जब एक ही ट्रेन ने कम दूरी की मैग्लेव एक्सेलरेशन का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा था। 1.1 टन की इस ट्रेन का पहला टेस्ट जून 2025 में किया गया था, जब इसने सात सेकंड में 650**km** प्रति घंटे की स्पीड पकड़कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। मैग्लेव ने बाद के टेस्ट में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया।

चीन की मैग्लेव ट्रेन

चीन और जापान में फिलहाल चल रही मैग्लेव ट्रेनें 320 किमी प्रति घंटे की स्पीड से चलती हैं। दुनिया की सबसे तेज कमर्शियल मैग्लेव ट्रेन चीन में फुक्सिंग रेल 350 कमी प्रति घंटे की टॉप स्पीड पकड़ती है। चीन की नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ डिफेंस टेक्नोलॉजी के रिसर्चर अल्ट्रा-हाई-स्पीड मैग्लेव ट्रेन बना रहे हैं। चीनी वैज्ञानिक कम प्रेशर या वैक्यूम ट्यूब के अंदर ट्रेन चलाने के लिए ऐसी ही अल्ट्रा-हाई-स्पीड मैग्लेव टेक्नोलॉजी डेवलप कर रहे हैं। हालांकि इन्हें भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

भारत की वंदे भारत ट्रेन

भारत की सबसे तेज चलने वाली ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस है। इसके अलावा गतिमान एक्सप्रेस भी सबसे तेज ट्रेल में शामिल है। इन रेलों की रफ्तार 160 किमी प्रति घंटा है। इसके अलावा दिल्ली एनसीआर में चलने वाली रैपिड रेल (**RRTS**) भी 160 किमी/घंटा की रफ्तार से चलती है। वंदे भारत एक्सप्रेस में अलग से लोकोमोटिव इंजन के बजाय इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (ईएमयू) स्व-चालित प्रणाली का उपयोग किया जाता है । यह तीव्र गति से 160 किमी/घंटा तक की रफ्तार पकड़ सकती है। यह शून्य से 100 किमी/घंटा की रफ्तार मात्र 52 सेकंड में हासिल कर सकती है।

रोचक खबरें

अब 20 दिन में उग आएंगे बाल नहीं रहेगा कोई टकला

ताइपे। गंजेपन की समस्या दुनिया भर में करोड़ों लोगों को परेशान करती है। पुरुष हों या महिलाएं, बाल झड़ने से आत्मविश्वास प्रभावित होता है। बाजार में अनगिनत हेयर ऑयल, शैंपू, दवाइयां और ट्रीटमेंट उपलब्ध हैं लेकिन ज्यादातर मामलों में संतोषजनक नतीजे नहीं मिल पाते। अब ताइवान के



वैज्ञानिकों ने एक नई उम्मीद जगाई है। नेशनल ताइवान यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं का दावा है कि उन्होंने ऐसी तकनीक विकसित की है जिससे 20 दिन में बाल उगने शुरू हो सकते हैं। शोध टीम ने पाया कि त्वचा के नीचे मौजूद फैट सेल्स कुछ खास फैटी एसिड छोड़ते हैं जो सुप्त पड़े हेयर फॉलिकल स्टेम सेल्स को सक्रिय कर देते हैं। उन्होंने मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड जैसे ओलिक एसिड और पामिटोलिक एसिड वाली एक टॉपिकल सीरम बनाई। चूहों पर किए गए प्रयोगों में सात दिन में स्टेम सेल्स सक्रिय हुए, दसवें दिन बाल दिखने लगे और करीब 20 दिन में काफी मात्रा में बाल उग आए। यह शोध सेल मेटाबॉलिज्म नामक प्रतिष्ठित जर्नल में प्रकाशित हुआ है।

एक नहीं, तीन बार बूढ़ा होता है शख्स, 34 साल की उम्र में आता है पहला बड़ा बदलाव

न्यूयार्क। आमतौर पर लोग मानते हैं कि इंसान पचास की उम्र पार करने के बाद बुढ़ापे की दहलीज पर पहुंचता है। बाल पकने लगते हैं, स्किन पर झुर्रियां पड़ती हैं और शरीर धीरे-धीरे कमजोर होने लगता है। लेकिन, अब विज्ञान ने



एक बेहद चौंकाने वाला तथ्य पेश किया है। नए शोध के मुताबिक इंसान अपनी पूरी जिंदगी में तीन बार बूढ़ा होता है। ये उम्र हैं 34, 60 और 78 साल। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने यह चौंकाने वाली खोज की है। उन्होंने हजारों लोगों के खून के प्लाज्मा का विश्लेषण किया. अलग-अलग उम्र के प्रतिभागियों के सैंपल लेकर उन्होंने पाया कि शरीर एक समान गति से नहीं बुढ़ाता बल्कि तीन अलग-अलग जैविक चरणों में अचानक बड़े बदलाव होते हैं। इन चरणों में प्रोटीन के बड़े समूह बहुत कम समय में नाटकीय रूप से बदल जाते हैं। शोध के अनुसार 34 साल की उम्र में पहला बड़ा बदलाव आता है। इस उम्र में मेटाबॉलिज्म और मांसपेशियों की कार्यप्रणाली प्रभावित होती है। शरीर की ऊर्जा बनाने और इस्तेमाल करने की क्षमता में बदलाव आने लगता है। मांसपेशियों की ताकत और रिकवरी पर भी असर पड़ता है। कई लोग इस उम्र में महसूस करते हैं कि पहले जैसी एनर्जी नहीं रही या व्यायाम के बाद थकान ज्यादा होने लगी है। दूसरा बड़ा बदलाव 60 साल की उम्र में होता है। इस चरण में हृदय संबंधी मार्कर्स यानी कार्डियोवैस्कुलर संकेतक अचानक बदल जाते हैं।

तेलंगाना के इस मंदिर में गणेश जी हर साल बढ़ते हैं, 200 साल में 6.5 फीट हुआ आकार

हैदराबाद। तेलंगाना के संगारेड्डी स्थित रेजिंथल गांव के सिद्धि विनायक मंदिर में भगवान गणेश की स्वयंभू मूर्ति का आकार हर साल तिल जितना बढ़ता है। 200 साल पहले छोटी शिला के रूप में प्रकट हुई यह मूर्ति अब 6.5 फीट ऊंची हो चुकी है। मंदिर की एक खास बात इसका दक्षिणमुखी होना भी है। जहां भक्त इसे बप्पा का साक्षात चमत्कार मानते हैं, वहीं कुछ लोग सिंदूर व चोला चढ़ाने के लेप को वजह बताते हैं। गणेश चतुर्थी पर यहां तेलंगाना, महाराष्ट्र व कर्नाटक से हजारों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। भारत में ऐसे कई ऐतिहासिक मंदिर हैं जो अपने अनूठे इतिहास और चमत्कारों के लिए पूरी दुनिया में जाने जाते हैं। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में जहीराबाद के पास स्थित रेजिंथल गांव का सिद्धि विनायक मंदिर भी इन दिनों अपनी एक अनोखी और रहस्यमयी मान्यता को लेकर श्रद्धालुओं के बीच गहरी आस्था का केंद्र बना हुआ है। इस मंदिर की सबसे हैरान करने वाली बात यहां स्थापित भगवान गणेश की दिव्य मूर्ति का निरंतर बढ़ता हुआ आकार है।



दक्षिणमुखी मूर्ति और अनूठी मान्यताएं

इस मंदिर की एक और बड़ी विशेषता इसका दक्षिणमुखी होना है। आमतौर पर हिंदू मंदिरों में देवी-देवताओं की प्रतिमाएं पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख किए होती हैं। दक्षिण की ओर मुख वाली गणेश प्रतिमाएं बेहद दुर्लभ मानी जाती हैं। श्रद्धालुओं का अटल विश्वास है कि दक्षिणमुखी सिद्धि विनायक के दर्शन करने से जीवन के बड़े से बड़े संकट टल जाते हैं और सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

प्राकृतिक शिला के रूप में हुई थी प्रकट

स्थानीय धार्मिक मान्यताओं और मंदिर के पुजारियों के अनुसार यह स्वयंभू प्रतिमा हर साल एक राई या तिल के दाने जितनी बढ़ती है। कहा जाता है कि जब लगभग 200 साल पहले यह प्रतिमा पहली बार एक प्राकृतिक शिला के रूप में प्रकट हुई थी, तब इसका आकार काफी छोटा था। लेकिन समय के साथ-साथ इसका कद धीरे-धीरे बढ़ता गया और आज यह दिव्य मूर्ति लगभग 6.5 फीट की भव्य ऊंचाई तक पहुंच चुकी है। हर साल आकार में होने वाले इस सूक्ष्म बदलाव को भक्त भगवान श्री गणेश का साक्षात चमत्कार मानते हैं।

स्वेज नहर के पास शिलालेख से मिला सबूत

मिस्र में बड़ी कामयाबी, मिला हजारों साल पहले खोया शहर मसन

काहिरा। पुरातत्वविदों को एक बड़ी कामयाबी मिली है। एक हालिया खोज के आधार पर पुरातत्वविदों का मानना है कि उन्होंने मिस्र का खोया हुआ शहर 'मसन' खोज लिया है। यह प्राचीन मिस्र का एक शहर था, जिसका जिक्र 3,000 साल से पहले के लेखों में मिलता है। इसकी जगह का पता लंबे समय से नहीं चल पाया था। अब स्वेज नहर के पास मिले बलुआ पत्थर (सैंडस्टोन) के शिलालेख ने तकरीबन 140 साल पुरानी बहस में नया सबूत जोड़ दिया है। इससे इस बात की संभावना बढ़ी है कि टेल अबू सेफी ही



प्राचीन समय में मसन था। नेशनल न्यूज के मुताबिक, मिस्र की एक पुरातत्व टीम को इस्माइलिया प्रांत में स्वेज नहर के पास कंतारा ईस्ट में 'टेल अबू सेफू' में इस शहर (मसन) के नाम वाला एक शिलालेख मिला है। यह बलुआ पत्थर के लिंटेल के एक बड़े टुकड़े पर खुदा हुआ है।

खुदाई से बदलेगा नजरिया

इस खुदाई से इस पूरी जगह को समझने का नजरिया बदल गया है। पहले मिट्टी की ईंटों से बनी एक बड़ी दीवार को मंदिर का हिस्सा माना जाता था। पुरातत्वविदों का अब मानना है कि यह दीवार पूरे मंदिर परिसर को घेरे हुए थी और इसे कई बार बढ़ाया गया था। टीम को किलेबंद इलाके के बाहर से मंदिर की ओर जाने वाली दो पत्थर की सड़कें भी मिलीं।

1887 की खोज में नया पड़ाव

यह सवाल 1887 से चल रहा है, जब 'टेल अबू सेफी' में ऐसे पत्थर मिले थे जिन पर रामसेस द्वितीय का नाम और मेसेन के होरस का जुक्र था। जेम्स हॉफमेयर और स्टीफन मोशियर की 2013 की एक स्टडी में बताया गया कि पहले की खुदाई में रामसेस द्वितीय के समय वहां लोगों के रहने का कोई सबूत नहीं मिला था। ये पत्थर शायद पास के टेल हेबुआ से लाए गए थे, जिसे अब 'जारू' के तौर पर पहचाना जाता है। मंत्रालय का कहना है कि हाल ही में मिला शिलालेख टेल अबू सेफी वाली थ्योरी में नए सबूत जोड़ता है। इस पहचान की पुष्टि हो जाती है तो मसन को होरस मिलिट्री रोड पर स्थित माना जाएगा। यह मिस्र से सिनाई और प्राचीन कनान तक जाने वाला मुख्य सैन्य और व्यापारिक मार्ग था। इससे पुरातत्वविदों को यह समझने में मदद मिलेगी कि देश की पूर्वी सीमा की सुरक्षा और प्रशासन कैसे किया जाता था।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com